

27:06:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 174 epaper.rashtriyakhabar.com आषाढ़, शुक्लपक्ष नवमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

पुस्तकप्रत्ययाधीतं नाधीतं गुरुसन्निधौ।
सभामध्ये न शोभन्ते जानगर्भा इव स्त्रियः॥

**भावार्थ :** जिन व्यक्तियों ने गुरु के पास बैठकर विद्या का अध्ययन नहीं किया वरन् पुस्तकों से ही ज्ञान प्राप्त किया है, वह विद्वान लोगों की सभा में उसी तरह सम्मान प्राप्त नहीं करते, जिस प्रकार दुष्कर्म से गर्भ धारण करनेवाली स्त्री का समाज में सम्मान नहीं होता।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 24.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18 .38 बजे

सूर्योदय (कल) » 05 .04 बजे

## भीड़ ने अस्पताल में की तोड़फोड़ की, डॉक्टरों पर किया हमला

**अगरतला :** त्रिपुरा में उनोकोटी जिले के कैला शहर के सिंगिरबिल में कनिका मेमोरियल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर खराब इलाज सुविधाओं और अपर्याप्त सेवा का आरोप लगाते हुए हिंसक भीड़ ने अस्पताल में तोड़ फोड़ की और डयूटी पर मौजूद डॉक्टरों की पिटाई की। रविवार देर रात हुई इस घटना के तुरंत बाद अस्पताल सेवा बंद कर दी गई है, जबकि तनाव कम करने के लिए पुलिस तैनात है। पुलिस ने हालांकि मामला दर्ज कर घटना की जाँच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। घायल चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यजीत दत्ता को अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित किया गया है और उनकी हालत खतरे से बाहर हैं। डॉक्टर दत्ता के चेहरे और सिर पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटना में मारे गये दो लोगों के शव और तीन घायलों को लेकर इलाके के लोग अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## 380 नकली सोने के बिस्कुट के साथ एक गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सोमवार को बारामूला जिले में 380 नकली सोने के बिस्कुट के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी की पहचान खानपोरा बारामूला निवासी जावीद अहमद डार के रूप में की गयी है, जिसे खानपोरा ब्रिज पर जांच के दौरान उस समय पकड़ा गया जब वह बारामूला बाजार से खानपोरा की ओर आ रहा था और पुलिस गश्त टीम को देखकर मौके से भागने की कोशिश की। तलाशी में उसके पास से 380 ग्राम वजन के 380 नकली सोने के बिस्कुट बरामद हुए । उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। आरोपी के खिलाफ बारामूला पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## आकाशीय बिजली गिरने से 10 की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के कुछ हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। राहत एवं बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार द्वारा संचालित बचाव संगठन रेस्क्यू 1122 ने कहा कि आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं पिछले 24 घंटों के दौरान प्रांत के शेखूपुरा और नारोवाल जिलों में हुईं, जहां भारी बारिश के बाद बिजली गिरने से कई घर भी धराशाही हो गए। घायलों को पास में ही स्थानांतरित कर दिया गया है , साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरे प्रांत में बचाव टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। जलवायु परिवर्तन मंत्री शेरी रहमान ने रविवार सुबह एक ट्वीट में कहा कि 30 जून तक पूरे देश में प्री-मानसून बारिश का अनुमान है, इस दौरान पंजाब के विभिन्न शहरों में तेज हवाएं, गरज और भारी बारिश की संभावना है।

## बांध ढहने से मरने वालों की संख्या 48 हुई

**मॉस्को :** खेरसॉन क्षेत्र में आने वाले कखोव्का बांध के हिस्से के नष्ट होने के कारण इस क्षेत्र में आयी बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गयी है, रूसी आपातकालीन सेवाओं के एक प्रवक्ता ने स्पूतनिक को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा, प्राप्त ताजा जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह तक, काखोव्का पनबिजली स्टेशन के टूटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 48 हो गई। निप्रो नदी पर काखोव्का बिजली संयंत्र का ऊपरी हिस्सा 5 जून से 6 जून की रात में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके ढहने से नदी के रूसी-नियंत्रित पूर्वी तट और यूक्रेनी-आधिपत्य वाले पश्चिमी तट पर स्थित शहरों में पानी का अनियंत्रित प्रवाह हुआ। मॉस्को और कीव ने बांध के विनाश के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहराया है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**विशेष रिपोर्ट**

भारत की अग्निपथ योजना से नेपाल के गोरखा युवक हताश

# वैगनर ग्रुप में शामिल हो रहे हैं नेपाली युवक

- देश में रोजगार के अवसर बहुत कम बचे हैं
- भारतीय सेना में प्रवेश का लाभ नहीं दिखा
- रूस में नागरिकता पाने का भी लोभ है इन्हें



राष्ट्रीय खबर

**पिथौरागढ़, उत्तराखंड:** नेपाल के युवकों के बारे में एक हैरान करने वाली सूचना आयी है। यह सिर्फ सूचना ही नहीं है बल्कि इससे संबंधित कई वीडियो भी अब सोशल मीडिया में वायरल हो चुके हैं। दरअसल नेपाल के गोरखा युवक अब रूस की निजी सेना वैगनर में योगदान देने लगे हैं। नेपाल में रोजगार के बहुत कम अवसर होने के बाद भारतीय सेना की अग्निवीर योजना से वे हताश हैं। इसलिए परिवार पालने के लिए इन युवकों ने यह नया रास्ता चुना है। नेपाली नागरिक रूसी निजी सैन्य कंपनी वैगनर समूह में भाड़े के सैनिकों के रूप में शामिल हो रहे हैं। उनमें से कुछ नेपाल सेना से सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। इस सूचना पर नेपाल सरकार सतर्क हो गई है क्योंकि उसका रूस के साथ कोई द्विपक्षीय समझौता नहीं है और मॉस्को में नेपाल दूतावास दावा कर रहा है कि युवा अपनी व्यक्तिगत क्षमता से जा रहे हैं। यह तब हुआ जब राष्ट्रपति पुतिन ने 16 मई, 2023 को एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए, जिससे इस युद्ध में शामिल होने वाले विदेशी नागरिकों के

» पेज 2 भी देखें

### नेपाल लौट जाएं और बेरोजगार हो जाएं या रूसी सेना में नौकरी करें

पिछले कुछ हफ्तों से टिकटॉक, टेलीग्राम और यूट्यूब जैसी सोशल मीडिया साइटों पर कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें नेपाली युवाओं को रूसी सेना में शामिल होते दिखाया गया है। कुछ वीडियो में नेपाली युवाओं को ट्रेनिंग करते देखा जा सकता है तो कुछ वीडियो में उन्हें ट्रेनिंग लोकेशन पर जाते देखा जा सकता है. इनमें से कुछ वीडियो खुद नेपाली युवाओं ने शूट किए हैं और कुछ अन्य लोगों ने बनाए हैं। इसकी छानबीन में एक युवक का भी पता चला, जो नेपाल के कोशी क्षेत्र से है। वह रूसी राज्य विश्वविद्यालय में पढ़ रहा था। उनका वीजा खत्म होने वाला था। वह अपने मित्रों को बताता है कि पढ़ाई खत्म करने के बाद उनके पास दो विकल्प थे। नेपाल लौट जाएं और बेरोजगार हो जाएं या रूसी सेना में नौकरी करें।

**मुलाकात** विदेश से लौटते ही मणिपुर की जानकारी ली प्रधानमंत्री मोदी ने

# मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अमित शाह से भेंट की

- कांग्रेस ने शांति बहाली प्रक्रिया को विभाजनकारी बताया
- राज्य के चिंगमैरोंग में उपद्रवियों ने दुकानें जला दीं
- शीर्ष आदिवासी निकाय ने सीएम से बात चीत खारिज किया
- दिव्यांगों का शांति और स्थायित्व की मांग करते हुए प्रदर्शन



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटीः** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा राज्य की मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के कुछ ही घंटों बाद 25 जून की आधी रात को उपद्रवियों ने चिंगमैरोंग में एक दुकान में आग लगा दी। देर रात 2 बजे तक पुलिस और अग्निशमन कर्मियों की त्वरित प्रतिक्रिया से आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान किसी के हताहत होने या भीड़ जमा होने की कोई खबर नहीं है। गृहमंत्री अमित शाह से हुई मुलाकात को लेकर सीएम बीरेन सिंह ने ट्वीट किया है। उसमें लिखा है कि आज गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात कर मणिपुर में जमीनी स्तर पर बनी स्थिति के बारे में जानकारी दी। अमित शाह जी की कड़ी निगरानी में, राज्य और केंद्र सरकार पिछले सप्ताह में हिंसा को काफी हद तक नियंत्रित करने में सक्षम रही है। गौरतलब है कि 13 जून के बाद से हुई हिंसा में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

बीरेन सिंह ने अपने ट्वीट में लिखा है कि माननीय केंद्रीय गृहमंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार मणिपुर में शांति बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। इसके अलावा अमित शाह जी ने यह सुनिश्चित करने के लिए मणिपुर में प्रत्येक हितधारकों से सहयोग भी मांगा है कि राज्य में शांति बनी रहे।राज्य में तैनात सुरक्षाकर्मी कानून व्यवस्था बनाये रखने में सफल रहे हैं. विशेष रूप से, 13 जून के बाद से, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जो शांति की दिशा में पर्याप्त प्रगति को दर्शाता है।मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री को जमीनी स्थिति के बारे में जानकारी दी और रेखांकित किया कि कैसे राज्य और केंद्र सरकारों ने पिछले सप्ताह के दौरान हिंसा को सफलतापूर्वक समाप्त करने के लिए मिलकर काम किया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने आश्वासन दिया है कि संघीय सरकार मणिपुर

» पेज 2 भी देखें

खबर सार्वजनिक होते ही स्विस बैंक से गायब हुआ टका

## बांग्लादेश की राजनीति विदेशी बैंकों में धन पर गरमायी

राष्ट्रीय खबर



**ढाकाः** चंद दिन पहले ही यह सूचना सार्वजनिक हुई थी कि बांग्लादेश का भी काफी सारा रुपये विदेश भेजा गया है। इसमें स्विस बैंक में भी यहां के नागरिकों का पैसा रखा हुआ है। इस खबर के सार्वजनिक होने के बाद बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने टिप्पणी की है कि बांग्लादेशियों द्वारा स्विस बैंकों से 10,500 करोड़ रुपये निकाल लिया गया है।

इस बयान से यह पूरा मामला और गरमा गया है। उन्होंने यह टिप्पणी बीएनपी के केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में की। रिजवी ने कहा, ह्यशेख हसीना की अपने परिवार के साथ स्विट्जरलैंड यात्रा के तुरंत बाद स्थानीय और विदेशी मीडिया में खबर आई- स्विस बैंकों में रखे बांग्लादेशियों के 10,500 करोड़ निकाल लिए गए हैं। इस बारे में रहस्य गहराता जा रहा है. उन्होंने कहा, एक साल में ये पैसे किसने निकाले? लोगों के मन में ये एक बड़ा सवाल बन गया है क्योंकि जो लोग एकाधिकार मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल हैं वे सभी शासकों के करीबी हैं। इसमें कोई शक नहीं कि अवामी लुटेरों ने स्विस बैंक से 10,500 करोड़ रुपये निकाल लिये। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव ने कहा, भयंकर डॉलर संकट के दौरान शेख हसीना पूरे ताम झाम के साथ लगातार विदेशी देशों का दौरा कर रही हैं। उनकी हालिया स्विट्जरलैंड यात्रा बेहद रहस्यमयी है। यात्रा से लौटने के बाद उनकी वाणी भी रहस्यमयी होती है। रुहुल कबीर रिजवी ने कहा, लोग खराब मतदान अधिकारों को वापस लाने के लिए कार्यवाहक सरकार के तहत निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करेंगे, राष्ट्रीय नेता बेगम खालिदा जिया की रिहाई सुनिश्चित करेंगे और बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक

» पेज 2 भी देखें

## मणिपुर को लेकर मोदी से शाह की बात अच्छे संकेत : खडगे

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि मणिपुर समस्या के समाधान को लेकर गृहमंत्री अमित शाह की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करने की खबरें अच्छे संकेत हैं और उम्मीद की जानी चाहिए कि कि जल्द ही हिंसा ग्रस्त मणिपुर में शांति बहाल होगी। श्री खडगे ने यहां जारी एक संदेश में कहा , ऐसी ख़बर चल रही है कि, आखिरकार मणिपुर पर गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी जी से बात की है। पिछले 55 दिनों से मोदी जी ने मणिपुर पर एक शब्द नहीं कहा। पूरा देश उनकी मणिपुर की बात सुनने का इंतज़ार कर रहा है। अगर मोदी जी सही में मणिपुर के बारे में कुछ भी सोचते हैं तो सबसे पहले अपने मुख्यमंत्री को बर्खास्त कीजिये। उन्होंने कहा उग्रवादी संगठनों और असामाजिक तत्वों से चुराए हुए हथियार ज़ब्त करें। सभी पक्षों से बातचीत शुरू करें और साझा राजनैतिक रास्ता निकाला जाएं। सुरक्षा बलों की मदद से ब्लॉकेड ख़त्म करे। राष्ट्रीय राजमार्गों को खोलकर और सुरक्षित रखकर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। श्री खडगे ने कहा , प्रभावित लोगों के लिए राहत, पुनर्वास और आजीविका का पैकेज बिना देरी किए तैयार किया जाना चाहिए। घोषित राहत पैकेज अपर्याप्त है। भाजपा और मोदी सरकार का कोई भी प्रोपेगेंडा, मणिपुर हिंसा में उनकी घोर विफलताओं पर पर्दा नहीं डाल सकता।

## कोयला खदान में अचानक उठे बवंडर में आठ लोग घायल

राष्ट्रीय खबर



**व्योमिंगः** अमेरिका की सबसे बड़ी कोयला खदान में शुक्रवार को पूर्वोत्तर व्योमिंग में एक बवंडर आया, जब कर्मचारी शिफ्ट बदलने के काम में लगे थे, जिससे कम से कम 8 लोग घायल हो गए। रविवार की शाम करीब 6.20 बजे कैंपबेल काउंटी में नॉर्थ एंटेलोप रोशेल माइन में बवंडर आया। काउंटी सरकार के प्रवक्ता लेस्ली पर्किन्स ने इस बात की जानकारी दी। पर्किन्स ने कहा, ह्यइस बात की पुष्टि हो गई है कि यह घटना शिफ्ट बदलने के दौरान हुई। शुक्रवार रात अस्पताल के एक बयान के अनुसार, कैंपबेल काउंटी हेल्थ में छह लोग अस्पताल में भर्ती हैं और सभी स्थिर स्थिति में हैं और सभी छह रोगियों का इलाज करने और उन्हें रिहा करने की उम्मीद है। कैंपबेल काउंटी के शुक्रवार रात के बयान के अनुसार, एक व्यक्ति को आगे की देखभाल के लिए डगलस में कॉनवर्स काउंटी के मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया और दूसरे ने चिकित्सा उपचार से इनकार कर दिया। उनके बयान में कहा गया है कि खदान संचालक पीबॉडी एनर्जी कॉर्पोरेशन ने पुष्टि की है कि सुविधा को नुकसान हुआ है और इसके कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। बयान में कहा गया, जब तक हम सुविधा क्षति का पूरी तरह आकलन नहीं कर लेते और सुरक्षित संचालन फिर से शुरू करने की प्रक्रिया शुरू नहीं कर लेते, तब तक परिचालन निलंबित कर दिया गया है।

छोटी बगावत ने रूस के राजनीतिक हालातों को स्पष्ट कर दिया

## सत्ता पर पुतिन की पकड़ काफी मजबूत

राष्ट्रीय खबर



**मास्कोः** रूस की निजी सेना की कथित बगावत बहुत जल्दी समाप्त हो गयी। दरअसल बेलारूस के राष्ट्रपति लुकाशेंको की पहल पर इस निजी सेना वैगनर के मुखिया येवगेनी प्रिगोझिन ने अपनी सेना को वापस लौट जाने का आदेश दिया, जिसका पालन भी हुआ। वे सभी अपने पूर्व के शिविरों में लौट गये हैं। जब यह समझौता हुआ तब वैगनर के हथियारबंद लड़ाके मॉस्को से मात्र दो सौ किलोमीटर की दूरी पर थे। दूसरी तरफ इनके आने की सूचना पर सेना और पुलिस सड़कों पर उतर आयी थी। साथ ही रूसी सेना के टैंक भी महत्वपूर्ण रास्तों पर तैनात हो गये थे। इस बगावत के समाप्त होने के साथ ही यह साबित हो गया कि रूस की सत्ता पर ब्लादिमीर पुतिन की पकड़ अब भी पूरी तरह कायम है। इसके अलावा यह भी साबित हो गया कि सत्ता के शीर्ष पर यानी पुतिन के चारों तरफ सत्ता का एक जबर्दस्त संघर्ष चल रहा है। जिसकी वजह से ऐसी स्थिति आयी। घटनाक्रमों पर गौर करें तो यूक्रेन पर रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से पहले के वर्षों में, सेंट पीटर्सबर्ग स्थित येवगेनी प्रिगोझिन नाम का एक

» पेज 2 भी देखें

**जानकारी** बेहिसाब जल दोहन का नया खतरा अब शोध में पता चला

# पानी निकला तो धरती ही टेढ़ी हो गयी है

- सत्रह साल में अस्सी सेंटीमीटर टेढ़ी हुई है धरती
- यह भी समुद्री जलस्तर में बढ़ोत्तरी का कारण है
- शायद अभी के अजीब मौसम की एक वजह यह भी है

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** दुनिया में पानी की जरूरत आबादी और विकास के अनुपात में बढ़ती चली गयी है। इस जरूरत को पूरा करने के लिए विज्ञान ने हमें भूगर्भस्थ जल को निकालने का तरीका बताया। धीरे धीरे पंप के जरिए धरती के अंदर से पानी निकालने की गति तेज होती चली गयी। दूसरी तरफ आधुनिक विकास की वजह से मिट्टी के ऊपर सीमेंट और अन्य ठोस पर्त बनाये गये, जिनमें सड़क और घर के चारों तरफ का इलाका भी शामिल है। इसका नतीजा यह हुआ कि

» पेज 2 भी देखें

### पानी के पुनर्वितरण का घूर्णी ध्रुव पर बड़ा प्रभाव हैं

भूजल का स्थान इस बात के लिए मायने रखता है कि यह ध्रुवीय बहाव को कितना बदल सकता है; मध्य अक्षांशों से पानी के पुनर्वितरण का घूर्णी ध्रुव पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। अध्ययन अवधि के दौरान, सबसे अधिक पानी पश्चिमी उत्तरी अमेरिका और उत्तर-पश्चिमी भारत, दोनों मध्य अक्षांशों पर पुनर्वितरित किया गया था। सेओ ने कहा, विशेष रूप से उन संवेदनशील क्षेत्रों में भूजल की कमी की दर को धीमा करने के देशों के प्रयास सैद्धांतिक रूप से बहाव में बदलाव को बदल सकते हैं, लेकिन केवल तभी जब इस तरह के संरक्षण दृष्टिकोण दशकों तक कायम रहें। घूर्णी ध्रुव आमतौर पर लगभग एक वर्ष के भीतर कई मीटर तक बदल जाता है, इसलिए भूजल पंपिंग के कारण होने वाले परिवर्तनों से मौसम बदलने का जोखिम नहीं होता है। अधिकारी ने कहा, लेकिन भूवैज्ञानिक समय के पैमाने पर, ध्रुवीय बहाव का जलवायु पर प्रभाव पड़ सकता है। इससे यह सवाल उठ गया है कि क्या इसकी वजह से भी जलवायु के गर्म होने के परिणामस्वरूप कोई जल विज्ञान व्यवस्था में परिवर्तन हुआ है।

आबादी के करीब पहुंचा सौ हाथियों का बहुत बड़ा झूंड

# आस पास के गांवों के हजारों लोग और खेतों पर नई आफत

राष्ट्रीय खबर



**जलपाईगुड़ीः** जंगली हाथियों का एक बहुत बड़ा समूह फिर से तीस्ता नदी पार कर गया। सैकड़ों जंगली हाथी जंगल छोड़कर आबादी वाले इलाके में आ गए हैं। इस वजह से वहां के गांवों में सतर्कता बरती जा रही है। हाथियों का दल रात नहीं बल्कि दिन में ही नदी किनारे आबादी वाले इलाकों में घूमता दिख रहा है। सोमवार सुबह हाथियों का समूह जलपाईगुड़ी के रंगधामाली, छतरापार होते हुए पहाड़पुर ग्राम पंचायत के छोटा चौधरीपाड़ा इलाके में प्रवेश कर गया। सदर प्रखंड के स्थानीय निवासियों ने सुबह-सुबह हाथियों का विशाल झुंड देखा। इस बहुत बड़े झूंड में हाथियों के कुछ बच्चे भी हैं। दल में बच्चों के होने की वजह से हाथी अधिक सतर्क और आक्रामक होते हैं, यही चिंता का विषय बन गया है। लोगों ने देखा कि हाथियों का एक समूह तीस्ता चार से सटे इलाके में घुस गया, जिससे इलाके के निवासियों में दहशत फैल गई। तीस्ता चार इलाके में जंगली हाथियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। इस बात

» पेज 2 भी देखें

# भाजपा के दलित वोटबैंक पर सेंधमारी की योजना में कांग्रेस

- दलित प्रदेश अध्यक्ष भी बढ़ सकते हैं
- झारखंड में फिर से आदिवासी अध्यक्ष
- 150 सीटों का गणित बदल देगा यह खेल



राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने राहुल गांधी को शादी करने की सलाह दी थी। जिस मौके पर यह बात कही गयी थी वह मौजूद लोगों के लिए हास्य का पल था। लेकिन राजनीति के जानकार पहले से ही यह जानते हैं कि लालू प्रसाद यूं ही कोई बात नहीं कहते हैं। उनकी बातों में कई बार गंभीर राजनीतिक संदेश छिपा होता है। इसलिए अब उनकी बातों को छानबीन से यह तथ्य सामने आने लगा है कि कांग्रेस दूसरी चुनावी रणनीति पर काम शुरू कर चुकी है। माना जा रहा है कि कई प्रदेशों में अगर वाकई दलित प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होते हैं या झारखंड जैसे राज्य में आदिवासी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाता है तो लालू प्रसाद की सलाह पर अमल होने की पुष्टि हो जाएगी। दरअसल चुनावी आंकड़े इस तरफ इशारा कर रहे हैं कि कर्नाटक के चुनाव के बाद कांग्रेस दलित मतदाताओं को अपने पाले में करने की योजना पर काम प्रारंभ कर चुकी है। इस रणनीति के जरिए वह भाजपा की अस्सी प्रतिशत सीटें पर सेंधमारी करना चाहती है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक देश में करीब 17 प्रतिशत दलित समुदाय के लोग हैं। लोकसभा में 131 सीट अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) के लिए आरक्षित हैं, मगर, दलित मतदाता करीब 160 सीटों पर असर डालते हैं। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को एससी/एसटी के लोगों का समर्थन मिला है। वर्ष 2014 में भाजपा को 17.7 प्रतिशत एससी और 34.23 प्रतिशत एसटी वोट मिला था। जबकि, वर्ष 2019 में भाजपा को 38.18 प्रतिशत एससी और 42.16 प्रतिशत एसटी का वोट मिला।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि लोकसभा में दलित मतदाताओं की भूमिका बेहद अहम है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे भी दलित समुदाय से आते हैं। कर्नाटक में पार्टी को इसका लाभ मिला है। वहां कांग्रेस के दलित वोट में करीब 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कांग्रेस रणनीतिकार मानते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में दलित मतदाताओं का भाजपा से मोहभंग हुआ है। ऐसे में कांग्रेस को खड़गे के नेतृत्व और संगठन में दलित नेताओं को ज्यादा हिस्सेदारी देने का फायदा मिल सकता है। पार्टी ने रायपुर महाधिवेशन के दौरान संगठन में एससी/एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यकों की हर स्तर पर हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया था। इसलिए कांग्रेस पार्टी लोकसभा की 131 सीट पर खास ध्यान दे रही है।

अब लालू प्रसाद की बात याद कर लें क्योंकि उन्होंने यह बात भले ही हंसी के अंदाज में कही थी लेकिन उसका अर्थ समझना जरूरी है। राहुल गांधी को शादी की सलाह देने के मौके पर ही लालू प्रसाद ने कहा था कि इस बार हनुमान जी हमलोगों के साथ है। उन्होंने कहा था कि कोल, भील, नल और नील को साथ लेकर इस बार लड़ाई में उतरना है। इसके जरिए वह उस जातिगत गोलबंदी की तरफ इशारा कर गये थे, जिसके खिसक जाने पर भाजपा को अनेक सीटों पर परेशानी हो सकती है। भाजपा विरोधी दलों के नेता भी मानते हैं कि भाजपा के खिलाफ एक प्रत्याशी खड़ा करने पर सहमति होने पर करीब साढ़े चार सौ सीटों पर सीधी लड़ाई होगी। इनमें से साढ़े तीन सौ सीटों पर भाजपा को मिले वोटों के मुकाबले विरोधी वोट अधिक रहे हैं, जो बंट गये थे। यह वोट अगर एकजुट हुआ तो चुनावी परिणाम क्या होगा, उसी बात को लालू प्रसाद ने हल्के अंदाज में व्यक्त किया था।

## शहर >> अपडेट

### कोल इंडिया के भावी चेयरमैन से मिलीं विधायक पूर्णिमा

रांची: कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कोल इंडिया लिमिटेड के भावी चेयरमैन पीएम प्रसाद से मुलाकात की। उनसे झरिया में बीसीसीएल के आऊटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा संचालित परियोजनाओं से होने वाले प्रदूषण, नियमित जल छिड़काव, लोदना क्षेत्र में संचालित परियोजनाओं में कार्यरत मजदूरों का कटौती की गई पीएफ राशि को ससमय जमा करवाने के लिए निर्देशित करने, सीएसआर मद से विकास कार्य, पिट वाटर को पीने योग्य बनाकर क्षेत्र के लोगों को जलापूर्ति करवाने, झरिया बलियापुर रोड के निकट डीजीएमस के गाइडलाइन का उल्लंघन कर परियोजना का कार्य संचालित कर रही कंपनी के खिलाफ कारवाई करने, ए।ख। एरिया में संचालित आउटसोर्सिंग परियोजना की मनमानी से जान माल का नुकसान सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।साथ ही बीसीसीएल क्षेत्र में झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (ज्रेडा) को जमीन उपलब्ध कराते हुए सोलर ग्रिड लगा कर आम आदमी को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध करवाने के संबंध में विधायक ने सीएमडी के समक्ष प्रस्ताव रखा।

**निर्णय** 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में 4069 पद सृजित

# पिछड़ा आयोग को निकाय चुनाव के लिए ओबीसी आरक्षण तय करने की जिम्मेवारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** नामकुम में अब बनेगा अपोलो अस्पताल, 2.75 एकड़ जमीन देने की मंजूरी,अजीम प्रेमजी मेडिकल कॉलेज के लिए डेढ़ सौ एकड़ मिली जमीन




राज्य के 189 उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालयों में 4069 पद सृजित किए गए जिसमें बहाली की जाएगी। इसके तहत 1890 लिपिक और 2079 कर्मी होंगे। इसके अलावा प्रधानाध्यापक के भी पद होंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई सोमवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल 43 प्रस्तावों की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने झारखंड राज्य दिव्यांग अधिकार नियमावली 2023 को बनाने की भी स्वीकृति दी है। कैबिनेट ने प्रदेश के 29834 आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका को स्मार्टफोन देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। यह स्मार्टफोन 8000 रुपए जीएसटी के साथ दी जायेगी। रांची नगर निगम द्वारा डोरंडा के घाघरा में दिए गए 2.83 एकड़ भूमि के आवंटन को रद्द करते हुए नामकुम अंचल के कल्याणपुर मौजा में 2.75 एकड़ जमीन अपोलो अस्पताल बनाने के लिए लीज पर देने की मंजूरी दी है या जमीन 99 वर्षों के लिए अपोलो अस्पताल को लीज पर दी जाएगी। जिसके लिए 12.52 करोड़ रुपए लिए जाएंगे लीज समाप्ति के बाद उस वक्त के बाजार मूल्य से 10 फीसदी राशि लेकर फिर से लीज का नवीकरण किया जाएगा। वार्षिक लीज रेंट 0.5% रखा गया है। डोरंडा के घाघरा में अस्पताल निर्माण के लिए रास्ता नहीं मिलने की वजह से अपोलो प्रबंधन ने राज्य सरकार से दूसरी जगह जमीन आवंटित करने का आग्रह किया था। अपोलो प्रबंधन द्वारा अस्पताल निर्माण की योजना सालों से पेंडिंग है लेकिन अब नई जगह पर लोक निजी भागीदारी के तहत अस्पताल के लिए जमीन उपलब्ध कराने के बाद अस्पताल निर्माण का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है।

मंत्रिपरिषद ने रांची मास्टर प्लान 2037 में संशोधन किया है और एचईसी के कुटे के मौजा लाबेद में कुल रकबा 24 पॉइंट फाइव 9 एकड़ क्षेत्रफल में प्रस्तावित स्थल से गुजरने वाली रांची मास्टर प्लान 2037 के सड़क की चौड़ाई 60 फीट के स्थान को परिवर्तित कर दिया है। इस मौजा में श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान के भवन के जमीन दी जाएगी। पूर्व में या स्थल सड़क, स्पोर्ट्स कंपलेक्स पाक इत्यादि के लिए प्रस्तावित था इसे अब बदलकर गवर्नमेंट या सेमी गवर्नमेंट ऑफिस के निर्माण के लिए दिया जाएगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य पिछड़ा आयोग के गठन की स्वीकृति दी गई। इस बैठक में ही नगर निकाय चुनाव के कराने के पहले ओबीसी आरक्षण के लिए पूरे राज्य में ट्रिपल टेस्ट कराने पर निर्णय हुआ। राज्य पिछड़ा आयोग को ही इसकी जिम्मेवारी दी गई।

# उच्च तकनीकि शिक्षा विभाग में फिर से निकले विज्ञापन: नायक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** उच्च तकनिकी शिक्षा विभाग द्वारा सहायक निदेशक , उपनिदेशक, संयुक्त निदेशक के पद पर किये गए चयन को रद्द कर अविलंब फिर से विज्ञापन निकाल कर चयन कर दलित-आदिवासी-मूलवासी पदाधिकारियों को प्राथमिकता दे अन्यथा आंदोलन किया जायेगा। उपरोक्त बातें सोमवार को झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री को ई-मेल भेजकर कहीं इन्होंने आगे कहा कि उच्च तकनिकी शिक्षा विभाग के द्वारा सहायक निदेशक , उपनिदेशक, संयुक्त निदेशक में किये गये नियुक्ति में अनुसूचित जनजाति वर्ग , अनुसूचित जाति वर्ग के एक भी उम्मीदवार को इन सभी पदों में नहीं रखा गया है जो समाजिक न्याय के अवधारणा के खिलाफ है। इको बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री नायक ने बताया कि सहायक निदेशक के पद पर ब्रजेन्द्र कुमार को रखा जा रहा है ,ब्रजेन्द्र कुमार विकलांग नहीं होते हुए भी विकलांग का गलत प्रमाण पत्र बनाकर व्याख्याता की नौकरी में है।



इसकी जांच चिकित्सकों से कराया जाना चाहिये। नौकरी पाने के लिए जाली अनुभव प्रमाण पत्र जमा किया गया। जब विभाग के द्वारा प्रमाण पत्र का गहन जांच किया गया तो इसका भण्डाफोड हुआ और इन्हे जाली अनुभव प्रमाण पत्र होने के कारण विभाग में नियुक्त नहीं किया गया, जो जांच का विषय है इस तरह के गलत पदाधिकारी को सहायक निदेशक बनाने पर विभाग में भ्रस्टाचार बढेगा। श्री नायक ने कहा इससे परिल्क्षित होता है कि उच्च तकनिकी शिक्षा विभाग आदिवासी एवं दलित समुदाय के पदाधिकारी एवं व्याख्याता को पसंद नहीं करती है। विभाग के द्वारा आरक्षण रोस्टर का पालन भी नही किया जा रहा है एवं अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति वर्ग के पदाधिकारियों से भेदभाव कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। उच्च तकनिकी शिक्षा विभाग में सहायक निदेशक , उपनिदेशक, और संयुक्त निदेशक पद पर सिर्फ उच्ची जाति को चयन करके अनुमोदन होने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में फाइल भेजी गयी है।

# मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहे विधानसभा अध्यक्ष: दीपक प्रकाश



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी। श्री प्रकाश ने कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष अपनी संवैधानिक मयार्दाओं का बार बार उल्लंघन कर रहे। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का पद दलीय राजनीति से ऊपर निष्पक्षता का पद है लेकिन राज्य में तो सभी नियम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही। कहा कि विधानसभा अध्यक्ष झामुमो के प्रवक्ता की तरह पार्टी के मंच से बयान दे रहे। ऐसे में पद की गरिमा तार तार हो रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ स्पीकर महोदय को जिन विषयों पर निर्णय लेना है उसे तो वे बार बार सरकार के इशारे पर टाल रहे परंतु जहां उनकी टिप्पणी अपेक्षित नही है उस विषय पर बोलने से नही चूक रहे। उन्होंने कहा कि महामहिम राज्यपाल पर स्पीकर की टिप्पणी असंवैधानिक और अशोभनीय है। श्री प्रकाश ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को अपने पद से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। फिर दलीय राजनीति में अपनी सक्रियता दिखानी चाहिए।

**विवाद** जिला भ्रमण के दौरान राज्यपाल का जनता से सीधा संवाद को लेकर विवाद गहराया

# स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो का बड़ा आरोप, बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा राजभवन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हाल के दिनों में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सुर्खियों में हैं। जिला भ्रमण के दौरान राज्यपाल का जनता से सीधा संवाद कहीं ना कहीं सत्तारूढ़ दल के लिए आंख की किरकिरी बनने लगी है। कल तक सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा राज्यपाल की कार्यशैली से नाराज होकर सवाल उठा रहा था अब विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने ना केवल झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन में सवाल खड़े किए बल्कि ट्वीट के माध्यम से हमला बोला है।विधानसभाध्यक्ष ने भी इस मामले मे ट्वीट कर राजभवन पर बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया गया है। विधानसभाध्यक्ष ने अपने ट्यूट में लिखा है कि विधानसभा में विशेष सत्र बुलाकर आदिवासियों की पहचान सरना धर्म कोड को विधानसभा से पारित कर राजभवन को भेजा लेकिन राजभवन से बिल को लौटाया गया। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को विधानसभा से पारित कर राजभवन को भेजा गया, वह भी लौटा दिया गया।



राजभवन भी भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

विधानसभाध्यक्ष से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने राजभवन पर सवाल खड़ा करते हुए बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया था। इसके तुरंत बाद विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने जिस तरह से झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर पार्टी नेता बयान दिया है और उसके बाद ट्विटर के माध्यम से इसे सार्वजनिक की है उससे कहीं ना कहीं राजभवन और राज्य सरकार के बीच की दूरी बढ़ाने का काम किया है।इधर, बीजेपी झामुमो के द्वारा लगाए जा रहे आरोप को खारिज करती रही है। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा का मानना है कि राज्यपाल एक संवैधानिक अधिकार संपन्न पद है जो राज्य का दौरा कर जमीनी सच्चाई जान सकते हैं। मगर इस दौरान जब हकीकत सामने आता है तो इनकी नाराजगी बढ़ने लगती है। बहरहाल आरोप प्रत्यारोप के बीच एक बार फिर राजभवन की कार्यशैली पर सियासत जारी है।

## पेज एक का शेष

### वैगनर ग्रूप में शामिल हो ..

लिए रूसी नागरिकता प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल हो गई। एक ऐसा प्रस्ताव जिसका विरोध करना नेपाली युवाओं के लिए बहुत कठिन है। नेपाल में अभी बेरोजगारी दर 11.12 प्रतिशत है। रूस उन विदेशियों को तेजी से नागरिकता प्रदान करता है जो रूसी सेना के साथ एक साल के अनुबंध में प्रवेश करते हैं, जिसे क्रेमलिन विशेष सैन्य अभियान कहता है। सौदे को मधुर बनाने के लिए, रूस इन विदेशियों के परिवार के सदस्यों को भी सरलीकृत रूसी नागरिकता की पेशकश कर रहा है।

अब एक युवक बताता है कि, हमें आधुनिक हथियार चलाना सिखाया जा रहा है। प्रशिक्षण पूरे दिन और कभी-कभी रात में भी होता है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान भी बीमा सहित वेतन लगभग पचास हजार नेपाली रुपये है। एक साल के बाद नागरिकता भी मिल जाती है। अगर मैं एक साल में नहीं मरा, तो मैं यहीं रहूंगा। करनाली क्षेत्र के एक युवक के नेपाली सेना छोड़कर रूस में भाड़े के सैनिकों में शामिल होने का एक और मामला सामने आया है। अपने देश की सेना में उनका प्रशिक्षण रूसी सेना के साथ जगह सुरक्षित करने में भी काम आया। उस युवक ने कहा, हम नेपाल जैसे पहाड़ों वाली जगह पर हैं। मैं यहां लगभग दो सौ विदेशियों और तीन नेपाली मित्रों के साथ हूं। हम फ्रांसीसी सेना में शामिल होने की सोच रहे थे। एक लंबी प्रक्रिया थी और यूरोप में प्रवेश करना कठिन था। रूस आसान है। वैगनर समूह ने रूसी भाषा जानने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया है। अब अंग्रेजी भी काफी है। एक पूर्व सैन्य अधिकारी मेजर जनरल बासन्यात ने कहा भारतीय सेना की अग्निपथ योजना ने नेपाली युवाओं की संभावनाओं पर कुठाराघात किया। बेरोजगारी और युद्ध के बीच फंसे नेपाली युवाओं ने बेहतर जीवन जीने के लिए मरने का जोखिम उठाना चुना है।

### मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह .. ..

सभी आवश्यक कदम उठाएगी। अमित शाह ने राज्य में शांति बनाए रखने के लिए सभी मणिपुर हितधारकों की सहायता भी ली है।

यहां उल्लेख करें कि अमेरिका और मिस्र की अपनी राजकीय यात्रा समाप्त करने के बाद रविवार की रात दिल्ली पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में अमित शाह, निर्मला सीतारमण और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी से मुलाकात कर उन्हें मणिपुर के घटनाक्रम की जानकारी दी। रविवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शाह को राज्य की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी और कहा कि राज्य और केंद्र सरकार काफी हद तक हिंसा को नियंत्रित करने में सक्षम हैं। हालांकि, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के साथ बातचीत की किसी भी पेशकश को खारिज करता है और उनकी सरकार के साथ किसी भी रूप में बातचीत नहीं करेगा।

मणिपुर में शांति और अमन की जल्द बहाली के लिए लोगों की आवाज उठाते हुए विभिन्न स्थानों के दिव्यांगों ने 26 जून को इंफाल पश्चिम के अंतर्गत नाओरेमथोंग सामुदायिक भवन में धरना दिया।

प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं जिन पर लिखा था कि नागरिकों को मत मारो, हम विकलांग हैं, हम शांति चाहते हैं, अपना जीवन बचाओ, हमारे घर को मत जलाओ, मणिपुर जिंदाबाद। विरोध प्रदर्शन से इतर मीडिया को संबोधित करते हुए, प्रदर्शनकारियों में से एक, निंगोमबम जयाप्रदा, जो वर्तमान अशांति के पीड़ितों में से एक हैं, ने मीडिया को बताया कि विरोध प्रदर्शन वर्तमान उथल-पुथल के संबंध में आयोजित किया गया था।

### बांग्लादेश की राजनीति .. .. ..

रहमान को वापस लाएंगे। माफिया सरकार को अब और समय नहीं दिया जा सकता। हाईवे पर कब्जे के लिए सभी को तैयार रहना चाहिए। अवामी लीग के जमींदारी शासन के दिन लद गए। देश की जनता अब गुस्से और विरोध का ज्वालामुखी बन गयी है. अगर शेख हसीना की अराजकता जारी रही तो किसी भी वक्त बदले की भावना का सैलाब उमड़ पड़ेगा।

### सत्ता पर पुतिन की .. ..

व्यवसायी एक चतुर राजनीतिक उद्यमी के रूप में उभरा। प्रिगोझिन और उनकी कंपनियों ने रूसी राज्य के हितों की सेवा की, पुतिन की विदेश नीति को उन तरीकों से आगे बढ़ाया जो उपयोगी और किताबों से परे दोनों थे।

प्रिगोझिन की अपेक्षाकृत विवेकशील सार्वजनिक प्रोफाइल उनकी सबसे बड़ी संपत्ति थी। उन्होंने कुख्यात ट्रोल फार्म को वित्तपोषित किया जिसे अमेरिकी सरकार ने 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप के लिए मंजूरी दे दी थी। एक बड़ी भाड़े की सेना बनाई जिसने यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र से लेकर सीरियाई गृहयुद्ध तक के संघर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मॉस्को को अफ़्रीकी महाद्वीप पर प्रभाव जमाने में मदद की। प्रिगोझिन की सभी गतिविधियों ने क्रेमलिन को नकारने की क्षमता का प्रतीक बना दिया। वैगनर प्रमुख ने कहा कि निरर्थक रक्तपात रोकने के लिए ही उन्होंने अपनी सेना को वापस बुला लिया है। साथ ही वह यह कहने से नहीं चूके कि यह नाराजगी रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ नहीं थी। दरअसल रूसी रक्षा मंत्रालय द्वारा वैगनर को एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने का दबाव डालने के बाद से सारी परिस्थितियां विस्फोटक बन गयी।

### पानी निकला तो धरती .. ..

की गति तो तेज होती गयी पर जमीन के अंदर इस पानी को दोबारा भरने की प्रक्रिया धीमी पड़ गयी। इससे हर गर्मी के मौसम में भीषण जलसंकट की समस्या से हम अच्छी तरह वाकिफ है। लेकिन इस बार वैज्ञानिकों ने इसी जल दोहन के नये खतरे का पता लगाया है।

नए अध्ययन के अनुसार, जमीन से पानी पंप करके और इसे अन्यत्र ले जाकर, मनुष्यों ने पानी के इतने बड़े द्रव्यमान को स्थानांतरित कर दिया है कि केवल 1993 और 2010 के बीच पृथ्वी लगभग 80 सेंटीमीटर (31.5 इंच) पूर्व की ओर झुक गई है। घूमने वाले शीर्ष पर थोड़ा सा वजन जोड़ने की तरह, पृथ्वी थोड़ा अलग तरीके से घूमती है क्योंकि पानी चारों ओर घूमता है। अध्ययन का नेतृत्व करने वाले सियोल नेशनल यूनिवर्सिटी के भूभौतिकीविद् की-वेन सेओ ने कहा, पृथ्वी का घूर्णन ध्रुव वास्तव में बहुत बदलता है। अध्ययन से पता चलता है कि जलवायु संबंधी कारणों के बीच, भूजल के पुनर्वितरण का वास्तव में घूर्णी ध्रुव के बहाव पर सबसे बड़ा प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी के घूर्णन को बदलने की पानी की क्षमता की खोज 2016 में की गई थी, और अब तक, इन घूर्णन परिवर्तनों में भूजल के विशिष्ट योगदान का पता नहीं लगाया गया था। नए अध्ययन में, शोधकताओं ने पृथ्वी के घूर्णन ध्रुव के बहाव और पानी की गति में देखे गए परिवर्तनों को मॉडल किया - पहले, केवल बर्फ की चादरों और ग्लेशियरों पर विचार किया गया, और फिर भूजल पुनर्वितरण के विभिन्न परिदृश्यों को जोड़ा गया। जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के एक शोध वैज्ञानिक सुरेंद्र अधिकारी, जो इस अध्ययन में शामिल नहीं थे, ने कहा, यह निश्चित रूप से एक अच्छा योगदान और एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। अधिकारी ने घूर्णी बहाव को प्रभावित करने वाले जल पुनर्वितरण पर 2016 का पेपर प्रकाशित किया। उन्होंने ध्रुवीय गति पर भूजल पंपिंग की भूमिका निर्धारित की है, और यह काफी महत्वपूर्ण है।

### आस पास के गांवों के हजारों .. ..

की सूचना वन विभाग को भी दी गयी। खबर पाकर वन विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे। वे ग्रामीणलोगों को चेतावनी दे रहे हैं। मालूम हो कि रविवार की देर रात हाथियों का दल बैकुंठपुर जंगल से तीस्ता के किनारे आ गया था। सोमवार सुबह से ही वे तीस्ता नदी के किनारे घूम रहे हैं। दिन का उजाला होने के कारण उन्हें जंगल में लौटाना संभव नहीं था। इसलिए वनकर्मी लगातार हाथियों के दल की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। हाथियों का दल इलाके पर नजर रख रहा है, ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे।

# पुलिस और डकैतों की मुठभेड़ में दो अपराधी ढेर, पांच गिरफ्तार

## बम हमले में तीन पुलिसकर्मी जख्मी, भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात

**मामले में शामिल सभी बदमाशों को अविलंब चिन्हित कर दबोच लिया जाएगा : एसपी**

**पुलिस के वरीय अधिकारी कर रहे हैं कैंप**

**राष्ट्रीय खबर**



**मोतिहारी/घोड़ासहन रा. टी. :** भारत नेपाल सीमा पर घोड़ासहन थाना क्षेत्र के पुरनहिया में बड़े अपराध की साजिश को अंजाम देने के लिए जमा बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की है। रविवार देर रात अपराधियों के साथ मुठभेड़ में पुलिस ने दो डकैतों को मार गिराया है, वहीं पांच को गिरफ्तार किया है। दोनों तरफ से करीब दो दर्जन राउंड गोलियां चली हैं, तथा कई बम फोड़े गए हैं। दोनों तरफ से करीब दो दर्जन राउंड गोलियां चली हैं। कई बम फोड़े गए हैं। पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर कैंप कर रही है। नेपाल पुलिस से संपर्क स्थापित कर इलाके में कांबिंग आपरेशन चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार करीब ढाई दर्जन से अधिक की संख्या में डकैतों के जमा होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने तत्काल पुलिस के डकैती निरोधी दस्ते को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीराज व सिकरहना के पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में संबंधित स्थल पर भेजा गया।

पुलिस पहुंची बदमाशों की ओर से फायरिंग शुरू कर दी गई। लगातार बम से हमला किया गया। हमले में तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल बदमाशों को चेतावनी दी, लेकिन वो नहीं माने। जवाबी कार्रवाई में तीन बदमाशों को गोली लगी। उन्हें तत्काल नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। बदमाशों की पहचान के लिए उनकी तस्वीर आसपास के थानों की पुलिस के अलावा नेपाल पुलिस को भी भेजी गई है। जख्मी बीएमपी के जवान बलराम कुमार, बिट्टू प्रसाद तथा शुभम कुमार का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। तीनों खतरे से बाहर हैं। उधर, घटना की सूचना मिलने के साथ चंपारण प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक जयंतकांत भी मौके पर पहुंचे।

मौके पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम व बम निरोधी दस्ते को बुलाया गया है। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में देसी बम, बम बनाने का सामान, गैस सिलेंडर, कुल्हाड़ी, पाइप व डकैती की घटना में उपयोग में लाई जानेवाली अन्य कई चीजें बरामद की हैं। एसपी के नेतृत्व में अन्य बदमाशों की खोज की जा रही है।

### तीन बोतल देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**बगहा/पिपरासी:** पिपरासी थाना क्षेत्र के अर्जुनही नाला यूपी बिहार की सीमा से तीन बोतल देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को पिपरासी पुलिस ने रविवार की शाम गिरफ्तार किया है। अपर थानाध्यक्ष संपत सिंह ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान अर्जुनही नाला के पास वाहन जांच अभियान चलाई जा रही थी। उसी दौरान उत्तरप्रदेश से एक युवक बिहार सीमा में प्रवेश कर रहा था । जांच करने पर उसके पौकेट से तीन बोतल देसी शराब बरामद हुई। जिसकी पहचान मंझरिया खास निवासी दामोदर बैठा के रूप में हुई है। गिरफ्तार धंधेबाज पर नयी उत्पात अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में बगहा भेज दिया गया ।

### असरगंज यूको बैंक के लिंक फेल रहने से ग्राहक हुए परेशान, मायूस हो लौटे घर।

**असरगंज :** मुंगेर,असरगंज यूकों बैंक का लिंक फेल रहने के कारण बैंक ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।मालूम हो कि सोमवार को ग्राहक पप्पू कुमार,सुजल,अजय,अनिता,देवासी सहित कई ग्राहकों ने कहा कि घर के आवश्यक समानों की खरीददारी एवं पैसे की जरूरत होने पर बैंक से पैसा निकासी करने जब हमलोग बैंक पहुॅचे तो बैंक आने के बाद पता चला कि लिंक फेल है।जिससे पैसे की निकासी नही की जा सकती है। काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी लिंक सही नही होने पर बिना पैसा निकासी किये मायूस होकर घर लौटना पड़ा।इस संबंध शाखा प्रबंधक अमित कुमार ने कहा कि उपर से ही लिंक खराब रहने के कारण जमा निकासी में थोड़ा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### शव बरामद होने से गांव में पसरा सन्नाटा

**सुगौली,पू.चः** थाना क्षेत्र के मधुमालती के समीप एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। जानकारी के अनुसार प्रखंड के दक्षिणी छपरा बहास पंचायत के मधुमालती के समीप सिकरहना नदी के किनारे एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया।जिसकी खबर लगते ही आसपास के लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना स्थल पर मुखिया प्रतिनिधि अनिरुद्ध सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसआई दिलीप कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी लोगो से ली।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर थाना लेकर चली गई। मृतक की पहचान तुरकौलिया थाना के सेमरा हाट का 50 वर्षीय मनोज साह के रूप में की गई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी। थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया। पुलिस मामले में आवश्यक करवाई करने में जुटी हुई है।

## विभिन्न कांडो में गायब दो लड़कियों को पुलिस ने किया बरामद

**राष्ट्रीय खबर**




**सुगौली,पू.चः** स्थानीय पुलिस ने थाना में दर्ज कांडो में गायब दो लड़कियों को पुलिस ने अलग-अलग जगहों से बरामद किया है।और 164 के बयान के लिए मोतिहारी कोर्ट में पेश किया। थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा के हवाले से एएसआई सीताराम दास ने बताया कि थाना क्षेत्र के मेहवां निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के गायब होने का मामला दर्ज कराया है।जिसके आलोक में उसकी बरामदगी के लिए छान-बीन की जा रही थी उसी क्रम में उक्त लड़की के छपवा चौक पर होने की सूचना मिली जिसके आधार पर पुलिस टीम के द्वारा उसको बरामद किया गया।वही थाना कांड के एक अन्य मामले में एसआई साधुशरण सिंह ने बताया कि श्रीपुर भटवलिया की एक महिला ने अपनी पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए पश्चिम चंपारण जिला के मझौलिया थाना के रामनगर निवासी एक व्यक्ति को आरोपित करते हुए मामला दर्ज कराया है।उक्त लड़की की खोज-बीन में पुलिस लगी हुई थी।जिसको श्रीपुर चौक से बरामद किया गया।इस बाबत थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि दोनो लड़कियों को मोतिहारी कोर्ट में 164 के बेयान के लिए भेजा गया है।

## नगर पार्षद ने किया आत्महत्या का प्रयास, प्राथमिक उपचारोपरांत रेफर

**जहर खाने की सूचना पर अस्पताल में उमड़ी समर्थकों की भीड़**

**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** जिला के नरकटियागंज नगर परिषद वार्ड संख्या 12 के पार्षद दीपक कुमार (42) ने रविवार की रात आत्महत्या का प्रयास किया। सोमवार की सुबह पार्षद की स्थिति बिगड़ने पर उसे अनुमंडलीय अस्पताल पहुँचाया गया, जहां प्राथमिक उपचारोपरांत पार्षद की गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पार्षद की स्थिति चिंताजनक बनी रही। सूत्रों ने घटना का कारण पारिवारिक और निकाय चुनाव बताया है। पार्षद के परिवार के लोग कुछ भी बोलने से परहेज करते रहे। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह स्थिति बिगड़ने पर जहर खाने की जानकारी मिली। उसके बाद उसे अस्पताल पहुँचाया गया। नरकटियागंज से उसे बेतिया रेफर कर दिया गया। जहाँ उसे गहन चिकित्सा में रखा गया है। अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ सुधीर कुमार ने बताया कि नगर पार्षद की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए उसे जीएमसीएच बेतिया रेफर किया गया है। उसके परिवार के लोग अत्यधिक नींद की गोली खा लेने की बात बता रहे हैं। शिकारपुर थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें नही मिली है।उधर, घटना के बाद मुहल्ला में कई प्रकार की चचाओं का बाजार गर्म है। कई लोगों का कहना है कि दीपक ने कर्ज लिया है, कुछ का कहना है कि निकाय चुनाव में मत के रुपए लेने की बात बता रहे हैं। कुछ पारिवारिक कलह बता रहे हैं। घटना के बाद नगर पार्षद के परिवार के लोगो ने चुप्पी साध रखा है।

### जीवन भर सामाजिक न्याय कि लडाई लडते रहें साहूजी महाराज

**बेतिया :** श्रद्धा पूर्वक साहूजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विश्व कुर्मी विकास परिषद मानव कल्याण समिति के द्वारा राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के जिला कार्यालय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया क्रम में आए हुए प्रबुद्ध लोगों द्वारा राज ऋषि शाहजी महाराज के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर वक्ताओं मे अरुण कुमार पटेल, विजय कृष्ण सिंह, संजय पटेल, दीपक पटेल, राजीव रंजन, संस्थापक अध्यक्ष विनय कुमार इत्यादि लोगों ने अपने अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण कुमार पटेल ने बताया राज ऋषि शाहू जी महाराज ने अपना सारा जीवन सामाजिक न्याय की लड़ाई में बिताया। समतामूलक समाज के लिए उन्होंने गंगाराम सेवक के यहां चाय पी कर सबो को चकित किया यही नहीं सोडा बनाने की मशीन के लिए गंगाराम को धन भी उपलब्ध करवाया। ताकि समाज में विषमता दूर हो और सभी का समान अधिकार रहे। सामाजिक न्याय की लड़ाई में उन्हें जीवन भर कई तरह की यातनाएं भी सोना पड़ा लेकिन उन्होंने समतामूलक समाज बनाने का संकल्प नहीं छोड़ा इनके विचारों और बताए हुए रास्ते अपनाकर हम बहुत हद तक अपने समाज में विषमता दूर कर समतामूलक समाज को और धारदार बना सकते हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किसान की मौके पर हुई मौत

**बेतिया :** शनिचरी प च : बेतिया-लौरिया पथ में शनिचरी थाने से महज दो सौ गज की दूरी पर रविवार की देर शाम सड़क हादसे में किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक शनिचरी बाजार से सब्जी बेचकर अपने घर वापस लौट रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने किसान को रौंदते हुए लौरिया के तरफ फरार हो गया जिससे उसकी मौत मौके पर ही हो गई। इस घटना से आसपास के दुकानदारों में आक्रोश है वही इस घटना से मृतक के परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक किसान की पहचान सिरिसिया थाना क्षेत्र के चरगांहा पंचायत के लक्ष्मीपुर कौवाहां वार्ड संख्या एक गांव निवासी 60 वर्षीय फूलदेव महतो के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शनिचरी चौक स्थित बाजार में अपने खेत से उपजे हुए सब्जी को बेचने के गया। सब्जी बेचने के बाद मृतक साइकिल से अपने घर वापस जा रहा था उसी दौरान बेतिया के तरफ से लौरिया के तरफ जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे रौंद कर फरार हो गया । जिससे किसान सह सब्जी विक्रेता की मौत मौके पर ही हो गई । आसपास के दुकानदारों के द्वारा दिए गए सूचना पर मृतक के परिजन पहुंच गए व साथ ही स्थानीय थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई । पुलिस के द्वारा काफी प्रयास करने के बाद भी मृतक के परिजन शव को पोस्टमार्टम के लिए बेतिया नहीं ले गए शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही अपने घर उनके अंतिम संस्कार के लिए लेकर चले गए । मृतक के तीन पुत्र व एक पुत्री है सभी लोगों की शादी हो गई है । इस अचानक हुई घटना से पीड़ित परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है । मृत किसान के शव को देखने के लिए गांव के सैकड़ों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी । ग्रामीणों में भी मायूसी देखी गई । इधर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच किया व मृतक के परिजनों ने उसका पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया व शव को अपने साथ अंतिम संस्कार के लिए अपने घर लेकर चले गए। पीड़ित परिवार के द्वारा पुलिस को अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

### विवाहिता का अपहरण मामला में युवक गिरफ्तार, अपहृता की नही हुई बरामद

**राजस्थान से गिरफ्तार हुआ अपहर्ता**

**विवाहिता की बरामदगी में जुटी शिकारपुर पुलिस**

**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** एसएसबी कैम्प से अपहृत विवाहिता अपहरण कांड में शिकारपूर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।युवक की गिरफ्तारी राजस्थान से की गई है।केस के अनुसंधानक अजित कुमार सिंह ने बताया कि विवाहिता अपहरणकांड में युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।लेकिन विवाहिता व उसके बच्चों की बरामदगी नही हो सकी है।विवाहिता व उसके बच्चों की बरामदगी को लेकर गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है।शीघ्र ही विवाहिता व उसके बच्चों को बरामद कर लिया जाएगा।अनुसंधानक ने बताया कि विगत फरवरी माह में विवाहिता व उसके बच्चों के साथ अपहरण किया गया था।मामले में विवाहिता के पति ने राजस्थान निवासी संजय सोनी को आरोपित करते हुए शिकारपूर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।आरोप है कि आरोपित ने उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है।उसकी पत्नी अपने आभूषण,नगद रुपए समेत दो बच्चों को भी साथ ले गयी है। अनुसंधानक ने बताया कि इधर,आरोपित लगातार विवाहिता के पति को तलाक देने की धमकी भी दे रहा था।मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी गिरफ्तारी की गई है।

## शराबियों को पकड़ने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम के साथ मारपीट, सब इंस्पेक्टर समेत पांच घायल

**शराब पीकर हुड़दंग की सुचना पर पहुंची टीम पर दर्जनों ने बोला हमला, सात नामजद 35 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज।**

**राष्ट्रीय खबर**



**मधुबनी:** पुलिस जिले में शराबियों के द्वारा उत्पाद विभाग के कर्मियों के साथ नशे में मारपीट व दुर्व्यवहार की खबरें लगातार मिल रही है। शराब कारोबारी व शराब पीने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गये हैं कि शराब की जांच के दौरान पकड़े जाने पर उत्पाद विभाग के कर्मियों के साथ गाली गलौज व मारपीट पर भी उतारू हो जाते हैं। बीते महीनों उत्पाद विभाग के थानाध्यक्ष सहित विभाग में कार्य कर रही महिला सिपाहियों को भी शराब कारोबारियों के द्वारा बंधक बना लिया गया था। सूचना पर पहुंची तीन थाना की पुलिस ने ऑपरेशन चलाकर उन को मुक्त कराया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम ससमय नहीं पहुंची होती तो उनके साथ कुछ अनहोनी हो सकती थी।

इसी क्रम में धनहा थाना क्षेत्र के खोतहवा गांव में रविवार की रात शराब पीकर हंगामा कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर गांव के लोगों ने हमला बोल दिया। हमला में चार पुलिसकर्मी एवं एक उत्पाद विभाग के एसआई घायल हो गए। वही पुलिस के वाहन को हमलावरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। वाहन का शीशा भी तोड़ दिया। बाद में गांव के कुछ लोगों के सहयोग से मामला शांत हुआ। जिसके बाद घायल उत्पाद विभाग के पुलिसकर्मी मधुबनी पीएचसी पहुंचकर अपना इलाज कराया। इस मामले में धनहा थाना में उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार के आवेदन पर 7 नामजद एवं लगभग 35 अज्ञात लोगों पर एफ आई आर दर्ज किया है। उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार ने बताया कि धनहा थाना क्षेत्र के खोतहवा गांव निवासी गोरख चौधरी के घर शादी समारोह था। जिस शादी समारोह में उसी गांव निवासी खोभारी चौधरी एवं छोटू चौधरी शराब के नशे में धुत होकर शोरगुल कर रहे थे। जिसकी शिकायत उसी गांव निवासी किसी व्यक्ति ने मध निषेध पटना मुख्यालय को फोन कर किया। इसके बाद पटना से बगहा उत्पाद विभाग की टीम को आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश मिला। आदेश के आलोक में जब उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर हरेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम खोतहवा गांव पहुंची तो पुलिस टीम को देखते ही गांव के लोगों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। जिसमें उत्पाद विभाग के 4 पुलिसकर्मी सहित सब इंस्पेक्टर हरेंद्र प्रसाद घायल हो गए। हालांकि बाद में गांव के कुछ लोगों के सहयोग से मामला शांत हुआ। घायल पुलिसकर्मी मधुबनी पीएचसी पहुंचकर अपना इलाज कराएं। उन्होंने बताया कि इस मामले में खोतहवा गांव के 7 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वही लगभग 35 अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### थानाध्यक्ष द्वारा मुखिया को थाना परिसर से भगाने का मामला

**बेतिया, प च :** बलथर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के द्वारा कथित रूप से बलथर पंचायत के मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू को भगाये जाने का एक ओडियो तेजी से वायरल हो रहा है।हालांकि राष्ट्रीय खबर इसकी पुष्टि नहीं करता। वायरल ओडियो रविवार की बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष के द्वारा मुखिया को थाने से भगाये जाने को लेकर सोमवार को थानाध्यक्ष के विरूद्ध ग्रामीणों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुखिया सहित एक धार्मिक कमिटी ने थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस बाबत थानाध्यक्ष के विरूद्ध मुखिया के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा आवेदन पुलिस अधीक्षक को देकर थानाध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदकों में मुखिया सुनील कुमार सिंह, साधु गद्दी, कासिम गद्दी, अरशद आलम, गफ्फार मियां, अनिल कुमार, चन्दन कुमार, परवेज आलम, गोलू कुमार, जितेन्द्र कुमार, बच्चा मियां, अंजुम अखलाक, मंजूर मियां, मोहन दास व रामअवध गुप्ता समेत कई ने बताया है कि रविवार को धार्मिक स्थल में विरोधी पक्ष द्वारा तोड़फोड़ किया जा रहा था। जिसको ले शिकायत लेकर थाने में गए थे। थानाध्यक्ष गाली-गलौज करते हुए डंडा-लेकर मारने दौड़े।दो आवेदक मंजूर व गफ्फार मियां को हिरासत में भी ले लिया गया था।मुखिया के पहल पर उसे मुक्त कर थाने परिसर से खदेड़ दिया गया। वहीं बलथर थाने कांड में हमला वाले मामले में नाम जोड़कर जेल भेज देने की धमकी भी दी गई। मुखिया ने कहा कि थानाध्यक्ष हमेशा आवेदकों के साथ ऐसा ही व्यवहार करते है। मैनाटांड़ राजद प्रखंड अध्यक्ष के साथ भी ऐसा ही दुर्व्यवहार किया गया था। इस बाबत थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार से पूछे जाने पर कहा कि मामला थाना के सामने मदरसा की भूमि के विवाद को लेकर है। जिसमें आसमा खातुन व मदरसा के बीच टाइटिल सूट केश चल रहा है। मुखिया केश समाप्त हो जाने की बात बताकर एक पक्षीय कार्रवाई कराना चाहते थे। जिसे ग्रामीणों के समक्ष बताया गया। किसी के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं की गई है। सभी आरोप राजनीति से प्रेरित है।

### बकरीद पर्व को लेकर अनुमंडल सभागार में शांति समिति की बैठक

**बखरी, बेगूसरायः** सोमवार को बखरी अनुमंडल सभागार में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने की। उपस्थित लोगों वो जनप्रतिनिधियों से समीक्षा उपरांत बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम श्री सौरव ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ शांति माहौल में बकरीद का पर्व मनाये। उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी मस्जिदों ईदगाह के समीप मजिस्ट्रेट वो पुलिस बल तैनात किया जाएगा। ताकि किसी तरह का कोई अप्रिय घटना घटित ना हो। साफ सफाई के लिए संबंधित विभाग को आदेश दिया गया। एसडीपीओ चंदन कुमार ने कहा कि इस दौरान पुलिस गश्ति सक्रिय रहेगी। कोई भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना है, अगर कोई व्यक्ति बिना जांच पड़ताल किए अफवाह वाली खबर को ग्रुप में डालते हैं तो वैसे व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन से सत्यता की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।मौके पर अपर एसडीओ शहजाद अहमद, बीडीओ बखरी मेहनाज जबीन, नावकोठी चिरंजीव पांडे, सीओ नावकोठी राकेश सिंह यादव, गढ़पुरा सीओ स्मिता कुमारी,नगर कार्यपालक पदाधिकारी नीलम स्वेता, आरओ राजीव कुमार, जिला परिषद अमित कुमार देव, घनश्याम राय, सपा जिलाध्यक्ष दिलीप केशरी, आरएसएस के मनोरंजन वर्मा,सोनमा मुखिया रामकरण पासवान, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि राजू कुशवाहा,पूर्व मुखिया अब्दुल हलीम, मनोहर केसरी, शिवनारायण राम, तुफैल अहमद खान, पूर्व पंसस पंकज पासवान, पार्षद हीरा राम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष बीके राय, भाकपा अंचल मंत्री शिव सहनी,जवाहर राय,नवल किशोर राय, गौतम सिंह राठौर, संतोष कुमार साहू, संजीत साह आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## नशा मुक्ति को पदाधिकारी, कर्मी एवं जनप्रतिनिधियों ने किया शपथ ग्रहण

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली, पू.च :** प्रखंड के पदाधिकारी,कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने मादक पदार्थों के सेवन नही करने को लेकर शपथ ग्रहण लिया। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सह पंचायत समिति कार्यपालक पदाधिकारी नाजिश परवीन के नेतृत्व में ली गई शपथ ग्रहण में मुखिया अवधेश प्रसाद कुशवाहा,जेई मनोज कुमार,प्रखंड समन्यवक अखिलेश प्रसाद,वार्ड सदस्यों के प्रखंड उपाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता,ग्राम सेवक प्रमोद कुमार,युगल किशोर और विद्यासागर प्रसाद सहित अन्य प्रखंड कर्मी शामिल रहे।जिन्होंने सामुहिक रूप से एक जुट होकर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रतिज्ञा लिया कि न केवल हमारे समुदाय,परिवार,दोस्त बल्कि खुद को नशा मुक्त बनाएंगे।क्योंकि परिवर्तन अंदर से शुरू होता है इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने जिले को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए प्रतिज्ञा किया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय के वर्ग 11 में चयन परीक्षण के आधार पर होगा नामांकन

**नवोदय विद्यालय समिति करेगा आयोजन**

**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** नवोदय विद्यालय समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पत्र के आलोक में जिला प्रशासन पश्चिम चम्पारण बेतिया जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय में वर्ग 11 में नामांकन को स्पष्ट निर्देश की अनुशंसा की है। प्रायः जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्र- छात्राओ का नामांकन 6 वर्ग में चयन परीक्षण के आधार पर सीबीएसई आयोजित की जाती है। इसके अतिरिक्त वर्ग नवम और दशम में रिक्तियां चयन प्रक्रिया के आधार भरी जाती है। अलग अलग समय पर अलग अलग बोर्ड द्वारा परिणाम निकाली जाती है जिससे अनेक समस्याएं उत्पन्न हो जाती है। इसी का सामना करने के लिए नवोदय विद्यालय समिति ने वर्ग नवम में शैक्षणिक सत्र 2023-24 से नामांकन एवं चयन को जाँच आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसके लिए आन लाईन पोर्टल के माध्यम से वर्ग 11 के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है जो नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइटपर उपलब्ध है। चयन के लिए जाँच 22 जुलाई 2023 दिन शनिवार को आयोजित होगा। इच्छुक छात्र-छात्राएं जवाहर नवोदय समिति शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सुविधा का लाभ ले सकेंगे जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया गया है कि वे इच्छुकों से मिलकर इस चयन प्रक्रिया का विस्तार से चर्चा करते हुए लाभार्थी के बीच कार्य करेंगें।

## शहर >> अपडेट

### प्रखंड कार्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान पर ली शपथ ग्रहण

**गिद्दी** :प्रखंड सह अंचल कार्यालय डाड़ी में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रखंड एवं अंचल कर्मीयों को प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष गुप्ता एवं अंचलाधिकारी निशात अंबर द्वारा सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई। बीडीओ श्री गुप्ता और सीओ एन अंबर ने कर्मियों को नशीली दवाओं के उपयोग से खुद को, अपने परिवार, अपने मित्रों अपने समाज को प्रखंड, जिला तथा राज्य को बचाने हेतु प्रखंड तथा अंचल के पदाधिकारियों तथा कर्मियों के द्वारा जागरूक करने के लिए शपथ ग्रहण किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### समाजसेविका सरिता कुमारी भारतीय रेल यात्री कल्याण समिति के सदस्य मनोनीत

**बेरमो/ललपनिया** : राष्ट्रीय स्तर पर रेल यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि व यात्रा के दौरान होनेवाली समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करने वाली देश की एकमात्र संस्था भारतीय रेल यात्री कल्याण समिति अध्यक्ष एवं जेड आर यूसीसी उत्तर मध्य रेलवे, रेल मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार तिवारी ने पत्र जारी कर झारखंड बोकारो ललपनिया निवासी समाजसेविका सह शिक्षिका सरिता कुमारी की रेल सेवा के प्रति रुचि को देखते हुए समिति का विशिष्ट सदस्य मनोनीत किया है। शिक्षिका सरिता कुमारी समिति के सदस्य मनोनीत होने पर होसिर पश्चिमी पंचायत की मुखिया पार्वती देवी, झारखंड समृद्धि ट्रस्ट के सचिव रंजीत प्रजापति, वार्ड सदस्य राजेश्वर साव, यूगेश्वर रविदास,संतोषी देवी, रिना देवी,बिंदिया देवी,सीता देवी, विकास प्रजापति, परमेश्वर रविदास, राजकुमार दास सहित गोमिया तथा बोकारो क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनसे भारतीय रेलयात्रियों के समस्याओं के समाधान तथा सुविधाओं में वृद्धि की अपेक्षा की है। सरिता कुमारी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि वह क्षेत्र के रेल यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि हेतु हर सम्भव प्रयास करेंगी ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एनसीओईए बीएंडके क्षेत्रिय कमिटी ने बीएंडके महाप्रबंधक को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**बेरमो** : एनसीओईए (सीटू), बीएंडके क्षेत्रिय कमिटी की ओर से महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्यद्वार पर प्रदर्शन करते हुए 10 सूत्री मांगपत्र प्रबंधन को सौंपा। उससे पहले बीएंडके प्रबंधन के विरोध में नारेबाजी की। क्षेत्रीय सचिव विजय भोई ने कहा कि प्रबंधन व युनियन के बीच हुई वार्ता मे जो सहमति बनी थी,उसे कार्यान्वित नहीं किया गया है। उन्हें 15 दिनों के अंदर कार्यान्वित किया जाए ।जिसमे एकेके परियोजना से कुरपनिया, सण्डेबाजार, फ्राईडेबाजार, 4 नंबर आदि रिहायशी इलाकों से होकर चलने वाले कोल ट्रांसपोर्टेशन को वैकल्पिक मार्ग से चलाया जाए। बोकारो कोलियरी अस्पताल को पर्याप्त चिकित्सक, नर्स, पारा मेडिकल स्टाफ आदि मुहैया कराया जाए ।सेवानिवृत्त कर्मी जो क्षेत्र के सरप्लस आवासों में किराया देकर रहना चाहते हैं, एक नियम बनाकर उन्हें आवास आबंटित किया जाए एवं आवासों के खरीद-बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। कायाकल्प योजना के दौरान किए गए अधूरे कार्यों की जाँचकर बरसात पूर्व छतों पर तारफेल्टिंग कार्य अविलंब करवाया जाए। कारो परियोजना से संबंधित विस्थापितों की माँगों पर सकारात्मक पहल कर अविलंब परियोजना से उत्पादन कार्य को चालू किया जाए। क्षेत्र के आवासीय कॉलोनियों की जर्जर सड़कों की पूर्ण मरम्मती कार्य अविलंब कराया जाए। भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए वर्षों से संवेदनशील विभागों में जमे हुए कर्मियों का स्थानांतरण किया जाए। प्रावधान के अनुसार सेवानिवृत्ती के साथ ही कर्मियों के सीएमपीएफ व पेंशन का सेटलमेंट किया जाए। इस अवसर पर वरीय नेता प्रदीप सचिव विश्वास, सीटू बोकारो जिलाध्यक्ष अध्यक्ष भागीरथ शर्मा, एन ।सीओ ।ई ।ए उपाध्यक्ष श्याम बिहारी सिंह दिनकर, एरिया सचिव विजय भोई, अध्यक्ष मनोज पासवान, कारो सचिव पंकज महतो व अध्यक्ष कुणाल कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**समारोह** छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया

# नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत शपथ ग्रहण समारोह का किया गया आयोजन



- छात्र-छात्राओं तथा ग्रामीणों के द्वारा नशा उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण किया गया।
- छात्राओं के बीच भाषण, निबंध, चित्रांकन आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अवधारित नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आज 26 जून को समाहरणालय सभागार में नशा मुक्ति को लेकर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान माननीय सांसद जयंत सिन्हा, मनीष जायसवाल, माननीय विधायक, सदर विधानसभा क्षेत्र जयप्रकाश भाई पटेल,विधायक माण्डू ,अकेला यादव, माननीय विधायक, बरही, अमित यादव माननीय विधायक बरकट्ठा, अम्बा प्रसाद विधायक, बड़कागांव विधानसभा, उमेश मेहता अध्यक्ष, जिला परिषद, हजारीबाग रामकिशुन यादव, उपाध्यक्ष, जिला परिषद, हजारीबाग एवं अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नशा उन्मूलन अभियान में युवाओं को सम्मिलित किये जाने एवं हजारीबाग जिले को नशामुक्त कराने का संकल्प लिया गया। उक्त शपथ कार्यक्रम के दौरान नैन्सी सहाय, उपायुक्त, हजारीबाग, प्रेरणा दीक्षित, उप विकास आयुक्त, हजारीबाग सरयु प्रसाद सिंह, सिविल सर्जन, उपेन्द्र नारायण, जिला शिक्षा पदाधिकारी, इन्दु प्रभा खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग एवं अन्य वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। उपायुक्त के निदेशानुसार आज दिनांक 26.06.2023 को नशीली दवाओं के दुरूपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जिलान्तर्गत समाज कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग के परस्पर सहयोग से चिहिन्त 10 विद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, निबंध, चित्रांकन आदि प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं की स्वेच्छा से उन्हें नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम से जुड़ने हेतु मास्टर पॉलिटियर्स के रूप से चिन्हित किया गया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त के निदेशानुसार जिला स्तरीय एवं प्रखण्ड स्तरीय कार्यालयों, संचालित सभी विद्यालयों, आँगनवाड़ी केन्द्रों में उपस्थित पदाधिकारियों, कर्मियों, छात्र-छात्राओं तथा ग्रामीणों के द्वारा नशा उन्मूलन हेतु शपथ ग्रहण किया गया।

जिलान्तर्गत सम्प्रेक्षण गृह, हजारीबाग सहित सभी बाल देखरेख संस्थान में भी नशा उन्मूलन हेतु शपथ कराया गया। जिला प्रशासन (समाज कल्याण विभाग) की ओर से इस अवसर पर स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता हेतु महत्त्वपूर्ण स्थानों पर होर्डिंग्स भी लगाये गये।

## ग्रामीणों ने पेड़ लगाने का लिया संकल्प

राष्ट्रीय खबर

**बासल** : जून महीने से सितंबर माह तक पेड़ उपकर्म चतुर्मास के अंतर्गत रामगढ़ जिले के ग्राम लादी, चिकोर, रसदा, बरतुआ एवं कोतो में पौधे वितरण किया जा रहा है. जिनमे आम, जामुन, कटहल, करंज, आंवला, अनार, शरीफा महोगनी सखुआ, गुलमोहर, पपीता आदि शामिल हैं। जहाँ इसमें कुछ फलदार हैं तो कुछ औषधीय, छायादार एवं काष्यठीय हैं। इन गांवों के लोगों ने शपथ लिया कि पेड़ को अच्छे ढंग से लगाएंगे। कीटनाशक दवा डालेंगे घेरा बनाएंगे और इसकी सुरक्षा करेंगे। बढती हुई भीषण गर्मी ने लोगों को एहसास करा दिया कि पेड़ धरती पर होना कितनी जरूरी है। इस कड़ी में रसदा वस्ती की इंदु देवी जो नारी शक्ति का संगठन चलाती है। वह हर एक नारियों को देश के नाम एक पेड़ लगाने को कहेगी। वहीं लादी के संजय यादव एवं पब्लिक स्कूल चिकोर के प्रधानाचार्य अमरनाथ कुशवाहा ने कहा कि हम तो पेड़ लगाएंगे हीं और हर एक विद्यार्थियों को एक एक पेड़ घर पर लगाने के लिए देंगे। बरतुआ के दीपक कुमार महतो ने पौधे लेते हुए कहा कि हम अपने घर के हाते के अंदर और बाहर घेरा करके पौधे लगाएंगे, और उसकी सुरक्षा करेंगे। वही कोतो के सुनील कुमार महतो ने पौधा लेते हुए कहा कि हम कोतो पहाड़ी पर सखुवा महोगनी आम जामुन का पेड़ लगाएंगे और घेरा करेंगे। सबों ने बड़े उत्साह से पौधे प्राप्त किए और अच्छी तरह से लगाने

पति बेटा के निधन के बाद अपना कहने को बस यही मकान ही था

## रात्रि 3 बजे गिरा गरीब बुजुर्ग असहाय महिला का इंदिरा आवास

- रहने खाने की तो बात छोड़िए बरसात से बचने के लिए अब कोई ठिकाना भी नहीं रहा
- अपना कहने को कोई नहीं रहा अकेले जिंदगी जी रही है सावित्री देवी



राष्ट्रीय खबर

चंद्रपुरा: बोकारो झरिया ओपी थाना क्षेत्र के कमार्टांड़ पंचायत स्थित हरिजन टोला में बीते रात्रि लगभग 3 बजे हो रही हल्की हल्की बारिश के दौरान महिला बुजुर्ग सावित्री देवी की बरसों पहले बनी इंदिरा आवास का पूरा का पूरा छत धड़ाम से नीचे गिर पड़ा वो तो गनीमत था कि इस परिवार में अकेली बची सावित्री देवी इस मकान के छोटी सी हिस्से के बरांडा पर सो रही थी। जिस कारण इसकी जान बच गई। अन्यथा यहां का माहौल कुछ और ही होता। मालूम हो कि यह इंदिरा आवास कमार्टांड़ पंचायत के भूतपूर्व मुखिया मुखलाल महतो ने 30 वर्ष पहले सावित्री देवी को दिया था। सावित्री देवी अपने परिवार में इकलौती बची हुई है। इनका पति और एकलौता बेटा का निधन बहुत पहले ही हो चुका है। सावित्री देवी इस छोटी सी क्षतिग्रस्त मकान पर रखकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही थी। पर आज उनका ऐ क्षतिग्रस्त मकान भी ध्वस्त हो गया। न पति बचा न बेटा, बस यह मकान था अपना, जो निकला बेगाना

विधायक अंबा प्रसाद ने आम सभा का किया उद्घाटन

## रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 30 वां वार्षिक आमसभा

राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़**: रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का 30 वां वार्षिक आमसभा चेंबर भवन में विधिवत रूप से आरंभ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित थे। वही इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में झारखंड फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री एवं जिंदल स्टील पतरातु के प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया मौजूद थे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेंबर के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का स्वागत किया गया। रामगढ़ चेंबर के आम सभा को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि चेंबर को मुझसे बहुत उम्मीदें हैं, यह मेरे लिए प्रेरणादायक है। जो भी समस्याएं चेंबर ने बताई है उसको हल करने का काम करूंगी। चेंबर का समाज के उत्थान में पूरा योगदान देते है। साथ मिलकर हम आगे बढ़ेंगे तो आगे बेहतर तरीकों से काम किया जा सकेगा। चेंबर ने सम्मान दिया है उसके लिए सभी को हार्दिक धन्यवाद। रांची-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के बरकाकाना में ठहराव के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो दिल्ली तक बात ले जाऊंगी। पर्यटन की जहां भी संभावना है उसमें लगकर विकसित किया जाएगा। भुरकुंडा मे 12 जुलाई बिजली मीटर लगाने का काम शुरू हो जाएगा। कल्पना ड्रेसेज से भरत पांडेय की दुकान तक सड़क निर्माण के लिए जल्द ही फंड उपलब्ध करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास है कि क्षेत्र की समस्या दूर हो। आपके सुझाव, सहयोग और साथ से ही यह संभव हो सकता है। आप समस्याओं पर बेझिझक मुझसे मिलें, अंबा हर कदम पर आपके साथ है। वहीं झारखंड फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री

## ढोरी जीएम ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो**: स्वच्छता अभियान में तेजी लाने को सीसीएल ढोरी प्रबंधन रेस हो गया है। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सोमवार को सीसीएल ढोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाप्रबंधक एमके अग्रवाल ने कहा कि जहां-तहां कचरा न फेंकें। पालीथिन का उपयोग न करें। क्योंकि पालीथिन नष्ट नहीं होता। महाप्रबंधक ने कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। सामूहिक सहयोग से ही कालोनियों व क्षेत्र को साफ-सुथरा रखा जा सकता है। मौके पर सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के एएफएम राजीव कुमार, एसओपी प्रतूल कुमार, पीओ रंजीत कुमार व शैलेश प्रसाद, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उइके, सीएसआर अधिकारी शैलेश प्रसाद, वरीय कार्मिक प्रबंधक माला कुमारी, सह कार्मिक प्रबंधक शालनी यादव सहित यूनियन नेता रविंद्र कुमार मिश्रा, व सांसद प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी उपस्थित थे।

**पोषाहार** स्वास्थ समृद्धि वाहन परियोजना के तहत छठे दिन हुआ शिविर का आयोजन

# आंगनबाड़ी केंद्र के कुपोषित बच्चों को मिला पोषाहार

राष्ट्रीय खबर

**रामगढ़**: रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत सोमवार को ब्लॉक मोड़ पतरातू के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर के छठे दिन आसपास के क्षेत्रों के चिन्हित सभी 33 कुपोषित बच्चों को तीन समय का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया वही 12 लोगों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई।

**सिटी एसपी ने बाताया** वही 12 लोगों को टेलीमेडिसिन सेवा भी उपलब्ध कराई गई

**सिटी एसपी ने बाताया** अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे



**स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं**

विस्तृत कवरेज-एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी। भंडार कक्ष-यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा। कार्य-यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रतेक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी। लक्षित समूह-उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे। सेवाएं -चलित कुपोषण उपचार वाहन द्वारा दो तरह की सुविधाएं दी जाएंगी। नियमित भोजन-कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपयुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जाएगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जाएगा। टेलीमेडिसिन-यह मेडिकल वैन रोस्टर के अनुसार गांव- गांव जाएगी और कुपोषित बच्चों के साथ- साथ वयस्कों के लिए टेलीमेडिसिन पर काम करेगी।

### मुखिया समन्वय अधिकार समिति ने किया साप्ताहिक बैठक

**पतरातू** : मुखिया समन्वय अधिकार समिति औद्योगिक क्षेत्र पतरातू की बैठक शाह कॉलोनी पंचायत सचिवालय भवन में समिति अध्यक्ष सह हनुमानगढ़ी पंचायत की मुखिया नूतन सिंह की अध्यक्षता व संचालन मुखिया सुमन भारती के द्वारा किया गया। बैठक में सभी पंचायतों के समस्याओं व अन्य विकास कार्य पर चर्चा किया गया। साथ ही बीते शुक्रवार की रात्रि सांकुल पंचायत निवासी पंकज कुमार दास की निर्मम हत्या पर गहरा शोक संवेदना प्रकट किया गया। तथा प्रशासन से दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग के साथ मृतक के परिजन को अभिलंब सरकारी नौकरी की मांग किया गया। वही बैठक में मुख्य रूप से मुखिया श्यामली महाता, पिंकी खातून, सुमन भारती, प्रीति झा, निधि सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राहुल रंजन, गिरजेश कुमार, जयप्रकाश सिंह, परमानंद कुमार, वीरेंद्र झा सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

### प्रखंड स्तर पर स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**गोला** : प्रखंड स्तर पर स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 6 से 18 वर्ष के छात्रों का विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कराना है। वैसे बच्चे जिनका नामांकन कोई विद्यालय में नही है, उनका नामांकन करना और उनकी उपस्थिति शत प्रतिशत करना है। कक्षा 1 से 11 तक के सभी नामांकित छात्रों का सत्र 2023-24 में नामांकन और उपस्थिति शत प्रतिशत करवाना है। सभी छात्रों के उपस्थिति को ई. विद्यावाहिनी में दर्ज करना है।वित्तीय वर्ष 2023-24 में चिन्हित सभी अनामांकित छात्रों का नामांकन सुनिश्चित करना है।इस संबंध में विद्यालय स्तर पर 20 दिवसीय आयोजन किया जाना है। जिसकी जिम्मेदारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति, पंचायत प्रतिनिधि की है। स्कूल रुआर कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख गीता देवी, बीडीओ संतोष कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहदेव कर्मकार, उप प्रमुख विजय ओझा, जिला परिषद् सदस्य, बीस सूत्री अध्यक्ष, मुखिया प्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, प्रधानाध्यापक, शिक्षक, सभी बी.आर.सी, सी.आर.पी. और बी.पी.ओ. आदि उपस्थित थे।

### बकरीद को लेकर कथारा ओ0पी मे शांति समिति बैठक

**बेरमो** : इस्लामिक धर्मावलंबियों का त्योहार बकरीद को शान्ति पूर्ण ढंग से मनाने को लेकर 25 जून की संध्या कथारा ओ०पी परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ओ पी प्रभारी प्रिन्स कुमार सिंह ने की। बैठक में दर्जनों शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में उपस्थिति वक्ताओं ने कहा कि यह क्षेत्र आरंभ काल से ही शांति एवं सौहार्द बनाए रखा है। यहां के लोग एक-दूसरे के पर्व त्यौहारों मे बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। मौके पर ओ पी प्रभारी सिंह न कहा कि यदि कहीं से भी किसी प्रकार का हुडदंग अथवा समाज विरोधी तत्वों द्वारा अपवाद फैलाई जाती है तो इसकी सूचना तत्काल थाना को दें। पुलिस अबिलंब कार्यवाई करेगी। शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी के अलावा सहायक अवर निरीक्षक गुप्तेश्वर पांडेय, संतोष सरदार, मुंशी इन्दर पासवान, कथारा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य निभा देवी, बांध पंचायत के पंचायत समिति सदस्य चंद्र देव यादव, शमशुल हक, तपेश्वर चौहान, राम कुमार यादव, मुस्ताक अहमद, डाक्टर सर्जन चौधरी, आदि उपस्थित थे।

### भाजपा किसान मोर्चा ने किया मच्छरदानी का वितरण

**बेरमो** : फुसरो नप अंतर्गत मकोली स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह द्वारा गरीब, असहाय महिला, दिव्यांग व जरूरत मन्दो के बीच मच्छरदानी का वितरण किया गया। यहां मां विंध्यवासिनी सेवा समर्पण संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान व संयोजक सुनील वर्मा सहित सदस्यो ने राजेश सिंह को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की पुस्तिका वितरण करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के नौ साल पूरे होने पर पुस्तक के माध्यम से सरकार के देशहित, समाजहित में किए गए कार्यों को जनता के समक्ष रखा जा रहा है और जनता को जागरूक किया जा रहा है, कहा कि जनता के आशीर्वाद व समर्थन से 2024 में मोदी जी हैट्रिक लगाकर पुनः प्रधानमंत्री बनेंगे। मौके पर सुनील वर्मा, सुशील राम आदि मौजूद थे।

### भाजपा किसान मोर्चा ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान

**बेरमो** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में सोमवार को भाजपा द्वारा महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सेवा सुशासन गरीब कल्याण के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 9 साल में किए गए कार्यों को हर घर जाकर लोगों को बताया गया। जिसका नेतृत्व कर रहे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल में किए गए सभी विकास कार्यों को लोगो को बताया जा रहा है। साथ ही इस अभियान के तहत 9090 902024 में मिस कॉल कर भाजपा के लिए एवं मोदी जी के लिए जनसमर्थन एवं आशीर्वाद मांगा जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के लोगों का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति लोगों का विश्वास और भरोसा पहले से ज्यादा जगा हुआ है। इस अभियान में दीपक अग्रवाल, चौरसिया, शंकर गोयल,आशुतोष कुमार, दीपक गिरि, अजय गिरि आदि लोग का भरपूर सहयोग रहा।

### झारखंड प्रदेश कुर्मी महासभा करेगा प्रतिभा सम्मान समारोह



**गिद्दी** : झारखंड प्रदेश कुर्मी महासभा की ओर से बलसगरा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 9 जुलाई को किसान मजदूर उच्च विद्यालय बलसगरा में प्रतिभा सम्मान समारोह किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो, सेवालाल महतो, बिहारी महतो, मंगलदेव महतो, गुलचंद महतो, सुरेंद्र महतो, सुदर्शन महतो,लालधन महतो, रामचंद्र महतो, मोतीलाल महतो, बैजनाथ महतो, मोहरलाल महतो,दुबेश्वर महतो, बैजनाथ महतो एवं काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। बैठक में तैयारी समिति गठन किया गया। जो इस प्रकार है : सेवालाल महतो, गुलचंद महतो, मंगलदेव महतो, प्रमोद कुमार महतो, बिहारी महतो, देवकी महतो, रघुनंदन प्रसाद, रामटहल महतो, लालधन महतो, सुरेंद्र महतो, मोतीलाल महतो, सुदर्शन महतो, देवकी महतो, कपिल देव चौधरी, रामप्रसाद महतो,झरी महतो शामिल है।मैट्रिक परीक्षा में 90% और इंटर में 85% अंक प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं को हजारीबाग जिला स्तर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**गिद्दी** : डाड़ी प्रखंड के गिद्दी पंचायत क के सचिवालय में सम्मान समारोह का आयोजन मुखिया कविता सिंह द्वारा किया गया। मुखिया श्रीमती कविता सिंह ने बताया कि डॉ ।अनुग्रह नारायण सिंह +2 विद्यालय की छात्रा सुश्री नेहा कुमारी 406अंक पिता परमानंद पांडेय एवं कुमकुम कुमारी 404 अंक पिता स्व। संतोष पांडा ने दसवीं की परीक्षा में स्कुल की द्वितीय और तृतीय टॉपर बनने पर सम्मान सम्मान समारोह कर सम्मानित किया गया मुखिया श्रीमती कविता सिंह द्वारा दोनों टॉपर को मेडल पहनाकर तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि क्षेत्र की निर्धन परिवार से आनेवाली बेटियों को टॉप करने पर समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है।मुखिया ने कहा कि समाज अपनी मेधावी छात्राओं को समय समय पर पढ़ने में सहायता करने की बात भी कही।इस मौके पर सेफ्टी बोर्ड सदस्य अरुण कुमार सिंह, वार्ड सदस्य सूरज कुमार सिंह, गुलशन खातून, समाज सेवी विकास सिंह, संतोष गुप्ता, विजय मिश्रा, बबलू, डोली कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

संपादकीय

# यह देश है कोई प्रयोगशाला नहीं

देश में चुनाव करीब आते ही फिर से समान नागरिक संहिता का सवाल उठा दिया गया। साफ है कि यह राजनीतिक लाभ की चाल है लेकिन जिस मौके पर इसे लाया गया है, वह गलत है। मणिपुर के जो हालात हैं, उससे पूरा देश चिंतित है। म्यांमार की सीमा से सटे इस राज्य में शांति कैसे स्थापित हो, इस पर केंद्र सरकार कोई चर्चा नहीं कर रही है और हर बार की तरह इस बार भी फिर से समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा रहे हैं। समान नागरिक संहिता के विचार पर जनता से विचार मांगने का विधि आयोग का निर्णय एक राजनीतिक पहल प्रतीत होता है जिसका उद्देश्य संभावित विभाजनकारी मुद्दे को अगले साल के आम चुनाव से पहले फोकस में लाना है। यह 22वां ऐसा पैनल है जबकि 21वें आयोग ने 2018 में एक परामर्श पत्र जारी किया था जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि उस स्तर पर समान नागरिक संहिता ''न तो आवश्यक थी और न ही वांछनीय''। एक सुविचारित दस्तावेज में, तब यह तर्क दिया गया था



कि विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों में सुधार की पहल का ध्यान विभिन्न धर्मों को नियंत्रित करने वाले कानूनों में एकरूपता लाने के प्रयास के बजाय सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करना होना चाहिए। दस्तावेज प्रकृति में प्रगतिशील था, क्योंकि इसमें एकरूपता पर गैर-भेदभाव पर जोर दिया गया था, और यह माना गया था कि समाज पर नियमों का एक सेट लागू करने के बजाय विवाह, तलाक, विरासत और गोद लेने जैसे व्यक्तिगत कानून के पहलुओं को नियंत्रित करने के विविध साधन हो सकते हैं। . इसमें भेदभावपूर्ण प्रावधानों को हटाना होगा, विशेष रूप से वे जो महिलाओं को प्रभावित करते हैं, और समानता में निहित कुछ व्यापक मानदंडों को अपनाना होगा। तब से ऐसा कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं हुआ है जिसके लिए नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता हो, सिवाय इसके कि शायद वर्तमान व्यवस्था के लिए इस मुद्दे को चुनावी क्षेत्र में लाना एक राजनीतिक आवश्यकता है। अब मणिपुर की बात करें तो जब समूह एक-दूसरे के खिलाफ अनियंत्रित और लक्षित हिंसा में संलग्न होते हैं, आपूर्ति के परिवहन को रोकने के लिए नाकाबंदी का उपयोग करते हैं, और विस्थापित लोगों को उनके घरों में वापस जाने से रोकते रहते हैं तो कोई निवारण नहीं हो सकता है। किसी अन्य संघर्ष को उभरने से रोकने के लिए शिकायतें सुनने से पहले सामान्य स्थिति में लौटना पहला कदम है। अर्धसैनिक बलों की मौजूदगी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा आदिवासी और इंफाल घाटी क्षेत्रों के दौरे के बाद शांति की अपील पर्याप्त नहीं है। सर्वदलीय बैठक में भी इस भीषण समस्या के समाधान पर कोई रास्ता केंद्र सरकार के पास नहीं दिखा। सिर्फ सेना के सहारे स्थिति को नियंत्रित रखने का अर्थ है कि वहां के पूरे समाज को स्थायी तौर पर बांट देना ही है। शांति की स्थितियां स्थापित करने के संदर्भ में, जिसमें लूटे गए हथियारों की वापसी और विस्थापित लोगों की उनके क्षतिग्रस्त घरों में धीमी और निश्चित वापसी शामिल होगी, बहुत कम प्रगति हुई है। राज्य में प्रतिष्ठित सार्वजनिक हस्तियों को शामिल करने वाली केंद्र सरकार की शांति समिति के गठन में बाधा आ गई है, क्योंकि उनमें से कई ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया है या सुझाव दिया है कि उन्हें पूर्व परामर्श के बिना समिति में जोड़ा गया है। शांति पहल की सफलता के लिए आवश्यक है कि संघर्ष में सभी समूहों का प्रतिनिधित्व किया जाए और इसमें सार्वजनिक प्रतिष्ठा वाले या उनकी पहचान से परे रिकॉर्ड वाले प्रतिनिधि शामिल हों। इस पहल से कुछ सार्वजनिक हस्तियों के हटने से दुर्भाग्य से मणिपुर में नागरिक समाज के जातीयकरण का पता चलता है और शांति निर्माण जटिल हो जाता है। अधिक चिंता की बात यह है कि कुकी-जो प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से अपना नाम वापस ले लिया है क्योंकि समिति में मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह भी शामिल थे, जबकि मैतेई नागरिक समाज समूह ने इस मुद्दे को ह्लनार्को-आतंकवादह्व से संबंधित एक अनुचित सामान्यीकरण के रूप में उठाया है। समिति से हटने के लिए. सरकार को अब भी प्रमुख राजनीतिक और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को एक-दूसरे से बात करने के लिए राजी करना नहीं छोड़ना चाहिए। तथ्य यह है कि इस मुद्दे पर किसी भी अगले कदम को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के तत्वावधान की आवश्यकता है, यह सभी दलों के विश्वास को बनाए रखने में बीरेन सिंह प्रशासन की विफलता को भी दशार्ता है। ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के लिए एक वैकल्पिक नेतृत्व के बारे में सोचने का समय आ गया है जो शांति निर्माण की प्रक्रिया को आसान बना सकता है क्योंकि श्री सिंह के कार्यों ने, हिंसा से पहले और उसके बाद दोनों में, या तो अप्रभावी रहे या प्रभावी ढंग से शासन करने में असमर्थता दिखाई।

# मोदी ने साबित किया - झुकती है दुनिया, झुकाने वाला चाहिए

नौ फरवरी 2014 को चेन्नई में कट्टनकुलाथुर में एसआरएम विश्वविद्यालय के डॉ.। टीपी गणेशन ऑडिटोरियम में छात्रों को संबोधित करते हुए आज के देश के प्रधानमंत्री और उस समय के भाजपा के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया झुकती है, लेकिन इसे झुकाने वाला चाहिए।

और ये आज उन्होंने साबित करके दिखा दिया। 2005 में नरेंद्र मोदी के गुजरात के सीएम थे। गुजरात दंगों को तीन साल हुए थे; गुजरात दंगों को लेकर उनके खिलाफ मामला भी चल रहा था। हालाकि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया था। उस समय नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के वीजा के लिए आवेदन किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने उन्हें वीजा देने से मना कर दिया था। अब उसका उल्टा हुआ है, अमेरिका ने मोदी को स्टेट गैस्ट ही नही बनाया। उनके स्वागत में पलक पांवडे



**अशोक मधुप**
पत्रकार

बिछा दिए।अमेरिका के प्रथम नागरिक राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रधानमंत्री मोदी का खुली बाहों से स्वागत किया। उनके स्वागत में तोपों की सलामी दी गई। इतना ही नहीं, पीएम मोदी इस बार अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करके इतिहास रचा। वो ऐसा करने वाले पहले भारतीय पीएम बनें।

1965 के युद्ध के समय भारत ने अमेरिका से अपनी जरूरत के लिए शस्त्र खरीदने चाहे थे । अमेरिका ने पाकिस्तान से अपनी दोस्ती निभाई। उसने भारत को शस्त्र देने से साफ मना कर दिया।कारगिल युद्ध के समय भारत ने अमेरिका से कहा कि वह अपना नेवीगेशन सिस्टम प्रयोग करने की अनुमति दे, किंतु अमेरिका ने मना कर दिया। 1971 के भारत और पाकिस्तान युद्ध के समय अमेरिका ने भारत को धमकाने के लिए बंगाल की खाड़ी में अपना सातवां बेड़ा भेजा था।

आज हालत यह है कि अमेरिका भारत को एक से एक आधुनिक शस्त्र देने का तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल की यात्रा के दौरान रक्षा, दूरसंचार, सेमी कंडक्टर, ऊर्जा, शिक्षा और अंतरिक्ष एक्सप्लोरेशन और क्वांटम कंप्यूटिंग सहित अन्य अग्रणी प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कई अहम समझौते हुए।अमेरिका की प्रतिष्ठित कंपनी जनरल इलैक्ट्रोनिक्स एंडएयरस्पेस और भारत की हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स लिमिटेड के बीच समझौता हुआ कि लाइट कॉम्बैट एयर क्राफ्ट तेजस एमके-दो लिए जीईएफ414 इंजिन बनाया जाएगा।द्रोण खरीदने, स्पेस मिशन और भारत में चिप बनाने से जुड़े समझौते भी अहम घोषणाओं में शामिल हैं,पर इन सबमें लड़ाकू विमान के इंजिन बनाने की घोषणा काफी अहम हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बताया कि अब उन्हें एच-वन वीजा के नवीनीकरण के लिए अमेरिका के बाहर नही जाना होगा,उन्होंने बताया कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके के बीच हुई बैठक में हुआ। अब भारतीय अमेरिका में ही रहते एच-वन बीजा का नवीनीकरण करा सकेंगे ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन ने औपचारिक स्वागत और आधिकारिक भोज के अलावा व्हाइट हाउस में एक निजी रात्रिभोज के लिए प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी की, इसमें 500 से अधिक अतिथि शामिल हुए। राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी दो अवसरों पर अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले पहले भारतीय नेता बने। इस सत्र के संबोधन के दौरान अमेरिका के सांसदों लगभग 70 बार ताली बजाई।संबोधन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की लोकप्रियता दिखाई दी। अमेरिकी सांसद उनसे हाथ मिलाने , और उनके आटोग्राफ लेने के उत्सुक दिखाई दिए।कई सांसद ने तो मोदी के साथ अपनी सैल्फी की। दर्जनों बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ से मिलने के अलावा, प्रधानमंत्री ने न्यूयॉर्क और वाशिंगटन में दो बार भारतीय प्रवासियों को भी संबोधित किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दौरे की बडी उपलब्धि यह भी है कि अमेजान और गूगल अब भारत में करोड़ो डालर का निवेश करेंगे,भारत से तस्करी होकर अमेरिका गए 100 से ज्यादा पुरावशेष भी अमेरिका ने भारत को लौटाने का वायदा किया है।इतना ही नही अमेरिकी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता और एनएसजी में भारत के प्रवेश के समर्थन को दोहराया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से परहेज करने वाला अमेरिका आगे बढ़कर अब उन्हें गले लगाते लगा आ रहा है। सब जानते है कि अमेरिका संबंध सिर्फ फायदे के लिए बनाता है। भारत में बदलते राजनीतिक बदलाव के बीच अमेरिका ने भी अपनी नीति में बदलाव कर दिया और आज आलम ये है कि अन्य भारतीय नेताओं ने पहले भी कांग्रेस को संबोधित किया है, लेकिन किसी ने भी दो बार ऐसा नहीं किया है। यहां तक कि वे तीन भारतीय प्रधान मंत्री भी नहीं जो मोदी से अधिक समय तक पद पर रहे। लेकिन 2014 में मोदी के भारत के प्रधान मंत्री बनने के बाद चीजें तेजी से बदल गईं। उस वर्ष उन्होंने मैडिसन स्क्वायर गार्डन में एक भाषण दिया। उन्होंने पहली बार 2016 में कांग्रेस को संबोधित किया और फिर तीन साल बाद, दोबारा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद ह्यूस्टन में एक संयुक्त रैली के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात की। ऐसे में राजकीय रात्रिभोज और कांग्रेस का संबोधन उगते सूरज को सलाम वाली कहावत की पुष्टि करता है। ओबामा, ट्रंप और अब बाइडन नरेंद्र मोदी की दिल खोलकर वाहवाही और प्रशंसा करते रहे हैं। आज के विश्व परिदृश्य में अमेरिका को भारत की जरूरत है।

वह चीन की आक्रामकता को लेकर परेशान है।वह देख रहा है कि चीन उसके नजदीकी वियतनाम पर कभी भी हमला कर सकता है। ऐसे में उसे युद्ध में उतरना पड़ेगा।भारत और चीन की सीमाएं सटी हैं।पिछले एक साल से ज्यादा सयम से भारत और चीन की सेनाएं सीमापर तैनात हैं। चीन की आक्रामकता का भारत बखूबी जवाब दे रहा हैं। ऐसे में अमेरिका चाहता है कि भारत उसके साथ रह। इसीलिए वह भारत के प्रधानमंत्री के लिए पलक पांवडें बिछा रहा है, जबकि उसने भारत के विरोध में बावजूद सिंतबर 2022 को पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के उच्चीकरण के लिए 45 करोड़ डालर (3,651 करोड़ रुपये) की धनराशि स्वीकृत की थी।

आज अमेरिका मीडिया भी जमकर भारत और मोदी की प्रशंसा कर रहा है।अमेरिका ने पिछले दिनों कई बार भारत पर अपने निर्णय थोपने चाहे किंतु भारत ने साफ मना कर दिया। रूस के युक्रेन पर हमले के समय अमेरिका और उसके गुट के देशों ने रूस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए, किंतु भारत ने इन्हें स्वीकार नही किया।

# जिन्दगी के पत्थर, कंकड़ और रेत

Philosophy के एक professor ने कुछ चीजों के साथ class में प्रवेश किया। जब class शुरू हुई तो उन्होंने एक बड़ा सा खाली शीशे का जार लिया और उसमे पत्थर के बड़े-बड़े टुकड़े भरने लगे। फिर उन्होंने students से पूछा कि क्या जार भर गया है ? और सभी ने कहा हाँ'।

प्रोफ़ेसर ने छोटे-छोटे कंकडों से भरा एक बॉक्स लिया और उन्हें जार में भरने लगे। जार को थोडा हिलाने पर ये कंकड़ पत्थरों के बीच settle हो गए। एक बार फिर उन्होंने छात्रों से पूछा कि क्या जार भर गया है? और सभी ने हां में उत्तर दिया।

तभी professor ने एक sand box निकाला और उसमे भरी रेत को जार में डालने लगे। रेत ने बची-खुची जगह भी भर दी। और एक बार फिर उन्होंने पूछा कि क्या जार भर गया है? और सभी ने एक साथ उत्तर दिया , ' हाँ 'फिर professor ने समझाना शुरू

प्रेरक-प्रसंग



किया, ह्व मैं चाहता हूँ कि आप इस बात को समझें कि ये जार आपकी life को represent करता है। बड़े-बड़े पत्थर आपके जीवन की जरूरी चीजें हैं- आपकी family,आपका partner,आपकी health, आपके बच्चे ऐसी चीजें कि अगर आपकी बाकी सारी चीजें खो भी जाएं और सिर्फ ये रहे तो भी आपकी ज़िन्दगी पूर्ण रहेगी।

ये कंकड़ कुछ अन्य चीजें हैं जो matter करती हैं- जैसे कि आपकी job, आपका घर, इत्यादि।

और ये रेत बाकी सभी छोटी-मोटी चीजों को दशार्ती है।

अगर आप जार को पहले रेत से भर देंगे तो कंकडों और पत्थरों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। यही आपकी life के साथ होता है।

अगर आप अपनी सारा समय और उर्जा छोटी-छोटी चीजों में लगा देंगे तो आपके पास कभी उन चीजों के लिए time नहीं होगा जो आपके लिए important हैं। उन चीजों पर ध्यान दीजिये जो आपकी happiness के लिए जरूरी हैं। बच्चों के साथ खेलिए, अपने partner के साथ ल्लिू कीजिये। काम पर जाने के लिए, घर साफ करने के लिए,party देने के लिए, हमेशा वक़्त होगा। पर पहले पत्थरों पर ध्यान दीजिये। ऐसी चीजें जो सचमुच ेtter करती हैं । अपनी priorities set कीजिये। बाकी चीजें बस रेत हैं।

२६ जून नशा मुक्ति दिवस पर विशेष

# नशा मुक्ति के लिए उठे बड़े कदम

आज पूरी दुनिया नशे के चंगुल में फंसी हुई है। दुनिया का कोई भी ऐसा देश नहीं है जहां के लोगों को नशे कि लत नहीं लगी हो। भारत में तो स्थिति और भी बदतर हो रही है। यहां की बहुत बड़ी आबादी नशे की गिरफ्त में आ चुकी है। विशेषकर युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति समाज व राष्ट्र के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। नशे की लत के कारण बहुत से नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो चुका है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र-पत्रकार

हमारे देश में नशा करने वाले युवा पीढ़ी के लोग अब चरस, हेरोइन, कोकीन,अफीम जैसा खतरनाक नशा करने लगे। देश भर में नशे का सामान बेचने वाले बड़े-बड़े नशा माफिया पनप गए हैं। जो स्कूलों, कॉलेजों में कम उम्र के नौजवानों को नशे का सामान बेचते हैं। घर से बाहर रहकर पढ़ने वाले बहुत से छात्र इन नशा माफियाओं के चंगुल में फंसकर नशे की लत के शिकार हो जाते हैं। जब तक उनके घर वालों को असलियत का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

**युवा पीढ़ी के अब चरस, हेरोइन, कोकीन,अफीम जैसा खतरनाक नशा करने लगे। देश भर में नशे का सामान बेचने वाले बड़े-बड़े नशा माफिया पनप गए हैं।**

नशीले पदार्थों के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसम्बर 1987 से इसे मनाने का निर्णय लिया था। इसका उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना हैं। यह अच्छी बात है कि इस दिन लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। लोगों को सचेत किया जाता है, सावधान किया जाता है। मगर जब तक समाज व सरकार नशे को जड़ से समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही नहीं करेगी तब तक नशे का व्यापार फैलता ही रहेगा। भारत में भी सरकार ने विभिन्न प्रकार के नशे के सामान की बिक्री पर रोक लगा रखी है। कई कानून भी बनाए हैं। मगर उन पर प्रभावी अमल नहीं हो पाता है। जिसके चलते खुलेआम नशे का कारोबार होता है।

आज देश में कहीं से कोई भी व्यक्ति नशे का कोई भी सामान खरीद सकता है। उसे ना कोई रोकने वाला है ना कोई टोकने वाला है। नशे का सामान बेचने वाले सौदागर दिनों दिन धनवान होते जा रहे हैं। जिस कारण से उनका पुलिस व प्रशासन पर पूरा प्रभाव रहता है। जिसकी बदौलत वह शासन, प्रशासन से मिलकर सरेआम धड़ल्ले से अपना धंधा करते रहते हैं। नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ हमारा समाज भी जागरुक नहीं है। नशे की लत के चलते पंजाब जैसा संपन्न प्रांत नशेड़ियों का प्रदेश कहलाने लगा था। वैसी ही स्थिति आज देश के अधिकांश प्रदेशों की हो रही है। नशे को लेकर पंजाब जब सुर्खियों में आया तो पूरे देश का ध्यान उस तरफ गया और वहां नशे के कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लग पाया। वैसा ही हमें पूरे देश में करना होगा तभी नशे की तरफ जा रही हमारी युवा पीढ़ी को भटकने से रोका जा सकेगा। कहते हैं कि नशा हर अपराध की जड़ होता है। नशेड़ी व्यक्ति कोई भी बुरे से बुरा काम करने से नहीं झिझकता सकता है। अधिकांश अपराध नशे की धुन में ही किए जाते हैं। बढ़ते नशे के प्रचलन को रोकने के लिए हमें सरकार के भरोसे ही नहीं रहना होगा। यदि सभी लोग ऐसा करने लगेंगे तो धीरे-धीरे नशे की प्रवृत्ति कम होती चली जाएगी और एक समय ऐसा आएगा जब हमारा समाज, हमारा क्षेत्र, हमारा प्रदेश, हमारा देश नशा मुक्त बन सकेगा।

जानकारी

# जनेवा झील



जनेवा झील स्विट्जरलैंड की सबसे बड़ा झील है जो संयुक्त राज्य अमेरिका और स्विट्जरलैंड के बीच में स्थित है। यहाँ ट्रैकिंग, बोटिंग और फिशिंग जैसी कई गतिविधियाँ की जा सकती हैं।

## जिनेवा

जिनेवा स्विट्जरलैंड का सबसे बड़ा शहर है और यह जनेवा झील के किनारे पर बसा हुआ है। इसके अलावा, यह दुनिया भर में विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) का मुख्यालय भी है। जिनेवा में पांच महत्वपूर्ण म्यूजियम हैं, जिसमें संगीत, कला, इतिहास और विज्ञान के कई प्रदर्शन होते हैं। आप जीनेवा झील के किनारे पैदल यात्रा करते हुए शानदार व्यंजनों का आनंद भी ले सकते हैं।

## जंगफ्रॉ

जंगफ्रॉ स्विट्जरलैंड का सबसे लोकप्रिय रिसोर्ट है। यह ग्लेशर एक्सप्रेस ट्रेन से भी जुड़ा हुआ है।

# Asus और Vivo के ये धांसू स्मार्टफोन होंगे लॉन्च

साइबर दुनिया

नई दिल्ली : जून महीने का अखिरी हफ्ता शुरू हो गया है। ऐसे में नए स्मार्टफोन खरीदने वाले कस्टमर्स जुलाई के शुरू होने का इंतजार कर रहे होंगे। लेकिन जरा ठहरिए! जून के लिए पिक्चर अभी बाकी है। जाते-जाते जून दो धांसू स्मार्टफोन मार्केट को देकर जाने वाला है। ये स्मार्टफोन पॉपुलर ब्रांड Asus और Vivo की ओर से लॉन्च किए जाने वाले हैं। आइए आपको बताते हैं कि इस हफ्ते कौन से नए स्मार्टफोन लॉन्च के लिए चर्चा में हैं।



### Asus Zenfone 10

Asus की ओर से इसका लेटेस्ट स्मार्टफोन Asus Zenfone 10 लॉन्च के लिए तैयार है। यह फोन 29 जून को मार्केट में लॉन्च होने वाला है। Asus Zenfone 10 के बारे में अभी तक जो जानकारी उपलब्ध है, उसके मुताबिक इसमें 5.9 इंच का OLED डिस्प्ले पैनल देखने को मिलने वाला है। इसमें 120Hz रिफ्रेश रेट दिया जाएगा। फोन Qualcomm Snapdragon8 Gen2 से लैस होगा। इसमें 5000एमएएच की बड़ी बैटरी होगी जिसके साथ 67W फास्ट चार्ज सपोर्ट में होगा। फोन का एक और खास फीचर इसका कैमरा है।

Asus Zenfone 10 में 200MP कैमरा दिया जा रहा है। यह इसका प्राइमरी लेंस होगा। इसके अलावा डिवाइस में 3.5 हेडफोन जैक भी मौजूद होगा, जो आजकल लॉन्च हो रहे स्मार्टफोन्स में बहुत कम देखने को मिलता है। फोन को IP68 रेट किया गया है, ऐसी जानकारी है। यह मेटल फ्रेम के साथ रियर में प्लास्टिक बिल्ड के साथ बताया गया है। कलर ऑप्शन रेड, ब्लैक, ग्रे, ग्रीन और व्हाइट के साथ आ सकते हैं।

### Vivo X90s

जून 2023 के लेटेस्ट स्मार्टफोन (latest smartphone June 2023) में एक और नाम Vivo 90२ का जुड़ने वाला है। यह स्मार्टफोन 26 जून को चीन में दस्तक दे रहा है। इसे Vivo 90 का ही एक वेरिएंट बताया जा रहा है। दोनों में केवल चिपसेट अलग मिलने वाला है। Vivo X90s में Dimesity 9200 Plus चिपसेट होने की बात सामने आई है।

## टॉप ट्वीट

''उपराज्यपाल को इस्तीफा दे देना चाहिए। किसी ऐसे व्यक्ति के लिए रास्ता बनाएं, जो दिल्ली के लोगों को सुरक्षा प्रदान कर सके। अगर केंद्र सरकार दिल्ली को सुरक्षित नहीं बना सकती तो इसे हमें सौंप दें। हम आपको दिखाएंगे कि किसी शहर को उसके नागरिकों के लिए कैसे सुरक्षित बनाया जाए।''

अरविंद केजरीवाल
दिल्ली के मुख्यमंत्री





''समय हो गया है 70 किलो उठाए। मैंने तीन सेट मारे हैं। अब मुझे शक्ति और परफॉर्मेंस पर काम करना है।''

दिशा पाटनी
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## बंगाल में राजनीतिक गुंडागर्दी

आजकल छोटे से छोटे चुनाव भी खतरे से खाली नहीं रहे हैं। भले ही स्थानीय निकायों के चुनाव गैर राजनीतिक आधार पर हो मगर चुनाव का मतलब ही राजनीति होता है ऐसे में विभिन्न राजनीतिक दलों का ताल ठोक कर मैदान में कूदना स्वभाविक ही है। राजनीतिक दलों में संघर्ष कितना हिंसक होता है इसका नजारा पश्चिम बंगाल में देखने को मिलता है?। बंगाल में जब से भाजपा का प्रभुत्व बढ़ा है वहां हिंसा ने सिर उठा लिया है। आए दिन होने वाली राजनीतिक हिंसा अकाल मौतों का कारण बनी हुई है। कभी टीएमसी तो कभी भाजपा नेता/ कार्यकर्ता हिंसा के शिकार हो रहे हैं। फिलहाल पंचायत चुनावों के नाम पर राज्य में हिंसा हो रही है। राज्य के हालातों को देखकर हाई कोर्ट भी चिंता व्यक्त करने के साथ ही पर्याप्त सुरक्षा बल मुस्तैद करने का निर्देश दे चुका है। राज्य में टीएमसी के कार्यकताओं की गुंडागर्दी को मुख्यमंत्री की शह मिलने से आए दिन घटनाएं हो रही है जो राज्य की कानून व्यवस्था के नाम पर कलंक है। अब जबकि कोर्ट ने खुद निर्देश दिया है ऐसे में राज्य सरकार को थोड़ी तो शर्म करना चाहिए और आगामी दिनों होने वाले पंचायत चुनाव को रक्त रंजित होने से बचाना चाहिए। जब तक राज्य सरकार इस मामले में जागृत नहीं होगी लोकतंत्र का चुनावी पर्व हिंसा की भेंट चढ़ता रहेगा।

अमृतलाल मारू 'रवि'
इन्दौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### पीरटांड़ के पेक्सों में धान का वितरण

**पीरटांड़** : पीरटांड प्रखंड के के कई पेक्सों में धान के बीज का वितरण किया जा रहा है ।जिसकी जानकारी देते हुए बीटीएम अमित कुमार ने बताया कि प्रखंड के मधुबन,पालगंज एवं खुखरा पेक्स में 50%के अनुदान पर धान का बीज दिया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि पेक्स में जिन किसानों को अनुदान पर बीज लेना हो वो अपने नजदीकी पेक्स से जा कर संपर्क कर बीज ले सकते है।

## सिटी अपडेट्स >>

### कुवैत में फंसे बिष्णुगढ के प्रवासी मजदूर, परिजनों ने सरकार से लगायी मदद की गुहार

**विष्णुगढ़** : बिष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत खरकी लम्बकीटांड निवासी स्वर्गीय कार्तिक हांसदा के पुत्र दशरथ हांसदा जो पिछले नौ महीने पूर्व रोजी रोटी की तलाश में एजेंट के माध्यम से कुवैत गया था ।कुवैत बुलानेवाले रांची खलारी के एजेंट एक सप्ताह बाद दशरथ हांसदा को अकेला छोड़कर वहां से भाग गया ।मजबूर होकर चार महीने तक वहाँ काम किया ।सैलरी नहीं मिलने पर उन्होंन अपने मालिक से अपनी सैलेरी व पासपोर्ट मांग की। न उन्हें सैलेरी दिया न पासपोर्ट ।मजदूर होकर इंडियन एम्बेसी और लेबर कोर्ट सहारा लिया ।पर समस्या का कोई समाधान नही निकाला ।मालिक ने उपर चोरी का केस कर दिया ।अपने स्वजनों को किसी दूसरे के मोबाइल से फोन कर अपनी पीड़ा बताई। कहा कि बचा लीजिए। क्योंकि दिन ब दिन रोजी-रोटी से लेकर खाने पीने की स्थिति खराब होती जा रही है। अब यहां से भी परिवार वाले सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं ।इधर प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकन्दर अली ने केंद्र व राज्य सरकार से मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आए दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बरही** : बरही थाना काण्ड संख्या 231/21द-30/06/21का प्राथमिकी नामजद अभियुक्त राजेश साव पिता स्व देवनाथ साव, उम्र करीब 50 वर्ष, सा0 तिलैया रोड कोनरा बरही, थाना बरही, जिला हजारीबाग को बरही पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताते चले कि उक्त काण्ड में ही 19 जून को 1.मनोज साव पे0 उगन साव 2. अजय साव पे0 प्रमेश्वर साव एवं 3.चन्द्र साव पे0- रेवा साव सभी सा0- तिलैयारोड कोनरा, थाना बरही, जिला हजारीबाग ने माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी न्यास परिषद् की बैठक संपन्न

**हजारीबाग** : हजारीबाग डीएमएफटी न्यास परिषद की बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में सांसद हजारीबाग जयंत सिन्हा ने कहा डीएमएफटी मद से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप प्रभावित इलाकों में प्राथमिक सेक्टर खासकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, महिला एवं बाल विकास एवं द्वितीयक सेक्टर में कौशल विकास प्रशिक्षण सहित खनन प्रभावित इलाकों में आधारभूत सुविधाएं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने एवं समय पर योजनाएं पूरी हो इसको सुनिश्चित करना सभी जनप्रतिनिधियो की सामूहिक जिम्मेवारी है। उन्होंने बताया डीएमएफटी मद का 70 प्रतिशत हिस्सा उच्च प्राथमिकता वाले सेक्टर में खर्च किया जाता है। ज़िला प्रशासन खनन प्रभावित इलाकों में लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, बाल व महिला कल्याण सहित मूलभूत सुविधाओं में गुणात्मक व मात्रात्मक सुधार के लिए लोगो को ध्यान में रखकर कई तरह की योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। बैठक में ज़िला के सभी 436 भवन विहीन आंगनवाड़ी केंद्रों को डीएमएफटी मद से नया भवन निर्माण की मंजूरी दी गई।

**विवाद**

### पारिवारिक विवाद में बेटे ने माता-पिता पर चलायी गोली

# सौतेली मां की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

**राष्ट्रीय खबर**

**साहिबगंज:** साहिबगंज जिले में अपराधियों का खौफ बढ़ता ही जा रहा है। इसी क्रम में जहां नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड में रविवार की शाम दो अपराधिक गुटों में हुए विवाद के बाद चली गोली में 3 लोग घायल हो गए वहीं जिरवा बाड़ी ओपी क्षेत्र के धोबी झरना के समीप स्थित मोहल्ले में राजमहल सरकंडा निवासी नीरज मोदी के मकान में भाड़े पर रह रहे सकरी गली निवासी पप्पू यादव और उसकी पत्नी मिली सिंह पर रविवार की देर रात तकरीबन 1:30 बजे अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए गोलियों से छलनी कर दिया। इस घटना में जहां पत्नी मिली सिंह (42) को 3 गोली लगने से उनकी घटनास्थल पर ही तत्काल मौत हो गई वहीं पति पप्पू यादव(46) को 8 गोलियां लगी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे परिजनों के द्वारा इलाज के लिए पहले सदर अस्पताल साहिबगंज ले जाया गया। जहां इसकी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। जिनका फिलहाल भागलपुर के से किसी प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है वहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। इधर मिली सूचना पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार घायल द्वारा पुलिस को दिए गए फर्द बयान अपने बेटा लालू यादव और उनके चार -पांच सहयोगियों के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने का आरोप लगाया गया है, हालांकि पुलिस ने तत्काल इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए मौके से घर में मौजूद घायल पप्पू यादव की कथित रूप से दूसरी पत्नी की बेटी मनीषा कुमारी को हिरासत में लिया है। जिसने घटना के संबंध में पुलिस को बताया है कि वे अपने पिता पप्पू यादव और मां मिली सिंह के साथ रविवार की रात लगभग 9 बजे नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौक बाजार में अपने किसी परिवार के घर हो रहे शादी समारोह में शामिल होने गए थे। देर रात तकरीबन 1:30 बजे वे लोग वापस घर लौटे थे। घर का गेट खोल घर के अंदर घुसे थे। वे अपनी मां की कहने पर अपना कपड़ा चेंज करने के लिए एक कमरे में घुस गई थी। उसी दौरान उसकी तबातोड़ गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। जब वे कमरे से बाहर निकली तो कुछ लोगों को घर से भागते देखा और वही उसके पिता और मां जमीन पर खून से लथपथ पड़ा था। ऐसे में अंदेशा है कि अपराधी पहले से ही घर में प्रवेश कर गए थे और अनलोगों के घर में घुसने के बाद ही उक्त घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। मनीषा ने बताया कि घटना के बाद उसने तत्काल फोन से इसकी सूचना अपने परिजनों को दी, फिर परिजनों के द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस वहां पहुंची थी। पुलिस फिलहाल घायल के फर्द बयान पर मामले की छानबीन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। घटना के संबंध में जिले के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि परिवारिक विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है,। घायल पप्पू यादव कभी पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता पूर्वक छानबीन कर रही है। जल्द ही मामले के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



- 1:30 बजे अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए गोलियों से छलनी कर दिया
- पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है

## डिग्री कॉलेज के लिए भूमि चिन्हित, की गई मापी



**राष्ट्रीय खबर**

>>मापी के उपरांत भी ग्रामीणों के द्वारा विरोध जताया जा रहा था

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के पिपराडीह गांव में डिग्री कॉलेज महाविद्यालय स्थापित करने को लेकर सरकार के द्वारा 5 एकड़ भूमि गैरमजरूआ खास परती कदीम हस्तांतरित किया गया है। जिसका प्लॉट 63 नंबर 920 है। भूमि सत्यापन एवं जमीन की माफी को लेकर बड़कागांव अंचल निरीक्षक अनुज कुमार को मुख्य दंडाधिकारी बनाया गया था। बड़कागांव बीडियो सह सीओ जितेंद्र कुमार पांडे, थाना प्रभारी विनोद तिर्की वह भारी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति में जमीन की मापी की कराई गई। इस दौरान प्रशासन को ग्रामीणों का विरोध का सामना करना पड़ा। भारी गहमागहमी के बीच पुलिस बल की उपस्थिति में अमीन के द्वारा जमीन की मापी कार्य पूरी की गई। मापी के उपरांत भी ग्रामीणों के द्वारा विरोध जताया जा रहा था। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अवसर पर अनोज कुमार अंचल निरीक्षक, प्रहलाद मांझी राजस्थ उपनिरीक्षक एवं नरेन्द्र प्रसाद महतो अंचल अमीन के अलावा कई जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

### भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी

## सब मोदी जी के कुशल नेतृत्व में ही सम्भव हुआ:जेपी पटेल



**राष्ट्रीय खबर**

**बिष्णुगढ़** : बिष्णुगढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा महाजनसंपर्क अभियान के तहत टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज विष्णुगढ़ में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया `कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल तथा संचालन महामंत्री गुरु प्रसाद साव ने की। बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की मौजूदगी में विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न पंचायतो के दर्जनों प्रबुद्ध महिला पुरुषों शॉल एवं बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री मोदी के 9 साल सेवा और सुशासन के रूप में गुजरे` भारत आज दुनिया मे महाशक्ति के रूप में उभरा है,दुनिया मे भारत आज पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है,कुछ सालों में जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी ये सब मोदी जी के कुशल नेतृत्व में ही सम्भव हुआ है, इसलिए मोदी जी 09 साल बेमिसाल है। कार्यक्रम के दौरान माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल उनसे सुझाव एवं समस्याओं के बारे में पूछा उस पर प्रबुद्ध जनों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्या गिनाई,जिसमे बैंक ऑफ इंडिया और एसबीआई विष्णुगढ़ शाखा के रवैईये से हों रहे परेशानी से अवगत कराया` कहा की बैंक खाते मे अपडेट नहीं होता,पास बुक प्रिंट नहीं होने से कई परेशानी हों रही है, खाता प्रिंट की मशीन तो है परन्तु बैंक कर्मचारियों के द्वारा बार कोड नही दिया जाता । समस्या को सुनकर विधायक ने त्वरित कार्य करते हुए सम्मेलन के दौरान हीं बैंक ऑफ इंडिया एल०डी०एम को फोन लगाकर उपरोक्त समस्या बताकर समाधान करने की बात कही।विधायक ने कहा भारत मे प्रधानमंत्री के कार्यकाल मे आज भारत जी-20 सम्मलेन किया गया, 370 जैसे जटिल कानून को बदला, लाखों हिन्दुओ का आस्था राम मंदिर बनवाया जैसे कई जनकल्याण कारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम किया है वहीं लोगो सुशासन का बुकलेट भी वितरित की गई जिसमे मोदी जी के कल्याण कारी योजनायें लिखित है।

## झारखंड मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर के 6 बच्चों ने प्राप्त किया ब्लैक बेल्ट

**राष्ट्रीय खबर**

**जमशेदपुर:** झारखंड मार्शल आर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर द्वारा टेल्को रिक्रेशन क्लब में कोच सुनील प्रसाद के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चो में से 6 बच्चो ने पास की ब्लैक बेल्ट की परीक्षा, सेवानिर्वित्त डी आई जी राजीव रंजन और भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष और संस्था के चेयरमैन दिनेश कुमार मुख्यरूप से उपस्थित थे, उन्होंने बच्चो को मोमेंटो, सर्टिफिकेट, ब्लैक बेल्ट, संस्था द्वारा तैयार प्रमाण पत्र और अन्य चीजे दे कर किया सम्मानित, शिवानी रे, श्रुति दास, रुद्रांश जायसवाल, हर्षिता, एम. वानिश्री, आशिता चौधरी ने ब्लैक बेल्ट पा कर कोच सुनील प्रसाद और संस्था का आभार प्रकट किया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजीव रंजन ने कहा की बच्चे देश के भविष्य निमार्ता है अपने प्रारंभिक जीवन में शिक्षा के साथ खेल को चयन करना और उसमे भी ऐसे खेल को जो आत्मरक्षा से जुड़ा हो ये बहुत महत्वपूर्ण है लड़कियों के लिए आज के वर्तमान परिवेश में ताईकोंडो, कराटे अपने आप को स्वास्थ्य रखने के साथ सुरक्षित रखने में भी सहायक है। दिनेश कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा की संस्था लगातार बच्चो को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बनाने की ओर अपना कार्य कर रही है, शिक्षा के दबाव के बीच खेल उस दबाव को दूर करने में महत्वपूर्ण है, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत सिंह राजा, संस्था के

## शिखरजी स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

**राष्ट्रीय खबर**

**पीरटांड़** : जैनियों के विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मधुबन स्थित गेस्ट हाउस में सोमवार को श्री शिखरजी स्वच्छता समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष तेजनारायण महतो ने की। जिसमें सर्वसम्मति से गत बैठक की संपुष्टि की गई। समिति के वार्षिक आय व्यय ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत आय व्यय रिपोर्ट को मधुबन के सभी संस्थाओं को एक एक प्रति देने का निर्णय लिया गया। महाराष्ट्र की शिव प्रतिज्ञा संस्था एनजीओ द्वारा प्रस्ताव पत्र सीड बॉल, पेन, पेंसिल बनाने एवम ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन से संबंधित प्राप्त हुए। इस संबंध में समिति द्वारा पत्रोत्तर देने का निर्णय हुआ है।भगवान पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव आने वाला है इस संबंध में समिति का क्रियाकलाप से संबंधित व्यापक प्रचार करने का निर्णय लिया गया। जिससे देश के कोने कोने से तीर्थाटन हेतु आने वाले यात्रियों को समिति के बारे में जानकारी प्राप्त हो। बैठक में सत्येंद्र जैन, संजय गुप्ता आदि के साथ सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**आयोजन**

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर डेंटल कॉलेज में फैलाया गया

# नशा समाज में फैल रही तमाम बीमारियों का कारण : डॉ प्रवीण

**राष्ट्रीय खबर**

**हजारीबाग** : हजारीबाग डेमोटांढ स्थित हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन सोमवार को ह्लअंतराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवसह्व पर जागरूकता फैलाया गया। पेरियोडोंटोलॉजी विभाग की वरीष्ठ व्यख्याता डॉ. शर्मिला ठाकुर ने नशा निरोधक पर व्याख्यान आयोजित कर इसके रोकथाम के बारे में जानकारी दी। नशा से होने वाले दुष्प्रभाव एवं गंभीर बिमारियों की शिकार से बचने के लिए नशा नहीं करने का प्रेरित किया। इस दौरान वरीष्ठ व्यख्याता डॉ. शर्मिला ठाकुर द्वारा खुशहाल जीवन हेतु नशा नहीं करने के लिए छात्र- छात्राएं को संकल्प दिलाया गया। आसपड़ोस, संबंधी एवं मित्रों को नशा से होने वाली घातक बीमारियों की जानकारी देने एवं सदैव नशीले पदार्थों की सेवन से दुर रहने की बात कही गई। वहीं युवा पीढ़ी बिना कुछ सोचें समझे नशा की लत से सावधान एवं सतर्क रहने की अपील की गई। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि नशा समाज में फैल रही तमाम बीमारियों का कारण बन गया है। मादक पदार्थों के सेवन से समाज को दूर रखने के लिए हर नागरिक को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से काम करना होगा। बेहतर समाज के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है। शराब, सिगरेट, तम्बाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे का शिकार हो रहा है। हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि देश के युवाओं को नशे की आदतों से दूर रखकर देश को एक सुंदर भविष्य एवं शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना चाहिए। वरीष्ठ व्यख्याता डॉ. शर्मिला ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। जिससे दुनिया में ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे की लत और उससे होने वाली मौतों से बचाया जा सके।

लगातार सरकार द्वारा संदेश जारी करते हुए सभी से अपील की गई है कि अपने आपको और अपने परिवार को ड्रग्स से दूर रखें। नशीले पदार्थों का दुरुपयोग न केवल समाज को खोखला बनाता है, अपितु नशीली दवाओं की तस्करी से अर्जित धन देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है। नशे के खिलाफ इस युद्ध में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले, अपने आस-पास हो रहे नशे के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें। सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से नशे की समस्या को जड़ से मिटाया जा सकता है।

नशीले पदार्थों की सेवन से दुर रहने की बात कही गई

युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट में लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रही है



## न्यूज फटाफट

### विधायक अमित कुमार यादव ने जल नल योजना का किया शिलान्यास



**इचाक** : इचाक बरियठ पंचायत में जल नल योजना का शिलान्यास बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव स्थानीय मुखिया नीशू कुमारी ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। श्री विधायक ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना है हर घर हरद्वार तक स्वच्छ पानी पहुंचाना पहली प्राथमिकता है। स्वच्छ पानी पीने से हम सभी का शरीर स्वस्थ रहेगा और गर्मियों के दिनों में पानी की किल्लत से राहत मिलेगी। मुखिया निशू कुमारी ने कहा कि जल नल योजना चालू होने से लोगों में काफी खुशी है कि अब हम लोग जरूरत भर पानी का उपयोग कर सकेंगे। मौके पर पंचायत समिति प्रतिनिधि गोविंद मेहता, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष निरंजन मेहता, उप मुखिया प्रतिनिधि कैलाश मेहता ,सुजीत मेहता, दयानंद यादव, दिलीप मेहता, आलोक सिंह, हुलास मेहता ,मनोज यादव, तुलसी मेहता, राजकुमार मेहता, दिगंबर कुमार, मिथिलेश रजक, कुलदीप मेहता, विकास मेहता, पप्पू मेहता, अनिल मेहता ,गोपाल सिंह,महेश साव, समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुवे।

### तरंग ग्रुप का चयन जगन्नाथ महोत्सव के लिए



**हजारीबाग** : हजारीबाग बेहद ही हर्ष के साथ बताना चाहूंगा की अपने सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए मशहूर स्थानीय संस्था तरंग ग्रुप हजारीबाग के चौदह सदस्यीय कला दल का चयन राज्यस्तरीय जगन्नाथ महोत्सव 2023 रांची के लिए किया गया। जिसमे संस्था के कलाकारो द्वारा झारखंड की कला संस्कृति को बेहद ही खूबसूरत से समूह नृत्य नाटिका ह्लमोर सोना झारखण्डह्व का प्रदर्शन किया जाएगा। संस्था के निर्देशक सह दलनायक अमित कुमार गुप्ता ने बताया की कला संस्कृति कार्य निदेशालय,झारखंड सरकार द्वारा झारखंड के सभी सांस्कृतिक संस्थाओं से आवेदन मंगाया गया था जिसमे सांस्थाओ द्वारा पूर्व में किए गए सांस्कृतिक गतिविधियों के आधार पर तरंग ग्रुप का चयन समूह लोक नृत्य के लिए किया गया। संस्था द्वारा इस बार झारखंड के प्रवासी मजदूरों एवम झारखंड की खुबसूरती में आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी। साथ ही वंदे भारत ट्रेन के स्वागत के लिए भी हमारी संस्कृतिक दल का चयन हुआ है जो कल दिनांक 27 जून को कोडरमा ,हजारीबाग ,मेसरा एवम बरकाकाना रेलवे स्टेशन में अपनी प्रस्तुति देगी। उपर्युक्त चौदह सदस्यीय कला दल में दलनायक अमित कुमार गुप्ता के साथ शिवानी प्रिया, अन्नू कुमारी, मनीषा कुमारी, स्नेहा कुमारी, संजना रानी, नंदनी कुमारी, कोमल खत्री, मनिका कुमारी ,आकांक्षा कुमारी एवम बसंती लकड़ा शामिल है। संस्था की इस उपलब्धि पर हजारीबाग के सभी प्रबुद्धजनों ने अपनी सुभकनाएं प्रेषित की है।

### झारखंड फिल्म फेस्टिवल में शुभम कुमार के फिल्म तीन दिवसीय चित्रपट का चयन

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत खरांटी गांव के शुभम कुमार पिता ईश्वर प्रजापति के द्वारा बनाई गई दो शॉर्ट फिल्म को तीन दिवसीय चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया। झारखंड में बने कई फिल्मों मे से 40 सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का चयन किया गया। जिसमें शुभम कुमार के 2 शॉर्ट फिल्म का चयन कर प्रदर्शित करने के लिए चयन किया गया। एवं इनके बेहतर कार्य के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर झारखंड फिल्म फेस्टिवल के मुख्य अतिथि के तौर पर कड़ीया मुंडा एवं सरजू राय एवं अन्य दिग्गज मौजूद थे। शुभम कुमार के इस सफलता पर बड़कागांव के प्रमुख फुलवा देवी, बड़कागांव मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार, चोपदार बलिया पंचायत मुखिया पूजा कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ,मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी समेत सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

### पंचतत्व में विलीन हुए 20 सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव



**हजारीबाग** : हजारीबाग झामुमो के वरिष्ठ नेता सह वर्तमान विष्णुगढ़ बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव का आकस्मिक सोमवार अहले सुबह ह्रदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे झारखंड आंदोलनकारी रहे स्व टेकलाल महतो द्वारा सूदखोर और महाजनों के खिलाफ चलाए जा रहे आंदोलन के साथ-साथ झारखंड अलग राज्य आंदोलन में भी उन्होंने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। गिरिजा साव एक मिलनसार व्यक्तित्व के धनी इंसान थे जो हमेशा गरीबों के लिए काम करते थे। समाज के प्रति उनका समर्पण चर्चा का विषय बना रहा।उनके अंतिम यात्रा में झामुमो जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव, केंद्रीय सदस्य टेकोचंद महतो, जदयू पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ राय, हीरामन महतो, ओंकार शर्मा, दुर्गेश कुमार, बिष्णुगढ़ झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी, प्रखंड सचिव संजय प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी मेहताब हुसैन, संजय पटेल, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, 20 सूत्री सदस्य राणा इकबाल खान, राजू श्रीवास्तव, अनुराग बर्मन, सुनील अकेला, दारू 20 सूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह, पदमा 20 सूत्री अध्यक्ष जिला महासचिव कांग्रेस संजय यादव ,20 सूत्री अध्यक्ष इचाक मनोहर राम, 20 सूत्री उपाध्यक्ष दारू कैलाशपति देव, कुसुंभा पंचायत अध्यक्ष, नारायण महतो, उपाध्यक्ष पवन कुमार पासवान, दिलीप सिंह, अजय राम, शंकर महतो पवन महतो जितेंद्र यादव समेत भारी संख्या में लोग शामिल थे।

### शिव प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुढ़िया माता मंदिर परिसर से निकली जल यात्रा

**इचाक** : इचाक ऐतिहासिक बुढ़िया माता मंदिर परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाजे गाजे के साथ जल यात्रा निकाली गई। सोमवार को यज्ञ मंडप से निकाली गई शोभायात्रा में 161 महिला कन्या और पुरुष भक्तों ने सिर पर कलश धारण किया। बाजे गाजे के बीच झूमते गाते श्रद्धालु प्रसिद्ध सूर्य मंदिर तालाब पहुंचे जहां आचार्य गोपाल पांडे उपाचार्य आदित्य पांडे मणि शंकर पांडे विक्रम पांडे ने वैदिक मंत्रोचार के बीच भूमि गंगा पंच देवता पूजन के बाद कलश में जल धारण कराया मुख्य पुजारी की भूमिका अनिल प्रसाद मेहता सपत्नीक निभाया। तीन दिवसीय यज्ञ के दौरान रात्रि में प्रवचन और स्थानीय कलाकारों द्वारा कीर्तन भजन एवं जागरण का आयोजन किया गया है इस अवसर पर त्रिवेणी पांडे मनोज पांडे शुभम पांडे श्रीकांत पांडे समिति के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद केसरी उपाध्यक्ष उदय भगत अशोक प्रसाद मेहता कैलाश प्रसाद, सुरेश प्रसाद मेहता कौशल किशोर मेहता के अलावा सैकड़ों की संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद थे।

प्रदेश >> अपडेट

### पार्किंग शुल्क को लेकर नगर प्रबंध को सौंपा ज्ञापन

**पलामू :** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत तीन पहिया चार पहिया चालकों ने पार्किंग चार्ज के मुद्दे को लेकर अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार सह समाजसेवी सुरेश कुमार इंजीनियर के नेतृत्व में सोमवार को कार्यपालक के नाम का ज्ञापन नगर प्रबंधक जितेश कुमार को सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से चालकों ने यह मांग किया की पहले हमें सुविधा मुहैया कराया जाए तत्पश्चात तत्कालीन लागू पार्किंग शुल्क का आधा शुल्क लिया जाए।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### बेरमो को जिला बनाकर रहेंगे: मृणालकान्ति देव

**तेनुघाट :** सोशलिस्ट पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय मंत्री मृणाल कांति देव बेरमो को जिला बनाने को लेकर दृढसंकल्पित है। उन्होंने तेनुघाट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया कि बेरमो जिला बनने की सभी अहताओं को पूरा करता है, इसके बावजूद बेरमो को जिला बनाने को लेकर सरकार गंभीर नही है। कहा कि सरकार बेरमो को जिला बनाने में गंभीरता नही दिखाती है तो आने वाले दिनों में तेज आंदोलन किया जायेगा। साथ ही कहा कि झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी पूरी तरह तैयार है।कहा कि अगर अगर उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों को सरकारी मान्यता के लिए एक एकड़ भूमि की मंजूरी की जायेगी, साथ ही जिन बालिका विद्यालयों में कम से कम 50 छात्राएं भी अध्ययनरत रहेंगी,उन विद्यालयों को भी सरकारी मान्यता दी जायेगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में रोजगार के अभाव में झारखंड के युवा दूसरे प्रदेशों पर पलायन करने में मजबूर हो गए हैं, जिससे कभी कभी उन्हें इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। परिवार को बेबसी के अलावा उन्हें कुछ नहीं मिलता है।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 20 से 25 लाख की अवैध लॉटरी टिकट की बिक्री

**पाकुड़ :** पाकुड़ जिला एवं शहर के कई क्षेत्रों अवैध लॉटरी टिकट की बिक्री प्रशासन के नाक के नीचे से की जा रही है। जिसमें रिक्की रेलवे फाटक, कलिकापुर मोड़, मालपहाड़ी मोड़ इत्यादि जगहों में अपना लॉटरी के धंधा को जारी रखा हुआ है। वहीं एखलाख का पाकुड़ बाजार, सोनाजोड़ी, तोड़ाई, कूड़ापाड़ा इत्यादि जगहों में जारी रखा हुआ है। सूत्र से मिली जानकारी के अनुसार रिक्की व एखलाख अपना जाली लॉटरी टिकट मालपहाड़ी रोड समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास एक छोटे से घर मे रखते है। पाकुड़ और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाके में इसकी बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। इस कारोबार से पाकुड़ के थोक विक्रेता रिक्की, नेताजुल, दुलाल, एखलाख हो रहे है, मालामाल और गरीब हो रहे है कंगाल इस अवैध धंधे में लोगों को अमीर बनने का लालच दिया जाता है और भोले-भाले लोगों को इस कारोबार में फंसाया जा रहा है। खास कर गरीब तबके के लोगों को इस धंधे का हिस्सेदारी बनाया जा रहा है। गरीब रोजाना कि कमाई को लालच के चक्कर मे अपने मेहनत के पैसे इस धंधे में झोंक रहे है।

### राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य का हुआ आगमन

**पाकुड़ :** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सर्वप्रथम सदस्य जिला कारागार पहुंची, उन्होंने वहां जेल अधिकारियों से कारागार की व्यवस्थाओं के बारे में पूछताछ की और बंदियों से भी हालचाल जाने। जेल में कैदियों से जेल प्रशासन के व्यवहार, भोजन की गुणवत्ता व अन्य परेशानियों के संबंध में बात की। इस दौरान महिला बंदियों ने बताया कि मेरे बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। महिला आयोग सदस्य ने सभी महिला बंदियों के बच्चों को एक महीने के अंदर विद्यालय में नामांकन कराकर उसका प्रतिवेदन आयोग को भेजने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया।

छापामारी

## अज्ञात टीएसपीसी उग्रवादी के विरुद्ध विशेष छापामारी में

# हथियार के साथ गिरफ्तार टीएसपीसी के सदस्यों को भेजा गया जेल



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के तीन सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी ऋषभ गर्ग और डीएसपी सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि ।दिनांक- 16.06.2023 को पलामू जिला के विश्रामपुर थाना स्थित खुटीसोत नदी के पास एमएस छिन्नमस्तिका कंट्रक्सन कंपनी के मुंशी मदन प्रजापति के लिखित आवेदन के आधार पर बताया गया की दिनांक 16.06.2023 को समय करीब 00.30 बजे इनके कंट्रक्सन साईड पर 6-7 अज्ञात लोगो के द्वारा टीएसपीसी के नाम पर कंट्रक्सन द्वारा पुल निर्माण का कार्य चल रहे स्थल पर मौजूद इन्हे तथा इनके अन्य मजदूर कर्मी को उक्त अज्ञात लोगो के द्वारा टी०एस०पी०सी० का दो पर्चा देते इनलोगो को एक कमरे मे बंद कर कंट्रक्सन के रेस्ट रूम के पास रखे एक ट्रेक्टर एवं एक मोटरसाईकिल मे आग लगा कर जला दिया गया तथा जाने के क्रम मे फायर किया गया जिस संबंध मे विश्रामपुर थाना कांड सं0- 35/2023 दिनांक 16.06.2023 दर्ज किया गया। कांड उदभेदन हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विश्रामपुर श्री सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठित किया गया । तथा अज्ञात टीएसपीसी उग्रवादी के विरुद्ध विशेष छापामारी एवं आसूचना संकलन कि जाने लगी।

कांड के अनुसंधान के क्रम मे तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्त सूचना के आधार पर टीएसपीसी के एक सक्रिय सदस्य को पाटन थाना के सहयोग से गिरफ्तार किया गया जिसके उपरान्त पाटन छत्तरपुर थाना के सिमावर्ती क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर टीएसपीसी के एरिया कमांडर शंभु सिंह उर्फ विरेन्द्र जी को एवं एक अन्य सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया एवं इनके पास से लेवी मांगने मे उपयोग किये जाने वाले मोबाईल को जप्त किया गया। इन्होने अपने अपराध स्वीकारोक्ति व्यान मे उक्त घटना मे एरिया कमाण्डर बुटन मांझी उर्फ गौतम जी, मिथलेश यादव,विकास, सतेन्द्र एवं अन्य तीन लोग के द्वारा घटना को अंजाम दिये जाने की बात को स्वीकारा है। इनके द्वारा बताया गया कि रेहला थाना कांड सं0- 49/2023 मे लेवी हेतू इनके मोबाईल नंबर एवं बुटन मांझी के नंबर से धमकी दिया गया है। ये लोग वर्तमान मे सबजोनरल कमांडर निशान्त जी एवं रंजन जी के नेतृत्व मे लेवी वसूलने एवं आगजनी घटना को अंजाम देते है। इसके पूर्व भी ये लोग नावा बाजार थाना कांड सं0- 27/20, मे भट्ठा मे लगे ट्रेक्टर को निशान्त जी के नेतृत्व मे जलाने का कार्य किये थे। एवं भविष्य मे भी लेवी नही मिलने पर अन्य अप्रिय घटना को अंजाम देने का योजना बना रहे थे।

## न्यूज फटाफट

### क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन कल 27 जून को



**डालटनगंज (पलामू) :** सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा डाल्टनगंज (पलामू) जिला प्रशासन के सहयोग से कल दिनांक 27 जून 2023 को सुबह 10 बजे से जिले के पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति भवन में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वातार्लाप' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी प्रेसवार्ता के जरिए पीआईबी, रांची के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री ओंकार नाथ पाण्डेय एवं श्री गौरव पुष्कर ने जिला के पत्रकारों को दी। प्रेसवार्ता का आयोजन स्थानीय सूचना भवन में किया गया।कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अपर महानिदेशक पत्र सूचना कार्यालय, रांची श्री अखिल कुमार मिश्रा, पलामू उपायुक्त श्री आंजनेयुलू दोड्डे, 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट श्री सुदेश कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री सौमित्र शुक्ला और जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ट अधिकारीगण की मौजूद रहेंगी।मीडिया और सरकार संबंधी सरोकार से जुड़े इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाषा (पीटीआई) के वरिष्ठ पत्रकार श्री इंदुकांत दीक्षित, गांडीव अखबार के संपादक श्री अमरकांत सिंह, खबर मंत्र के ब्यूरो चीफ श्री उदय चौहान की मौजूदगी रहेगी। इसके अलावा जिला के गणमाम्य लोग तथा वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी रहेगी।केंद्र सरकार के नौ वर्षो के सफल कार्यकाल को ध्यान में रखते हुए आयोजित की जा रही इस कार्यशाला में जिन योजनाओ का लाभ आम जनों तक पहुंचा है, उसके बारे में उनके लाभुको द्वारा विचार भी रखे जाएंगे। आज इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डाल्टनगंज की जिला सूचना जन संपर्क मीडिया ईकाई ने भी आग्रह किया कि वातार्लाप में आप सभी अवश्य पधारें। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पीआईबी के ओंकार नाथ पाण्डेय ने कहा कि वातार्लाप कार्यशाला में डाल्टनगंज जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार हिस्सा लेकर इस प्रभावी बनाए और लाभ भी ले। इस कार्यक्रम में जिले में चल रही सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे मनरेगा, पीएम आवास, आयुष्मान योजना, आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।पीआईबी रांची के श्री गौरव पुष्कर ने वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को आमजनों तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका पर विमर्श किया जाएगा, और इस मौके पर राजधानी के वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी भी होगी।

## दो घरों में चोरी,नगदी सहित लाखों के सामान उड़ा ले गए चोर

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** चोरों ने एक ही दिन में शहर के दो क्षेत्रों को अपना निशाना बनाया है। तांतीपाड़ा एवं शिव शीतला मंदिर रोड स्थित मकान में चोरी हुई है। चोर दोनों मकान से लाखों रुपये के जेवर, नगदी एवं अन्य जरूरी सामान ले उड़े. मामले की सूचना पर थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और मकान मालिक सहित आसपास के लोगों से जानकारी ली प्राप्त जानकारी के मुताबिक तांतीपाड़ा मोहल्ले में उर्मिला देवी के मकान में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की. चोर ताला काटकर मकान में घुसे और अलमारी में रखे चार लाख नगद एवं लगभग 20 लाख रुपये के जेवरात ले भागे. जबकि गौरी शंकर भगत के मकान से जेवर व नगद रुपये लेकर फरार हो गए. पुलिस के मुताबिक दोनों मकान में परिवार का कोई सदस्य नहीं था और इसका फायदा चोरों ने उठाया. अज्ञात चोरों द्वारा एक ही रात दो मकान को निशाना बनाये जाने के बाद शहर में दहशत का माहौल है। पुलिस अवर निरीक्षक शुभम कुमार सिंह ने बताया कि दो मकान में हुई चोरी की जांच की जा रही है। वहीं थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि उर्मिला देवी के मकान में हुई चोरी की मिली शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है, लेकिन गौरी शंकर भगत के मकान में हुई चोरी को लेकर अबतक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

## सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करने पर ग्रामीणों ने जताया आभार



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** जिले के पिपरा प्रखण्ड अन्तर्गत मुख्य पथ से मुनि सिंह इंटर कालेज तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करने पर विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रति कॉलेज परिवार, ग्रामीण और अभिभावकों ने आभार व्यक्त किया है। बता दें कि विधायक के निर्देश पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता सह हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह ने सड़क निर्माण का शिलान्यास कर ग्रामीणों की मांगों को पूरा किया है। इस दौरान हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपने ऑनलाइन संबोधन में लोगों से क्षेत्र की विकास के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ साथ गांव में मूल भूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने में पूरा एनसीपी परिवार संकल्पित है। पिपरा प्रखण्ड क्षेत्र के छात्र छात्राओं ,अभिभावकों और ग्रामीणों की मांग पर पीसीसी पथ निर्माण कार्य स्वीकृत कराने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि एनसीपी जात पात से ऊपर उठकर विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। आने वाले दिनों में विधानसभा क्षेत्र पूरे जिले में विकास योजनाओं को लागू करने में अग्रणी रहेगा। इसके लिए सभी का सहयोग जरुरी है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि सभी गांव में जो जनहित के मुद्दे हैं उसे प्राथमिकता के तौर पर किए जा रहे हैं। कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में ग्राम सभा के माध्यम से विधायक कोटा की योजनाएं ली जाती हैं।जनता को कैसे बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाए इसके लिए पूरा एनसीपी परिवार जुटा है।

### प्रधानमंत्री का एक ही सपना सबका हो पक्का घर : भोला



**मेदिनीनगर :** चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 31 में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के आठवें वर्षगांठ के अवसर पर नगर निगम के तत्वावधान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा कि राज्य की नगर निकायों के सक्रिय सहयोग से लाखों शहरी बेघरों के पक्के आवासों का निर्माण किया गया है। जिसके फलस्वरूप गरीब लाभुकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव हुआ है। इसी कड़ी में मेदनीनगर नगर निगम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर लाभार्थी सम्मेलन, लाभुकों के घर जाकर संवाद एवं निर्मित आवासों में लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत औषधीय पौधों का वितरण व वृक्षारोपण भी किया गया। मौके पर उपस्थित वार्ड नंबर 31 की प्रथम पार्षद सह जोन अध्यक्ष प्रमिला देवी ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के नगर आयुक्त एवं जनप्रतिनिधि के सहयोग से मैंने अपने क्षेत्र में लगभग सभी जरूरतमंद जो खपड़े के घर में रहते थे बरसात के दिनों में उन्हें एवं उनके छोटे-छोटे बाल बच्चे को रात रात भर जाग कर बिताना पड़ता था आज वह समस्या से मुक्ति मिली सबका एक सपना होता है कि घर हो अपना आज वह सपना हमारे क्षेत्र की जनता को पूरा हो रहा है मैं इस सराहनीय कार्य के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी को माननीय मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार प्रकट करती हूं कार्यक्रम में उपस्थित नोडल पदाधिकारी सह सीएलटीसी कल्याण कुमार सीएलटीसी अंकेश अखोरी ललिता हेंब्रम पीएमसी वीरेंद्र दुबे राकेश कुमार जितेंद्र राम आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## शादी से पूर्व भागी थी लड़की,अब प्रेमी कर रहा विवाह से इंकार





राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू में एक युवक प्रेमिका की शादी से पहले उसे लेकर फरार हो गया।जब शादी की डेट पार हो गई और शादी टूट गई तो अब खुद भी शादी से इनकार कर रहा है। इससे परेशान लड़की ने पलामू जिले के पाकी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। लड़की ने गांव के ही पंकज गुप्ता पर शादी का झांसा देकर यौन शौषण का आरोप लगाया है।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी युवक का नाम पंकज है जो फिलहाल फरार चल रहा है।यह मामला पाकी थाना क्षेत्र के परसिया गांव का है। यहां पंकज का एक युवती से एक साल से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों फोन पर लंबी बातें किया करते थे और मौका मिलने पर मिलते-जुलते भी थे। पंकज ने लड़की को शादी के लिए आश्वस्त किया था। लेकिन जब लड़की शादी के लिए दवाब बनाने लगी तो वह मुकरने लगा। लड़की के घरवालों ने कहीं और उसकी शादी तय कर दी। 22 जून 2023 के दिन उसकी शादी होनी थी।पंकज को लड़की की शादी तय होने की बात नागवार गुजरी। उसने लड़की से कहा कि मैं तुम से शादी करूंगा। लड़की पंकज की बातों में आ गई तो वह उसे लेकर फरार हो गया। दोनों भाग कर दिल्ली चले गए। इस बीच लड़की की शादी टूट गई। इधर दिल्ली में पंकज लड़की के साथ शारिरीक संबंध बनाता रहा। 22 जून पार होने के बाद पंकज के तेवर बदल गए। वह शादी से इनकार करने लगा। इससे परेशान लड़की पलामू स्थित अपने पहुंची और परिजनों को सारी बात बताई। इसके बाद परिजनों के साथ थाने पहुंचकर उसने पंकज के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की आठवीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड:** प्रधानमंत्री आवास योजना( शहरी )की आठवीं वर्षगांठ पर नगर परिषद पाकुड द्वारा कई कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन कर कार्यपालक पदाधिकारी कोसलेस यादव ने बताया कि पाकुर नगर परिषद नगर परिषद क्षेत्र में जनता के हित में लगातार कार्य कर रही है और आगे भी करते रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 जून को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र का आठवीं वर्षगांठ है। आज के दिन से प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था ।जिसका लाभ शहरी क्षेत्रों में रह रहे उन लाभुकों को प्राप्त हुआ है जिन्हें आवास की आवश्यकता थी और आगे भी यह कार्यक्रम जारी रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के आठवीं वर्षगांठ के अवसर पर पाकुर स्थित योग भवन में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्री यादव ने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक लाभुकों के घर जाकर उनसे संवाद करना, सोशल मीडिया एवं डिजिटल मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के उपलब्धियों एवं आवास प्राप्त करने के पश्चात उनके जीवन में आए बदलाव का स्टोरी प्रकाशन करने, फोटोग्राफी करने, निर्मित आवास के लाभुकों को गृह प्रवेश कराने, महिला लाभुकों को सम्मान करने, नए आवासों में रंगोली बनाकर साझा करना।

### बकरीद पर्व के मद्देनजर पाकुड़ पुलिस की आम जनता से की अपील

**पाकुड़ :** आने वाली ईद उल जुहा पर्व को लेकर पाकुड़ पुलिस पूरी तरह से सतर्क एवं अलर्ट है। पाकुड़ पुलिस विज्ञप्ति जारी कर कहां है कि ईद उल जुहा (बकरीद) पर्व आपसी भाईचारा और प्रेम का पर्व है। इसे सभी मिलकर हंसी खुशी और उत्साहवर्धक बनाए रखें। यह पर्व आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का पर्व है। पुलिस की सोशल मीडिया एवं असामाजिक तत्वों पर पूरी निगरानी है। पाकुड़ पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि भाईचारे और सौहार्द्र का प्रतीक पर्व ईद उल जुहा को शांतिपूर्वक मनाएं। किसी भी प्रकार से ऐसा कार्य न करें जिससे कि किसी की भावना को ठेस पहुंचे और ना ही कोई ऐसा गीत संगीत बजाएं जो अभद्र हो किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वाला हो। सोशल मीडिया ,फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब व्हाट्सएप पर पूरी नियंत्रण रखें। कोई ऐसी बात ना लिखें या कोई ऐसी तस्वीर ना डालें जो समाज के लिए अहितकर हे। पाकुर पुलिस ने सभी से अनुरोध किया है कि किसी भी विषम परिस्थिति में पुलिस को आवश्यक सेवा प्रदान करते हुए डायल 100 या 112 में सूचना दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके ।आपकी पहचान गोपनीय रहेगी। पुलिस ने आगे कहा है कि किसी भी प्रकार के अफवाह में ना पड़े। बात की अच्छी प्रकार से जांच पड़ताल कर ले। उसकी सत्यता को जांच परख की पुलिस को सूचित करें। कभी भी भूलकर कानून को अपने हाथ में ना लें। कानून सबके लिए बराबर है।

### अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान

**पाकुड़ :** झालसा रांची के निदेर्शानुसार आज 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर डालसा के सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में पाकुड़ राज प्लस टू हाई स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में सचिव शिल्पा मुर्मू ने कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति आर्थिक मानसिक एवं शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है इतना ही नहीं नशा के लत में वे समाज परिवार से दूर हो जाता है नशा करने वाले व्यक्ति सबसे ज्यादा दुर्घटना का शिकार होते हैं शराब सिगरेट ,ड्रग्स ,हीरोइन, गांजा ,भांग ,आदि मादक पदार्थों का सेवन से गंभीर बीमारी का जन्म देते है। ऐसे नशा के लत जीवन में गहरा प्रभाव डालते है पूरे परिवार और समाज को बर्बाद कर देते है। अपने जीवन के साथ औरों का भी जीवन पर प्रभाव डालते है ।

बैठक

## जिला स्तरीय स्कूल रूआर-2023 की बैठक संपन्न

# बेहतर वातावरण दें बच्चों को : उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में जिला स्तरीय स्कूल रूआर-2023 बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त पलामू आंजनेयुलु दोड्डे ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त पलामू के साथ पलामू उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश साह, पलामू डी.ई.ओ.,पलामू डी.एस.ई., विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि श्री रामचन्द्र यादव, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह,पांकी विधायक प्रतिनिधि श्री प्रकाश मेहता व पाटन विधायक प्रतिनिधि श्री अरूण दूबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्वागत भाषण पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अनिल कुमार चौधरी ने किया। वहीं धन्यवाद ज्ञापन पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक श्री मनोज कुमार ने किया। जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि शिक्षा,सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है और स्कूल रूआर-2023 एक महत्त्वाकांक्षी अभियान है। इसे सामूहिक सहभागिता से सफल बनाना है। हमारे पास बेस्ट शिक्षक हैं तो परिणाम भी बेस्ट होना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक स्टेकहोल्डर्स का आह्वान करते हुए कहा कि आपके पास एक मौका है कि आप सब एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण कार्य में अपनी ईमानदार भूमिका निभायें। हम मिलकर ऐसा वातावरण बनायें कि बच्चे नियमित स्कूल जायें। उनकी बेहतर शिक्षा में कोई कोताही न हो। पीपीटी के माध्यम से एपीओ अशोक कुमार रजक ने स्कूल रूआर-2023 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय स्तर पर इसे 15 जुलाई 2023 तक चलाया जायेगा। इस दौरान सुनिश्चित हो कि सभी बच्चे विद्यालय में नामांकित हो जाय तथा उनका ठहराव हो। वहीं एपीओ जान मुथू ने शिशुपंजी के अद्यतीकरण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सभी विधायक प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में सक्रिय सहयोग के लिए संकल्प प्रकट किया। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावे, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीपीओ, बीपीएम ,बीआरपी,सीआरपी सहित शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित थे। इसे सफल बनाने में एडीपीओ उदय कुमार सिंह, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, हरेंद्र तिवारी,बीईईओ बलराम पाठक, जीतवाहन सिंह,महेंद्र प्रजापति, रामानंद सिन्हा,शिक्षा कर्मी शादाब हुसैन,राजीव चौबे,मुकेश कुमार सिन्हा,वीरेन्द्र तिवारी, रामसरेख पांडेय, विजय कुमार शुक्ल,जावेद अंसारी व विनोद तिवारी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## शहर >> अपडेट

### कोडरमा घाटी मे एक अज्ञात शव बरामद

**कोडरमा:** कोडरमा थाना अंतर्गत ताराघाटी के समीप सड़क के किनारे सोमवार की सुबह एक अज्ञात शव मिला। कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि तारा घाटी के समीप 35-40 वर्ष आयु के एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलने के उपरान्त शव को अपने कब्जे में लेकर कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां अभी तक इसकी पहचान नहीं हो पाई है।

## सिटी अपडेट्स >>

### चाइल्ड केयर लीव की सुविधा नहीं हुई बहाल

**कोडरमा:** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने झारखंड राज्य में चाइल्ड केयर लीव की सुविधा आज तक बहाल ना करने पर पूर्व से लेकर आज तक की सरकारों पर सवाल खड़ा किया है। केंद्र सरकार द्वारा नियम 103 सी 2008 द्वारा 18 वर्ष तक के दो बच्चों के देखभाल, परीक्षा एवं बीमारी में वैतनिक 730 दिनों की छुट्टी का प्रावधान किया है जो महिला कर्मचारियों के साथ ही एकल विधुर एवं तलाकशुदा पुरुष पर भी लागू है। राजस्थान सरकार द्वारा इसके साथ ही 40 परसेंट से अधिक 22 वर्ष तक के विकलांग बच्चे को भी यह सुविधा दी गई है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा संविदा कर्मियों एवं अस्थाई कर्मियों को भी इस सुविधा से संबंध किया है। केंद्रीय कर्मियों के साथ ही अन्य 17 राज्यों में 730 दिनों का वैतनिक चाइल्ड केयर लीव का प्रावधान है, पर झारखंड को इससे वंचित किया गया है जबकि इस राज्य के बॉर्डर से सटे सभी राज्यों में यह सुविधा मिल रही है। श्री बसंत ने चाइल्ड केयर लीव सुविधा बहाल करने हेतु वरीय पदाधिकारियों के साथ ही सरकार एवं विपक्ष के नेताओं को भी मेल कर इस पर अविलंब निर्णय लेने की मांग की है जो झारखंड राज्य के कर्मियों के हित में है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### स्कॉर्पियो ड्राइवर गिरफ्तार भेजा जेल

**कोडरमा:** सतगावां के आसनाकोनी सतगावां बिहार बोडर के पास रविवार को स्कॉर्पियो की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत के मामले में स्कार्पियो चालक को गोविंदपुर पुलिस ने धर दबोचा। उक्त चालक को सतगावां पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। चालक का नाम आकाश शर्मा (18 वर्ष, पिता अंजू शर्मा, ग्राम दरिया सराय थाना सीहोर जिला नालंदा) है। वहीं दूसरा व्यक्ति स्कॉर्पियो पर सवारी के रूप में था। नवादा जिला प्रशासन ने इलाज के बाद छोड़ दिया। मामले को लेकर मृतक के पत्नी सरिता देवी ने थाने में आवेदन देकर कहा है कि हमारा पति किसी कार्य से गोविंदपुर की ओर जा रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के टक्कर से उनकी मौत हो गई।

### भाजपा के जनसंपर्क अभियान में योजनाओं की जानकारी दी गई

**बेरमो:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा पूरे प्रदेश में विशेष जनसंपर्क अभियान चला रही है। सोमवार बेरमो विधानसभा के फुसरो मंडल अंतर्गत अंबेडकर कॉलोनी, ढोरी बस्ती के सौतारडीह और भोला नगर मे मंडल महामंत्री टुनटुन तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी। महा जनसंपर्क अभियान पूर्व जिला अध्यक्ष जगन्नाथ राम शामिल हुए। इस अवसर पर महामंत्री रमेश स्वर्णकार सहित शिवलाल रविदास, प्रणेश गिरी, चंदन राम, अशोक रविदास सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

**चेतावनी** मांग दिवस पर 10 जुलाई से आंगनबाड़ी केंद्र में होगी हड़ताल

# सेविका सहायिकाओं का मानसिक टॉर्चर बंद हो : संजय पासवान

▶▶ अन्य मांगों पर 10 जुलाई को डीसी के समक्ष विशाल प्रदर्शन

▶▶ हर छोटे छोटे भुगतान पर कमीशन की मांग होती है



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की जिला स्तरीय बैठक झुमरीतिलैया में ब्लॉक परिसर स्थित चिल्ड्रेन पार्क में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष संतोषी देवी व संचालन चिंतामणी ने की। बैठक में चार से छह महीने का पोषाहार राशि नहीं मिलने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र चलाने में आ रही समस्या सहित कई मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ आंगनबाड़ी वर्कर्स एण्ड हेल्पर (आइफा) के आह्वान पर सेविका सहायिका को 26 हजार मानदेय, ग्रेच्युटी का लाभ व पेंशन देने की मांग पर देशव्यापी मांग दिवस के अवसर पर बकाया पोषाहार और मानदेय राशि की भुगतान सहित अन्य मांगों पर 10 जुलाई को डीसी के समक्ष विशाल प्रदर्शन करने और आंगनबाड़ी केंद्र में उसी दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में कुछ परियोजना में पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभुकों का आधार सिडिंग नहीं होने पर सेविका सहायिका का मानदेय व पोषाहार राशि में कटौती की निंदा किया गया। मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि एक तरफ चार छह महीने से पोषाहार का पैसा नहीं दिया जा रहा है, दूसरी तरफ आंगनबाड़ी केन्द्रों में जांच के नाम पर जिला प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के द्वारा बार बार दौरा किया जा रहा है और सेविका सहायिका का मानसिक टॉर्चर किया जा रहा है। जब तक बकाया भुगतान नहीं होता है, तब तक किसी भी प्रकार का जांच पर रोक लगे और उनका टॉर्चर बंद हो। वहीं परियोजना कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है, हर छोटे छोटे भुगतान पर कमीशन की मांग होती है, सेविकाएं परेशान हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष का तीन माह बीत जाने के बावजूद केंद्र सरकार के द्वारा राज्य सरकार को पोषाहार का आवंटन नहीं दिया है। जिसके कारण आंगनबाड़ी मे पोषाहार उधार चलाने को मजबूर है। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि एससी एसटी आंगनबाड़ी केंद्र में छह महीने से पोषाहार राशि नहीं मिला है, दुकानदार ने उधार देना बंद कर दिया है, सेविकाएं हमेशा मानसिक तनाव में रहती है। बिना मोबाइल और डाटा पैक के पोषण ट्रैकर ऐप पर काम करने का दबाव बनाया जाता है। पांच साल पुराना दर पर पोषाहार का राशन खरीदने के लिए कहा जाता है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। हीना प्रवीण, अर्चना देवी, कविता यादव, मीना एक्का सहायिका रीना देवी आदि ने भी अपने विचार रखे। बैठक में किरण, शीला, संध्या, बिनोदिनी सहित दर्जनों सेविका सहायिका मौजूद थी।

## चंदवारा थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



राष्ट्रीय खबर

**चंदवारा:** चंदवारा थाना परिसर में सोमवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। मौके पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव, माईका इंस्पेक्टर निरंजन उरांव, थाना प्रभारी नीतीश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल ने कहा कि पर्व चाहे जिस समुदाय का हो शांति और भाईचारे के साथ हर्षोल्लास के वातावरण में मनाना चाहिए। सभी लोगों के सहयोग से ही शांति कायम रखने का प्रयास होता है। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि बकरीद पर्व कुबार्नी का त्योहार है जो आपसी सद्भाव व प्रेम को दशार्ता है। लिहाजा ऐसी कोशिश हो कि सद्भाव व प्रेम का संदेश मिले। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित लोगों से शांति बनाए रखने में सहयोग की अपील की। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल व संचालन एसआई राजेन्द्र राणा ने किया। मौके पर एसआई ब्रह्मदेव प्रसाद, एएसआई धर्मेंद्र गगराई, श्याम बिहारी मांझी, जिप सदस्य प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, चंदवारा पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि संजय दास, खांडी मुखिया असगर अंसारी, युवा नेता कृष्णा यादव, अशोक सिंह, राजकुमार यादव, मो कुदुश समेत कई लोग मौजूद रहे।

पॉलिटेक्निक कॉलेज के उद्घाटन के बाद क्षेत्र की राजनीति गरमायी

## चाचा भतीजा अपने विकास में लगे हुए हैं: उमेश यादव



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जयनगर प्रखंड में इन दिनों बिल्कुल यही कहावत चरितार्थ हो रहा है। जहां सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के कारण विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव अपनी छवि को धूमिल कर रहे हैं दोनों एक दूसरे को विकास पुरुष बता रहे हैं परंतु विकास की परिसीमा से दोनों कोसों दूर है। वोट की राजनीति का खेल दोनों खेल रहे हैं। विधानसभा के युवा नेता उमेश कुमार यादव ने बताया कि इन दिनों विधायक और पूर्व विधायक के द्वारा बरकट्ठा विधानसभा की जनता के साथ जो खेल खेला जा रहा है, उसे जनता बखूबी से समझ रही है।

विकास का मुद्दा से हटकर पूरे बरकट्ठा विधानसभा को विनाश के रास्ते पर ले जाने के लिए दोनों चाचा और भतीजा लगे हुए हैं। निश्चित तौर पर क्षेत्र की जनता अब जाग चुकी है इन्हें अगले विधानसभा चुनाव में कोई युवा नेता की तलाश है जो विकास की बात सोचे। दोनों चाचा भतीजा क्षेत्र का नहीं बलिक अपना विकास में लगे हुए हैं। इन दोनों की हकीकत सामने आ जाएगी। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सरकार की देन है। जिसे दोनों अपने अपने प्रतिष्ठा लूटने में लगे हुए हैं। पूर्व विधायक कहते हैं कि मैंने इसे धरातल पर उतारने का काम किया है तो वर्तमान विधायक का कहना है कि यह तो मेरे प्रयास से बनाया गया है।

जन अधिकार मोर्चा के नेता राजकुमार पासवान ने कहा कि विकास के मुद्दों पर विधायक, पूर्व विधायक का कोई ध्यान नहीं है। अपनी रोटी सेकने का काम दोनों कर रहे हैं। सड़क, चिकित्सा, शिक्षा पर कोई बात नहीं कर रहा है। वहीं योजना को धरातल पर उतारने का काम करते हैं जिसमें पर्सनल फायदा होता है। अभी पूरे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। बिजली की समस्या बनी हुई है परंतु इस मुद्दे पर कोई बात नहीं कर रहे हैं। रुपायडीह पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव ने कहा कि आज रूपायडीह पंचायत में करोड़ों की लागत से स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार है। परंतु चिकित्सक के अभाव में बेकार पड़ा हुआ है मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है परंतु इन सभी विकास की मुद्दों पर विधायक, पूर्व विधायक का कोई ध्यान नहीं है।

## भतीजे की शादी में करंट लगने से चाचा की मौत



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** कोडरमा के सीमावर्ती इलाका गिरिडीह जिले के खेड़ा में रविवार की रात शादी समारोह के दौरान करंट लगने से दूल्हे के बड़े चाचा की मौत हो गई। घटना के बाद रविवार की देर रात करंट की चपेट में आए व्यक्ति को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि उनके घर में शादी की रस्म अदा की जा रही थी। इसी दौरान जोगेंद्र भुइयां (उम्र 50 वर्ष, पिता सीता भुइयां) के द्वारा घर की महिलाओं को गीत गाने के लिए माइक दिया जा रहा था। माइक में करंट आ जाने से वह मूर्छित होकर गिर गए। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं सदर अस्पताल कोडरमा में सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

परिजनों ने बताया कि भतीजे की शादी 25 जून को होनी थी जिसे इस घटना के बाद रोक दिया गया है। इधर कोडरमा घाटी में मक्का लोड ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक और उप चालक घायल हो गया। घायल की पहचान अखिलेश यादव (उम्र 28, पिता बालो यादव, ग्राम बिहार) और विनोद यादव (उम्र 25, पिता गणेश यादव, ग्राम रजौली बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस की मदद से इन्हें कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## फरार अभियुक्त का चिपका इश्तेहार



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** एक मत होकर हरवे हथियार से लैश होकर मारपीट कर जख्मी कर देने तथा घर में घुस कर महिला को बेइज्जत करने के नियत से खींचने और जेवर लेने के मामले को लेकर अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर है। फरार रहने के कारण मरकच्चो थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 28/19 के प्राथमिकी अभियुक्त राजेश यादव पिता लोचन यादव ग्राम चोपनाडीह थाना मरकच्चो के घर पहुंच कर कोर्ट द्वारा निर्गत इस्तेहार ढोल बजाकर चिपकाया है। ढोल बजाकर पुलिस ने उसके घर के दरबाजे पर इस्तेहार चिपका दिया है। थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि अभियुक्त अगर अब भी सरेंडर नहीं करता है तो कुर्की जब्ती की कारवाई किया जायेगा।

**आयोजन** श्रीमद भागवत कथा में राधे-राधे की गूंज से भक्तिमय हुआ कार्यक्रम स्थल

## प्रकृति की रक्षा करें जिससे जीवन की रक्षा होगी संभव : शर्मा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** तिलैया बस्ती स्थित द सौरभ मे भागवत कथा के दौरान श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न झाकिया आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। कोलकत्ता से आये कथा वाचक पतंजलि शर्मा ने कहा कि प्रकृति कि रक्षा करें क्योंकि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष जीवन की रक्षा यही करती है। भगवान कृष्ण एक युगंधर हैं युग प्रवर्तक जो कहते हैं इंद्र की पूजा से पहले प्राकृतिक,पहाड़,पौधे,नदियाँ,खनिज इनकी रक्षा ही मानवीय उन्नत जीवन का आधार हैं। सृष्टि पर हमारे ठाकुर की सदैव दृष्टि रहती हैं और सृष्टि तभी संतुलित रहेगी जब आप पर्यावरण को सुरक्षित रखेंगे। उन्होंने अपने प्रवचन मे आगे कहा कि दुष्टो का संहार एवं साधुओं की रक्षा ही हर अवतार का प्रथम उदेश्य हैं।वृन्दावन से आये परमेश्वर दास के द्वारा विभिन्न झाकियां प्रस्तुत की गई। इसमें बासुदेव जी के रूप मे राहुल चौधरी,यशोदा जी तनवी चौधरी,नन्द बाबा गौरव चौधरी,कृष्ण के रूप मे अनन्य चौधरी,गरिराज सुमन चौधरी,हिरनाकश्यप तुषार,प्रहलाद अनन्य,परीक्षित राम चौधरी,सुखदेव बैभव कुमार बने। मौके पर अविनाश शर्मा,श्रीकांत शर्मा ने गोविन्द मेरो हैं गोपाल मेरो हैं.....माखन खां गयो माखन चोर..... एवं राधे-राधे से कार्यक्रम स्थल गूँजता रहा। यजमान के रूप मे राजकुमार चौधरी राकेश चौधरी,डिम्पल चौधरी,अंकित चौधरी,नूपुर चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम मे पंडित शशि कांत झा,पंडित सुधीर शर्मा,पंडित गोपाल पाण्डेय,पंडित रामोतार शर्मा,पंडित नवीन झा के अलावा रोटरी क्लब,इनर व्हील क्लब,अग्रवाल समाज,प्रेरणा शाखा के आलावा पश्चिम बंगाल के कोलकत्ता, रानीगंज,बराकर,उत्तर प्रदेश के बनारस गुजरात के सूरत,आन्द्र प्रदेश के सेलम,बिहार के पटना झारखण्ड के राँची,बोकारो, धनबाद, गिरिडीह,हजारीबाग सहित विभिन्न इलाकों के श्रद्धालु भक्त हिस्सा ले रहे हैं।

---

## न्यूज फटाफट

### अज्ञात ऑटो की टक्कर से अधेड़ घायल, रिम्स रेफर



**कुडू:** कुडू रांची उच्च पथ एनएच75 कुडू थाना क्षेत्र के बरवाटोली स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के समीप सोमवार की शाम अज्ञात ऑटो की टक्कर से एक अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थनीय लोगों ने घायल को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के कोकर पतराटोली गांव निवासी 48 वर्षीय सोमरा उरांव पिता स्व डहरु उरांव एसबीआई बरवाटोली के समीप गाड़ी के इंतजार में खड़ा था। तभी एक अज्ञात ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया।

### भाजपा कार्यकताओं की ओर से चलाया गया महाजनसंपर्क अभियान



**पेटरवार :** पेपरवार केंद्र सरकार के 9 वर्षो की उपलब्धि पर प्रदेश भाजपा की ओर से पेटरवार प्रखंड क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं की ओर से पूरे जोश- खरोस के साथ महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पेटरवार भाजपा अध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल के नेतृत्व में डोर टू डोर जाकर इन 9 वर्षो के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों व सेवा सुशासन, गरीब कल्याण पर किये गए कार्यो से लोगो को अवगत कराया जा रहा है महाजनसंपर्क अभियान के दौरान पेटरवार के प्रतिष्ठित नागरिकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष चितरंजन साव, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार व डॉ सुरेंद्र राज, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश वर्णवाल, पूर्व प्रखंड भाजपा अध्यक्ष असित कुमार बनर्जी, संजय सिन्हा, रौनक कुमार, धीरज साव उर्फ बबली, संतोष साहू, कमलदेव करमाली, मनोज शर्मा, नागेश्वर कुमार पिंटू, कृष्णा कान्दू, राजेश आहूजा सहित अन्य शामिल रहे।

### अज्ञात वाहन के टक्कर से एक व्यक्ति की मौत



**पेटरवार :** पेटरवार सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल ओर एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक युवक अभी भी अस्पताल में इलाजरत है। बताया जाता है कि एन एच 23 पेटरवार-रामगढ पथ पर पेटरवार थाना क्षेत्र के लेपो गांव स्थित देवकी फ्यूल नामक पेट्रोल पंप के पास रविवार की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीररूप से घायल हो गए थे। रात्रि गश्ती पर निकली पेटरवार पुलिस की टीम की नजर जब सड़क पर पड़े युवको पर गयी तो उसे गश्ती वाहन पर बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में इलाज के लिए भर्ती कराया। डॉ ज्योत्सना सिन्हा ने घायल युवको का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया था जहां रविवार की देर रात्रि में इलाज के दौरान सुजीत कुमार सिन्हा 24 वर्ष की मौत हो गयी। बताया जाता है कि बोकारो जिला अंतर्गत बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो निवासी आशीष कुमार 40 वर्ष व सुजीत कुमार सिन्हा 24 वर्ष रविवार की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे एक बाइक पर सवार होकर रांची से अपने घर फुसरो जा रहे थे कि पीछे से आ रही एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिसके कारण दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए थे। जिसमें सुजीत कुमार सिन्हा की मौत हो गई ।जिसे फुसरो दामोदर नदी के तट पर दाह संस्कार कर दिया गया।

### जिप अध्यक्ष ने योजनाओं का किया शिलान्यास



**कोडरमा:** सतगावां प्रखण्ड के बरियारडीह हटिया मैदान में सोमवार को जिला परिषद मद से लगभग 52 लाख की लागत से बने शेड व नाली निर्माण कार्य का शिल्यान्यास जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव, बासोडीह मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से पूजा कर व नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, समाजसेवी विनोद यादव, सूरज सिंह यादव, रामबचन यादव, रंजन प्रसाद यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। उल्लेखनीय रहे कि सतगावां प्रखण्ड के बरियारडीह स्थित हाट मैदान में पांच शेड का निर्माण, चबूतरा निर्माण तथा वायर से घेराबंदी की जाएगी साथ ही साथ मुख्य सड़क बासोडीह से राउतडीह तक नाली निर्माण कार्य का भी शिल्यान्यास हुआ।

### दिलीप पंडित बने भागीदारी पार्टी पी के जिला अध्यक्ष

**झुमरीतिलैया :** भीगीदारी पार्टी (पी) के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति ने झुमरी तिलैया मोरियावा निवासी दिलीप पंडित को जिला अध्यक्ष मनोनित किया है। उन्होंने लिखे मनोयन पत्र में कहा कि आपकी लोकप्रियता, कर्मठता एवं योग्यता को देखते हुए आपको भागीदार पार्टी का जिला अध्यक्ष नियुक्ति किया जाता है। वहीं दिलीप पंडित ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के साथ-साथ जिला कमिटि का विस्तार किया जायेगा।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**बालूमाथ:** बालूमाथ थाना परिसर में सोमवार को बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम ने किया। मौके पर बालूमाथ अंचलाधिकारी ने कहा कि बालूमाथ में पहले भी हर त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनता आया है। इस बार भी आपलोगो से आपेक्षा है। कि बकरीद का त्योहार आपलोगो के सहयोग से शांतिपूर्वक मनेगा। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट,अफवाह से दूर रहे। वही बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने कहा कि आप लोग त्यौहार को आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। किसी भी तरह का अफवाह से दूर रहे। उन्होंने कहा गौवंशीय पशु की हत्या प्रतिबंधित है। अगर इस तरह की कोई भी सूचना मिलती है। तो बालूमाथ पुलिस प्रशासन को सूचना दें कानून को अपनेंहाथ में न लें। वही बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा ने कहा कि बालूमाथ में त्योहार शांतिपूर्वक मनाने में हम लोगों का सहयोग रहेगा। इसके अलावा बैठक में उपस्थित झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव,बिस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उराँव,मुखिया सुरेंद्र उरांव,परमेश्वर उराँव,भाजपा नेता शैलेश सिंह,राजद नेता श्यामसुंदर यादव,समाजसेवी जावेद अख्तर,मो०शमीम,सुरेंद्र गुप्ता ने अपना-अपना विचार रखा।

## न्यूज फटाफट

### ठाकुर ने किया बीएसएफ हॉकी टर्फ का उद्घाटन



**जालंधर :** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल की उपस्थिति में सोमवार को यहां बीएसएफ परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक हॉकी टर्फ का उद्घाटन किया। श्री ठाकुर ने बताया कि नवनिर्मित टर्फ को अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए भारतीय हॉकी महासंघ से सभी आवश्यक मंजूरी मिल गयी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने हॉकी टर्फ के विकास के लिये आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान की है, जो खेल के बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ावा देने के लिये सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय खेल प्राधिकरण के लिये एक संपत्ति है, जो बीएसएफ और जालंधर क्षेत्र के लिये विश्व स्तरीय हॉकी बुनियादी ढांचे के नये युग की शुरुआत करेगी। श्री ठाकुर ने पंजाब की समृद्ध खेल विरासत का भी उल्लेख किया, जिसने असाधारण एथलीट पैदा किये हैं और भारत की खेल विरासत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को पोषित करने में संगठन की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए बीएसएफ की खेल विरासत को स्वीकार किया। उन्होंने सरकार के प्रमुख कार्यक्रम खेलो इंडिया और देश भर में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने एवं पोषित करने के निरंतर प्रयासों पर चर्चा की। बीएसएफ के खिलाड़ियों को विभिन्न विषयों में तीन पद्म श्री और 17 अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त है और कई बीएसएफ खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

### इलोर्डा कप में हिस्सा लेने के लिये भारतीय दल रवाना



**नयी दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाज़ी दल कज़ाकिस्तान मुक्केबाजी संघ के प्रमुख ग्रीष्मकालीन आयोजन इलोर्डा कप में हिस्सा लेने के लिये सोमवार को अस्ताना के लिए रवाना हुआ। टूर्नामेंट का आयोजन 26 जून से दो जुलाई के बीच किया जायेगा। सभी टीमों के अस्ताना पहुंचने के बाद सोमवार को मुख्य ड्रॉ आयोजित किया जायेगा, जबकि उद्घाटन समारोह के बाद भारत मंगलवार को अपना अभियान शुरू करेगा। इस आयोजन में सभी स्वर्ण पदक विजेताओं को 700 अमेरिकी डॉलर की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जायेगा, जबकि रजत पदक विजेताओं को 400 अमेरिकी डॉलर और कांस्य पदक जीतने वाले दो मुक्केबाजों को स्थानीय आयोजकों से 200 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। इलोर्डा कप का पहला संस्करण एक साल पहले अस्ताना में आयोजित किया गया था जब मेजबान देश सबसे सफल प्रतियोगी के रूप में उभरा था। चीन और तुर्कमेनिस्तान ने 2022 में पहले इलोर्डा कप के जरिये अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी स्पर्धाओं में वापसी की। उज्बेकिस्तान, भारत, जापान, क्यूबा और किर्गिस्तान प्रतियोगिता के प्रमुख प्रतिभागी देश रहे थे। इलोर्डा कप में पुरुष भारतीय मुक्केबाज में केशाम संजीत सिंह (48 किग्रा), ज़ोराम मुआना (51 किग्रा), पुखराम किशन सिंह (54 किग्रा), आशीष कुमार (57 किग्रा), विजय कुमार (60 किग्रा), अंकित नरवाल (63 .5 किग्रा), हेमंत यादव (71 किग्रा), संजय (80 किग्रा), सुमित (86 किग्रा) हैं। महिला मुक्केबाज में शिवेंद्र कौर सिद्धू (50 किग्रा), शिक्षा (54 किग्रा), सोनिया लाठर (57 किग्रा), पूनम (60 किग्रा), नीमा (63 किग्रा), थोकचोम सनामाचा चानू (70 किग्रा), सुषमा (81 किग्रा) है।

**उपलब्धि** विचारोत्तेजक, भावनात्मक और विजयी समापन समारोह के बाद

# स्पेशल ओलंपिक में भारतीय टीम ने 202 पदक जीते

▶▶ साकेत कुंडू, जिन्होंने पहले मिनी भाला फेंक लेवल बी में रजत पदक जीता था

**राष्ट्रीय खबर**

**बर्लिन:** इस शहर के केंद्र में ब्रैंडेनबर्ग गेट पर एक विचारोत्तेजक, भावनात्मक और विजयी समापन समारोह के बाद, विशेष ओलंपिक विश्व खेल 2023 सोमवार को समाप्त हो गया। जब शहर को दीवार से विभाजित किया गया था तब यह गेट एक प्रतिबंधित क्षेत्र के रूप में कार्य करता था, और तब से यह एकता का एक प्रतीक रहा है। एक खेल आयोजन के लिए एक उपयुक्त दृष्टांत जो एकता, विविधता और विशेष कौशल का जश्न मनाता है। भारत ने खेलों के अंतिम दिन अपने पदकों की संख्या 202 पदक (76 स्वर्ण, 75 रजत और 51 कांस्य) तक पहुंचा दी, जिसमें से अंतिम पदक एथलेटिक्स ट्रैक से आए। भारत के एथलीटों ने ट्रैक स्पधाओं में छह पदक (2 स्वर्ण, 3 रजत और 1 कांस्य) जीते। सुर्खियाँ निस्संदेह स्वर्ण पदक विजेता आंचल गोयल (400 मीटर, लेवल बी महिला) और रविमथी अरुमुगम (400 मीटर, लेवल सी महिला) को मिलेंगी जिन्होंने पोडियम के शीर्ष पर पहुंचने के लिए अपनी प्रतिस्पर्धा को उड़ा दिया। और फिर भी, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पदक का रंग अपने आप में प्रदर्शन का निर्णायक नहीं है। साकेत कुंडू, जिन्होंने पहले मिनी भाला फेंक लेवल बी में रजत पदक जीता था, ने लेवल बी 400 मीटर में भी कांस्य पदक जीता, जो ट्रैक और फील्ड में एक दुर्लभ डबल एक्ट है। खेलों का समापन ब्रैंडेनबर्ग गेट पर एक शाम की सभा के साथ हुआ, जिसमें प्रत्येक दल के सदस्यों को एकता की भावना का प्रतिनिधित्व करने और विशेष ओलंपिक आंदोलन के महत्व को सामने लाने के लिए एक मंच पर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के समापन पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में, दिन की शुरूआत में, बातचीत इस बात पर केंद्रित थी कि कैसे बर्लिन खेल एक अभूतपूर्व कार्यक्रम था, जिसमें 330,000 से अधिक लोगों ने विश्व खेलों में लाइव भाग लिया था। कई अन्य लोगों ने टेलीविजन पर और अन्य मीडिया के माध्यम से देखा। सार्जेंट श्राइवर इंटरनेशनल ग्लोबल मैसेंजर की हैना जॉय एटकिंसन ने कहा, मैं इस शहर में आकर बहुत विनम्र महसूस कर रही हूं। बर्लिन शहर ने हमारा स्वागत किया है। यह मेरा अब तक का पहला विश्व खेल था और मुझे कई चीजें करने का मौका मिला। मैं नहीं चाहता कि यह खत्म हो! शुभंकर एकता था - हर जगह देशों को एकजुट करना और बर्लिन ने इसे पार्क से बाहर कर दिया और मेजबानी करने वाले अगले देश को भी ऐसा करना चाहिए!



## लेबनान ने भूटान के खिलाफ अपनी दूसरी जीत दर्ज की

राष्ट्रीय खबर



बेंगलुरुः लेबनान ने रविवार, 25 जून, 2023 को बेंगलुरु के श्री कांतीरावा स्टेडियम में ग्रुप बी में भूटान को 4-1 से हराकर बंगबंधु सैफ चैंपियनशिप 2023 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। लेबनान ने पूरी ताकत से हमला किया और पहले हाफ में सारा नुकसान किया, चार अलग-अलग स्कोररों ने गोल किया। अलेक्जेंडर इलिक की टीम अब छह अंक पर है, उसके बाद बांग्लादेश और मालदीव दोनों तीन अंक पर हैं। भूटान ने अभी तक अपना खाता नहीं खोला है और वह तालिका में सबसे नीचे है। अली टेनिच की लंबी दूरी की हाफ-वॉली, जो 40 सेकंड के भीतर क्रॉसबार के ऊपर से निकल गई, इस बात का संकेत थी कि रात कैसी होगी, जिसमें भूटान के गोल पर बहुत सारे शॉट लगे होंगे। 11वें मिनट में वे बढ़त के हकदार थे, जब अली अल हज ने गोल पर शॉट लगाने से पहले बॉक्स के अंदर तेजी से पैर दिखाए, जिसे भूटान के गोलकीपर शेरिंग डेंडुप ने गिरा दिया और मोहम्मद सादेक ने रिबाउंड पर टैप किया। अल हज की ड्रिबलिंग क्षमता फिर से प्रदर्शित हुई क्योंकि उन्होंने 23वें मिनट में बॉक्स में ट्विस्ट और टर्न के बाद लेबनान की बढ़त को दोगुना कर दिया और फिर डेंडअप को करीब से पास कर दिया। लेबनान को तीसरा मौका 35वें मिनट में मिला जब खलील बदर ने टेनिच के हेडर को ब्लॉक होते देखा और रिबाउंड पर झपटकर स्कोर करने में सबसे तेज थे।

लेफ्ट-बैक महदी जीन भी सक्रिय हो गए और हाफ टाइम से ठीक पहले सादेक के शॉट को ब्लॉक किए जाने के बाद एक ढीली गेंद पर चौथा गोल दागा। भूटान ने लेबनान के गोलकीपर एंटोनी एल्डोइही को भी काम में लेने में कामयाबी हासिल की, जिन्होंने बेंगलुरु एफसी के पूर्व खिलाड़ी चेन्चो ग्याल्त्शेन और दोरजी को रोकने के लिए अच्छा बचाव किया। लेबनान ने दूसरे हाफ में अपना दबाव काफी हद तक कम कर लिया, जो भूटान के सांत्वना लक्ष्य को खोजने के प्रयासों के बारे में था। गेल्त्शेन के पास बकाया राशि कम करने का सुनहरा मौका था जब लेबनान के कप्तान मोहम्मद अली धैनी ने उन्हें बाय-लाइन के पास गिरा दिया था, लेकिन परिणामी पेनल्टी को सही पोस्ट के बाहर भेज दिया। हालाँकि, भूटान के दिग्गज ने 79वें मिनट में खुद को बचा लिया।

### शतरंज से शांत रहने में मिलती है मदद : चहल

**दुबई :** भारतीय लेग-स्पिनर और पूर्व अंडर-12 राष्ट्रीय शतरंज चैंपियन युज़वेंद्र चहल ने भले ही पेशेवर तौर पर शतरंज का दामन छोड़ दिया हो, लेकिन इस खेल से मिला धैर्य क्रिकेट में उनके बहुत काम आया है। ग्लोबल चेस लीग (जीसीएल) की टीम एसजी एल्पाइन वॉरियर्स के अंबैसडर चहल ने कहा, ''मुझे मेरी पहली जर्सी शतरंज के ज़रिये ही मिली। मैंने बीते वर्षों में इस खेल से धैर्य सीखा है। इससे मुझे क्रिकेट में भी मदद मिलती है क्योंकि कभी-कभी अच्छी गेंदबाजी के बाद भी मुझे विकेट नहीं मिलता। ऐसे समय पर धैर्य बेहद काम आता है।'' टेक महिंद्रा और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के संयुक्त प्रयास से आयोजित जीसीएल को मैगनस कार्लसन और विश्वनाथन आनंद जैसे पूर्व विश्व चैंपियनों से वाहवाही मिली है। इस टूर्नामेंट का पहला सीजन दुबई में 21 जून को शुरू हुआ और इसका समापन दो जुलाई को होगा। चहल ने जीसीएल के टीम प्रारूप की तारीफ करते हुए कहा कि यह शतरंज का आईपीएल है। चहल ने कहा, ''भारत में हम हमेशा क्रिकेट को देखते हैं, लेकिन जीसीएल शतरंज का आईपीएल है।

## रॉबिन्सन को चुप रहने की जरूरत है: क्लार्क

**एजेंसियां**



**लंदन:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने एशेज़ टेस्ट शृंखला के विवादों पर आग में घी डालते हुए कहा है कि इंग्लैंड के गेंदबाज़ ओली रॉबिन्सन को 'चुप रहने' और विकेट लेने पर ध्यान देने की ज़रूरत है। क्लार्क ने स्काई स्पोर्ट्स के कार्यक्रम बिग स्पोर्ट्स ब्रेकफास्ट पर कहा, ''उसे (रॉबिन्सन को) चुप रहने की ज़रूरत है। अगर इंग्लैंड के सभी खिलाड़ी फिट होते तो ओली को टीम में जगह भी नहीं मिलती। यदि जोफ्रा आर्चर खेल रहे होते, या (मार्क) वुड पूरी तरह फिट होते, तो उन्हें (रॉबिन्सन) क्लब क्रिकेट खेलने के लिये लौटना पड़ता।'' उल्लेखनीय है कि इस विवाद की शुरुआत तब हुई थी जब पहले एशेज़ टेस्ट के दौरान रॉबिन्सन ने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज़ उस्मान ख्वाजा को आउट करने के बाद उन्हें आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए पवेलियन भेजा था। मैच के तीसरे दिन हुई घटना के बाद रॉबिन्सन ने संवाददाताओं से कहा था कि बीते कुछ सालों में रिकी पॉन्टिंग सहित कई कंगारू क्रिकेटरों ने भी एशेज़ में कई तरह के शब्दों का प्रयोग किया है। क्लार्क ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि वह कर क्या रहा है। अगर जेम्स एंडरसन ऐसा करें तो बात भी है। वह 180 टेस्ट खेल चुके हैं, कई विकेट चटका चुके हैं। यह खिलाडी तो पांच मिनट पहले ही यहां आया है। उसे विकेट लेने पर ध्यान देने की जरूरत है.. ओली, पहले (एक पारी में) पांच विकेट चटकाइये, फिर जो मन में आये वह कहिये।'' ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड अब 28 जून से यहां लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरे एशेज़ टेस्ट में आमने-सामने होंगे। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की थी, हालांकि विज़डेन के लिये लिखे गये रॉबिन्सन के लेख के अनुसार, कोच ब्रैंडन मैकुलम ने कहा था कि यह हार उन्हें ''जीत जैसी प्रतीत हो रही है।''

## शाहरुख को व्हाइट हाउस में डांस न कर पाने का अफसोस



**राष्ट्रीय खबर**

मुंबईः अपनी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'दीवाना' की 31वीं वर्षगांठ मनाने के लिए, शाहरुख खान ने रविवार शाम को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल का सहारा लिया। उन्होंने सहजता से अपने करिश्माई आकर्षण का प्रदर्शन किया और अपने प्रशंसकों से जुड़े रहे और उन्हें मंत्रमुग्ध कर दिया। और जब उनसे व्हाइट हाउस में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए गाए जाने वाले छैया छैया के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, काश मैं इस पर नृत्य करने के लिए वहां होता लेकिन मुझे लगता है कि वे ट्रेन को अंदर नहीं आने देंगे। शाहरुख ने बातचीत की शुरूआत यह कहते हुए की, वाह, अभी एहसास हुआ कि दीवाना को रिलीज हुए 31 साल हो गए हैं। यह काफी मजेदार सफर रहा है, ज्यादातर अच्छा। राज कंवर की हिट फिल्म दीवाना, जिसमें उन्होंने ऋषि कपूर के बाद दूसरे मुख्य अभिनेता की भूमिका निभाई और दिव्या भारती के साथ अभिनय किया, 1992 में शाहरुख खान की बॉलीवुड में पहली फिल्म थी। जब एक प्रशंसक ने उनसे पूछा कि उन्हें दीवाना के सेट से सबसे ज्यादा क्या याद है, तो शाहरुख ने जवाब दिया, दिव्याजी और राजजी के साथ काम करना। जब उनसे पूछा गया कि एक अभिनेता के रूप में आप पिछले 31 वर्षों में किस चीज का अनुसरण कर रहे हैं तो उन्होंने अपनी अभिनय शैली पर एक नजर डाली। उन्होंने कहा, मैं चरित्र की पूरी पृष्ठभूमि कहानी और विचारधारा लिखता हूं। कभी-कभी, मैं इसे निर्देशक के साथ साझा करता हूं या सिर्फ अपने पास रखता हूं। यह एक कविता या पूरी कहानी हो सकती है।

## दिशा पाटनी ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो



**एजेंसियां**


**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। दिशा पाटनी अपनी फिटनेस का काफी ख्याल रखती है। दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट वीडियो शेयर की है, जिसमें वह 70 किलो का वजन उठा रही हैं। वीडियो में दिशा वर्कऑउट करते नजर आ रही है। दिशा ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, समय हो गया है 70 किलो उठाए। मैंने तीन सेट मारे हैं। अब मुझे शक्ति और परफॉर्मेंस पर काम करना है।

### गदर 2 बनाने के लिये अनिल शर्मा ने 50 से अधिक कहानियों को किया रिजेक्ट

**मुंबई :** बॉलीवुड फिल्मकार अनिल शर्मा ने अपनी सुपरहिट फिल्म गदर : एक प्रेम कथा का सीक्वल बनाने के लिये 50 से अधिक कहानियों को रिजेक्ट किया। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदर : एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। 22 सालो के बाद गदर की सीक्वल गदर 2 रिलीज होने जा रही है। अनिल शर्मा ने बताया है कि गदर 2 को बनाने में उन्हें 22 साल कैसे लग गये। अनिल शर्मा ने बताया है कि 'गदर 2' के लिए उनके पास कई कहानियां आईं लेकिन इनमें से कोई भी ऐसी कहानी नहीं थी जो पहली वाली 'गदर' से मिल पाए। यही वजह थी उन्होंने फिल्म की 50 से अधिक कहानियों को रिजेक्ट किया। 'गदर 2 :11 अगस्त को रिलीज होगी। इस फिल्म में सनी देओल के साथ अमीषा , उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर, लव सिन्हा नजर



## अर्जुन कपूर की बर्थडे पार्टी में मलाइका अरोड़ा ने छैंया छैंया गाने पर किया डांस



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने अपने बॉयफ्रेंड अर्जुन कपूर की बर्थ डे पार्टी में सुपरहिट गाना छैंया छैंया गाने पर डांस किया। अर्जुन कपूर का जन्मदिन है। अर्जुन कपूर ने बीती रात को अपना मिड-नाइट बर्थडे सेलिब्रेट किया। अर्जुन की पार्टी से एक इनसाइड वीडियो सामने आया है, जिसमें मलाइका को झूमते हुए देखा गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि मलाइका, फिल्म 'दिल से' के गाने 'छैंया छैंया' पर डांस करती हुई नजर आ रही हैं। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर पिछले पांच साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

### द केरल स्टोरी की सफलता के बाद सुदीप्तो सेन की अगली फिल्म होगी 'बस्तर'

**एजेंसियां**



**मुंबईः** बॉलीवुड निर्देशक सुदीप्तो सेन द केरल स्टोरी की सफलता के बाद अब फिल्म बस्तर बनाने जा रहे हैं। फिल्म द केरल स्टोरी में अदा शर्मा ने लीड रोल प्ले किया है। इस फिल्म का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया है जबकि निर्माण विपुल अमृतलाल शाह ने किया है। केरल में लड़कियों के धर्मांतरण, उन पर ज्यादती और फिर आतंकी संगठन की कहानी पर बनी 'द केरल स्टोरी' की सफलता के बाद सुदीप्तो सेन अब फिल्म बस्तर बनाने जा रहे हैं। 'द केरल स्टोरी'की निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और सुदीप्तो सेन की जोड़ी फिल्म बस्तर के जरिये फिर से साथ आ रही है। निर्माताओं ने एक अनाउंसमेंट पोस्टर के साथ अपने दूसरे सहयोग की घोषणा की जिसमें हम देख सकते हैं कि शांतिपूर्ण माहौल के बीच, फिल्म का टाइटल लाल रंग से रंगा हुआ दिखाई दे रहा है।

## अमिताभ, कमल हसन, प्रभाष और दीपिका होंगे प्रोजेक्ट के फिल्म में

**राष्ट्रीय खबर**



**मुंबईः** फिल्म निमार्ता नाग अश्विन की साइंस फिक्शन फिल्म प्रोजेक्ट के अपनी घोषणा के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है। देखने लायक सबसे बड़ी भारतीय फिल्मों में से एक मानी जा रही इस फिल्म में मेगास्टार अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में हैं। तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े प्रोडक्शन हाउस में से एक वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित, निमार्ताओं के पास अब जश्न मनाने का एक और कारण है क्योंकि उलगनायगन कमल हासन ने फिल्म में आने और एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का फैसला किया है। कमल हासन के 'प्रोजेक्ट के' में शामिल होने से निस्संदेह यह फिल्म अब तक की सबसे बड़ी कास्टिंग कूप बन गई है। इसकी पुष्टि करते हुए, उलगनायगन कमल हासन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 50 साल पहले जब मैं एक नृत्य सहायक और एक सहायक निर्देशक था, तो अश्विनी दत्त का नाम उत्पादन क्षेत्र में बड़ा था। हम दोनों 50 साल बाद साथ आ रहे हैं. हमारी अगली पीढ़ी का एक शानदार निर्देशक इस पद पर है। मेरे सह-कलाकार श्री प्रभास और सुश्री दीपिका भी उसी पीढ़ी के हैं। मैंने अमित जी के साथ पहले भी काम किया है। फिर भी हर बार ऐसा लगता है जैसे पहली बार हो। अमित जी खुद को नया रूप देते रहते हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### एनआईए ने कश्मीर में कई जगहों पर मारे छापे

**श्रीनगर :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक आतंकी मामले में सोमवार को कश्मीर घाटी में कई जगहों पर छापे मारे। एनआईए के सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा, कुलगाम शोपियां और बांदीपोरा जिलों में पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से की छापेमारी की जा रही है। विस्तृत रिपोर्टों की प्रतीक्षा है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### रेलवे ट्रैक पर महिला का शव मिला

**मुरैना:** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के हेतमपुर रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर एक अनजान वृद्ध महिला का शव मिला है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शासकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सूचना मिली कि रेकवे ट्रैक पर एक वृद्ध अनजान महिला का शव पड़ा हुआ है। जीआरपी ने कल ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया है। पुलिस ने महिला की पहचान के लिये क्षेत्र के आसपास के ग्रामीणों से संपर्क किया है। लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का मानना है कि महिला की पटरी पार करने के दौरान किसी ट्रेन से कट जाने से मौत हुई है। फिर भी मामले की जांच की जाएगी।

### महाकालेश्वर मंदिर में स्थानीय श्रद्धालुओं को आधार कार्ड से होंगे दर्शन

**उज्जैन :** मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में दिनों दिन बढ़ती दर्शनार्थियों की संख्या के कारण स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए अब आगामी 11 जुलाई से आधार कार्ड से दर्शन की व्यवस्था की जाएगी। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भगवान महाकालेश्वर मंदिर में देश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग आते हैं।विशेषकर श्रावण माह में इनकी संख्या अत्यधिक होती है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दुष्कर्म पीड़िता पर बयान बदलने का दबाव, आरक्षक गिरफ्तार

**मुरैना :** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में पुलिस ने एक आरक्षक को एक दुष्कर्म की शिकार किशोरी पर बयान बदलने का दबाव डालने के आरोप मे गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी का बंदूक की नोक पर अपहरण कर उसके साथ गैंग रेप के आरोपियों के बचाव में पीड़िता पर बयान बदलने का दबाव बनाने वाले पुलिस आरक्षक कुलदीप गुर्जर को पुलिस ने कल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि किशोरी को गत 17 जून को भोला ओर भूरा गुर्जर बंदूक की नोक पर अगवा कर ले गए और एक मकान में उसके साथ चार दिन तक गैंगरेप किया। बाद में एक आरोपी भोला गुर्जर महिला थाने में पदस्थ आरक्षक कुलदीप गुर्जर के साथ 21 जून को उसे महिला थाने में यह कहकर छोड़ गया कि वह अपने बयान बदले और कहे कि वह घर से अपनी मर्जी से गई और उसके साथ कोई दुष्कृत्य नहीं हुआ।

### कोटा रेंज में विभिन्न अपराधों में वांछित 1283 अपराधी गिरफ्तार

**कोटा :** राजस्थान की कोटा पुलिस रेंज में पिछले पांच साल से विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ पर एक ही दिन में 1283 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस महानिरीक्षक प्रसन्न कुमार खमेसरा ने बताया कि कोटा रेंज के सभी जिलों में पिछले पांच सालों में गोलीबारी,आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट,एक्साइज एक्ट जैसे विभिन्न प्रकरणों में चालानशुदा अपराधियों और पिछले विधानसभा-आम चुनाव चुनाव के संबंध में दर्ज मामलों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए राजस्थान के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर रविवार को एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया।

**निर्णय** — दुनिया का सबसे धनवान मंदिर ट्रस्ट तिरुपति देवस्थानम का फैसला

# अब हर राज्य में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर बनाने की तैयारी

- कई स्थानों पर अभी चल रहा है काम
- दक्षिण भारत से विस्तार कार्य प्रारंभ
- दूरस्थ गांवों में भी छोटे मंदिर बनेंगे

राष्ट्रीय खबर



**चेन्नई:** तिरूपति में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर का संचालन करने वाले दुनिया के सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम देश में हर राज्य में भगवान वेंकटेश्वर का एक मंदिर बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसके तहत भगवान वेंकटेश्वर मंदिर की प्रतिकृतियां देश भर में जम्मू, नवी मुंबई, गुजरात और छत्तीसगढ़ जैसे कई स्थानों पर बनाई जा रही हैं। यह दुनिया के सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की एक महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है, जिसके तहत भारत के हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में तिरुपति मंदिर की कम से कम एक प्रतिकृति का निर्माण करके भगवान बालाजी की अखिल भारतीय उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी।

मिली जानकारी के मुताबिक 1933 में स्थापित, टीटीडी ट्रस्ट शुरू में केवल कुछ मुट्ठी भर मंदिरों के मामलों का प्रबंधन करता था, जिसमें तिरुमाला में प्रतिष्ठित भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर, तिरुचनूर में श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर और तिरुपति में श्री गोविंदराज स्वामी मंदिर शामिल थे। लेकिन अपनी स्थापना के बाद से नौ दशकों में, ट्रस्ट ने पूरे भारत में भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित 58 मंदिरों की स्थापना की है। हालाँकि, उनमें से अधिकांश दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु में स्थित हैं। जबकि टीटीडी ने सबसे पहले आंध्र में मंदिरों का निर्माण और अधिग्रहण शुरू किया था, इस क्षेत्र के बाहर पहला मंदिर जिसे उसने अपने प्रशासनिक दायरे में शामिल किया था वह 1969 में था - ऋषिकेश, उत्तराखंड में बालाजी मंदिर। इसने 2019 में कन्याकुमारी में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर की स्थापना करके भारत के सबसे दक्षिणी सिरे पर अपने पदचिह्न स्थापित किए। हाल ही में, 8 जून को जम्मू में एक मंदिर खोला गया था। ट्रस्ट गुजरात के गांधीनगर, छत्तीसगढ़ के रायपुर और बिहार में तीन और मंदिर बनाने पर विचार कर रहा है, जहां नीतीश कुमार सरकार के साथ चर्चा प्रारंभिक चरण में है।

ट्रस्ट ने हाल ही में महाराष्ट्र में भी भगवान बालाजी मंदिर की प्रतिकृति की नींव रखी, राज्य सरकार ने नवी मुंबई में लगभग 600 करोड़ रुपये की 10 एकड़ प्रमुख भूमि आवंटित की। टीटीडी निर्माण पर 70 करोड़ रुपये खर्च करेगा। टीटीडी के अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी ने टीओआई को बताया कि 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिरों का निर्माण सर्वशक्तिमान को भक्तों के द्वार तक ले जाने का एक प्रयास था। आंध्र के सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी के निदेर्शों के बाद, टीटीडी दक्षिण भारतीय राज्यों के दूरदराज और पिछड़े गांवों में छोटे मंदिरों का निर्माण करेगा।

## नड्डा आज भोपाल में, पार्टी कार्यशाला को करेंगे संबोधित



एजेंसियां

**भोपाल:** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा अपने दो दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास पर आज राजधानी भोपाल पहुंचेंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार नड्डा आज अपराह्न विशेष विमान से यहां स्टेट हैंगर पहुंचेंगे। वे शाम को स्थानीय मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में राजमाता विजयाराजे सिंधिया परिसर में मोदी सरकार के नौ वर्ष के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। नड्डा इसके उपरांत स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पार्टी से संबंधित अल्पकालीन विस्तारक कार्यशाला को संबोधित करेंगे। कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भोपाल आएंगे और मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शहडोल रवाना हो जाएंगे।

## दिल्ली को सुरक्षित नहीं बना सकते तो इस्तीफा दें उपराज्यपाल : केजरीवाल



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर निशाना साधते हुए कहा कि वह यहां के लोगों को सुरक्षा नहीं दे सकते हैं तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। केजरीवाल ने यहां प्रगति मैदान टनल में चलती कार से लूटपाट का सीसीटीवी फुटेज जारी करते हुए कहा ''उपराज्यपाल को इस्तीफा दे देना चाहिए। किसी ऐसे व्यक्ति के लिए रास्ता बनाएं, जो दिल्ली के लोगों को सुरक्षा प्रदान कर सके। अगर केंद्र सरकार दिल्ली को सुरक्षित नहीं बना सकती तो इसे हमें सौंप दें। हम आपको दिखाएंगे कि किसी शहर को उसके नागरिकों के लिए कैसे सुरक्षित बनाया जाए।'' उन्होंने हाल ही में यहां आपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि पर गंभीर चिंता जताते हुए उपराज्यपाल पत्र लिखा था। उन्होंने कहा था कि दिल्ली के अंदर पहली बार इतने बडे स्तर पर अपराध बढ़े हैं। बढ़ती आपराधिक घटनाओं के चलते दिल्ली के लोगों में दहशत का महौल है और हर व्यक्ति खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल को लिखे अपने पत्र में दिल्ली की कानून व्यवस्था सुधारने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया था ताकि लोगों के अंदर विश्वास पैदा हो सके कि वह सुरक्षित हैं। उल्लेखनीय है कि प्रगति मैदान टनल के अंदर बदमाशों ने शनिवार को पिस्तौल दिखाकर कार सवार कारोबारी से दो लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। अब इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसमें बाइक सवार बदमाश लूट को अंजाम देते नजर आ रहे हैं।

## बरेली में खतना मामले में अस्पताल का लाइसेंस निलंबित





एजेंसियां

**बरेली :** उत्तर प्रदेश के बरेली में स्थित एक निजी अस्पताल में तोतलेपन का इलाज करने के बजाय बच्चे का खतना करने के आरोपी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है और अस्पताल में किसी भी तरह के इलाज और नये मरीजों की भर्ती में रोक लगा दी गयी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस मामले में गठित जांच कमेटी ने प्रथम दृष्टया अस्पताल प्रबंधन दोषी पाया गया है। करीब 10 घंटे तक चले जांच में कमेटी ने दोनों पक्ष सुने। रविवार देर रात अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने का आदेश जारी किया गया। अस्पताल में किसी तरह का इलाज और नए मरीज भर्ती करने पर रोक लगा दी गई है। बरेली नगर में स्टेडियम मार्ग पर एम खान अस्पताल में शुक्रवार को संजयनगर के एक दंपती दो साल के बेटे का तोतलेपन का इलाज कराने पहुंचे थे। आरोप है कि तालू ऑपरेशन के बजाय बच्चे का खतना कर दिया गया। ऑपरेशन के बाद स्टाफ ने दोबारा बच्चे को वार्ड में लिटा दिया। गर्मी लगने पर कपड़े हटाए तो खतने के बारे में पता चला। इस घटना का पता चलने पर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन कर हंगामा किया तब पुलिस के साथ आईएमए पदाधिकारी भी पहुंच गए थे। हिंदू संगठनों ने हंगामा कर प्रदर्शन भी किया था पीड़ित परिवार ने इस मामले में तहरीर भी दी थी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जानकारी मिलते ही शनिवार शाम मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) से कमेटी गठित कर जांच करा सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलबीर सिंह ने चार सदस्यीय पैनल गठित कर दिया, जिसमें डॉ. भानु प्रकाश, डॉ. सीपी सिंह, डॉ. जेपी मौर्य, डॉ. संचित शर्मा शामिल थे। रविवार सुबह से देर शाम तक जांच समिति सदस्यों ने अस्पताल और पीड़ित परिवार से मिलकर पक्ष सुना। अभिलेख भी चेक किए, इसके बाद देर शाम अपनी रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी।

## आजमगढ़ में बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या





एजेंसियां

**आजमगढ़ :** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के निजामाबाद थाना क्षेत्र में रविवार और सोमवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने एक मकान पर धावा बोल कर बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सोमवार को बताया कि जिले के निजामाबाद थाना क्षेत्र के कयामुद्दीन पट्टी परसहा गांव में 25/26 जून की रात विश्वनाथ (75) और उनकी पत्नी संताली देवी (73) प्रतिदिन की तरह भोजन के बाद घर के बाहर चारपाई पर सो गए । रात में अज्ञात बदमाशों द्वारा उनकी धारदार हथियार से प्रहार कर निर्मम हत्या कर दी गई ।आज सुबह आसपास के लोग जब टहलने निकले तो बुजुर्ग दंपत्ति को मृत हालत में देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी । सूचना मिलते ही आजमगढ़ परिक्षेत्र के आईजी अखिलेश कुमार और पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य मौके पर पहुंच गए। डॉग स्क्वायर टीम ने भी मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस ने आसपास और बेटे से पूछताछ के बाद प्रथम दृष्टया इस घटना के पीछे लूट और संपत्ति विवाद की आशंका जताई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में परिवार के लोगों और आसपास से पूछताछ की गई है जिसमें संपत्ति विवाद और लूट की आशंका जताई गई। पुलिस की जांच टीम गठित कर दी गई और बहुत जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**दबिश** — गांजा की तस्करी करने वाले, पांच गिरफ्तार

# मेडिकल पढ़ने आये थे कर रहे थे गांजे की खेती

राष्ट्रीय खबर



**बेंगलुरु:** भविष्य के डाक्टरों की ऐसी हरकत देख पुलिस भी हैरान है। पुलिस के मुताबिक, एक मेडिकल छात्र गांजे की खेती करते हुए अपने मेडकिल की पढ़ाई कर रहा था। उसने वहीं पर भांग की खेती की। पुलिस ने गांजे की खेती और गांजे का कारोबार करने के आरोप में 5 मेडिकल छात्रों को गिरफ्तार किया है. कुल मिलाकर 42 हजार रुपये का गांजा बरामद किया गया। कर्नाटक पुलिस के मुताबिक, जिन पांच मेडिकल छात्रों को प्रतिबंधित दवाओं की खेती और कारोबार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, वे सभी एक निजी मेडिकल कॉलेज में पढ़ते हैं। एमबीबीएस के अंतिम वर्ष के पांच छात्रों में विघ्नराज, विनोद कुमार, पांडीदोराई और अर्पिता शामिल हैं। वे तमिलनाडु और कर्नाटक राज्य के निवासी हैं। गोपनीय सूत्रों से जानकारी मिलने के बाद कर्नाटक पुलिस ने शुक्रवार को एक आवास पर छापा मारा। उन्होंने गुरुपुरा इलाके में कथित तौर पर संदिग्ध गतिविधियां करने के आरोप में अर्पिता और अब्दुल खय्याम नाम के दो व्यक्तियों से पूछताछ शुरू की। इसके बाद वहां से करीब 20 हजार रुपये का गांजा बरामद किया गया। दोनों मेडिकल छात्रों से पूछताछ के बाद जांचकताओं को कुछ और आरोपी मिले।

पुलिस ने कहा कि मेडिकल छात्र विघ्नराज ने किराए के मकान में गांजा की खेती शुरू की। उन्होंने भांग की खेती का अध्ययन किया। इसके बारे में इंटरनेट पर जानकारी जुटाई। इसके बाद उन्होंने ऑनलाइन भांग के बीज खरीदे। आरोपियों ने विशेष बल्बों का उपयोग करके कृत्रिम सूरज की रोशनी में इस औषधि की खेती शुरू की। उसके दो दोस्त विनोद और पांडीडोरा गांजा खरीदते थे। जांचकताओं के अनुसार, पुलिस ने मेडिकल छात्रों के पास से लगभग डेढ़ किलो गांजा, 10 ग्राम चरस, भांग के बीज, इलेक्ट्रिक वॉशिंग मशीन, 6 टेबल पंखे, दो स्टेबलाइजर, एलईडी लाइट और 19,000 टका नकद जब्त किया। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ मादक पदार्थ का मामला दर्ज किया गया है।

## न्यूज फटाफट

### अमेरिकी तट रक्षकों ने टाइटन पनडुब्बी दुर्घटना की जांच शुरू की

**वाशिंगटन:** अमेरिका के तट रक्षकों ने टाइटन पनडुब्बी दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। अमेरिका के कोस्ट गार्ड रियर एडमिरल माउगर ने संवाददाताओं से कहा कि तटरक्षक बल ने आपदा और जहाज पर पांच लोगों की मौत की जांच के लिए आधिकारिक तौर पर एक आयोग का गठन किया है। उन्होंने कहा,''मेरा प्राथमिक लक्ष्य दुनिया भर में समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ाने के लिए आवशयक सिफारिशें करके इसी तरह की घटना को रोकना है। जांचकर्ता विस्फोट के कारण के सबूत इकट्ठा करने पर काम करेंगे।'' इससे पहले कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने कहा था कि अधिकारियों ने अटलांटिक महासागर के पानी में टाइटन पनडुब्बी के विनाश की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि ओशनगेट सबमर्सिबल टाइटन पनडुब्बी 18 जून को उत्तरी अटलांटिक में केप कॉड से लगभग 900 मील पूर्व में लगभग 13,000 फीट की गहराई पर टाइटैनिक के मलबे के एक अभियान के दौरान लापता हो गयी थी। अमेरिकी तट रक्षक ने गुरुवार को पुष्टि की कि टाइटैनिक के मलबे वाली जगह के पास समुद्र तल पर पाया गया मलबा लापता पनडुब्बी के टुकड़ों से बना था। टाइटन पर सवार सभी पांच लोगों को मृत मान लिया गया है।

### गोलीबारी में 11 लोगों की मौत

**तेगुसिगाल्पा :** मध्य अमेरिकी देश होंडुरास के चोलोमा शहर स्थित एक बिलियर्ड हॉल में गोलीबारी में 11 लोगों की मौत की घटना के बाद क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक शनिवार की रात हथियारों से लैस कुछ लोग बिलियर्ड हॉल में घुस गये और गोलीबारी शुरू कर दी। हमले में एक महिला सहित 11 लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हुए हैं। होंडुरास के राष्ट्रपति आइरिस शियोमारा कास्त्रो सरमिएंटो ने क्षेत्र में कर्फ्यू लागू किये जाने की घोषणा की है।

### हजयात्रियों से पर्यावरण-अनुकूल उपाय बरतने का आग्रह

**रियाद/मक्का :** वैश्विक महामारी कोरोना के शिथित पड़ने के उपरांत सऊदी अरब में पूर्व वर्षों की भांति हज यात्रा पर आने वालों की संख्या में बढ़ोतरी के मद्देनजर हजयात्रियों से पर्यावरण-अनुकूल उपाय बरतने का आग्रह किया गया है। पर्यावरण मंत्रालय ने सोमवार से शुरू होने वाले हज की तैयारी के सिलसिले में पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य के संरक्षण के लिए हजयात्रियों को पवित्र शहर मक्का और आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरण-अनुकूल उपायों को अपनाने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने जागरुकता अभियान के तहत हजयात्रियों को अपनी यात्रा पर निकलने से पहले कुछ आवशयक कदम उठाने की सलाह दी है। पर्यावरण-अनुकूल उपायों में एहराम या रिसाइकल करने योग्य कपड़ों से बना सफ़ेद सीमलेस वस्त्र पहनना, डिस्पोजेबल प्लास्टिक पैक के बजाय पुन: प्रयोज्य पानी की बोतलें ले जाना और उच्च गुणवत्ता वाले, टिकाऊ जूते पहनना शामिल है इसके अलावा यात्रियों को ऊर्जा-बचत करने वाले बिजली के उपकरण ले जाने की भी सलाह दी गयी है।

### अमेरिकी समर्थन पर बिडेन, जेलेंस्की ने बातचीत की

**वाशिंगटन:** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने रूस के साथ संघर्षरत यूक्रेन को समर्थन के संदर्भ में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की से बातचीत की है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने अपने बयान में कहा , '' दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और जवाबी हमले पर चर्चा की। बिडेन ने यूक्रेन को निरंतर सुरक्षा, आर्थिक और मानवीय सहायता सहित अमेरिका के अटूट समर्थन की पुष्टि की।'' बयान में कहा गया कि श्री बिडेन और जेलेंस्की ने रूस में हाल की घटनाओं पर भी चर्चा की।

### रूसी सेना ने तीन यूक्रेनी आक्रमण समूहों पर किया हमला

**मॉस्को:** रूसी सुरक्षा बलों ने बखमुत के उत्तर में यूक्रेनी सैनिकों के तीन हमलावर समूहों को आगे बढ़ने से रोक दिया है और मोर्टार फायर से उन्हें तितर-बितर कर दिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने समाचार एजेन्सी स्पुतनिक को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने कहा,''युग ग्रुप ऑफ फोर्सेज के उपखंडों ने बेरखिव्का की दिशा में दुश्मन के तीन हमलावर समूहों के आगे बढ़ने का पता लगाया है। मोर्टार फायर ने दुश्मन की बढ़ती सेनाओं को तितर-बितर कर दिया।''प्रवक्ता ने कहा कि यूक्रेनी सेना की हमले की कार्रवाई को छह अन्य गांवों के पास भी रोक दिया गया। रूसी सेना ने बखमुत क्षेत्र में ''सोलनत्सेपेक'' (ब्लेजगिंसन) थर्मोबेरिक रॉकेट लॉन्चर का उपयोग करके यूक्रेनी पैदल सेना को भी निशाना बनाया।

### गिरोह की गोलीबारी में आठ लोगों की मौत

**ब्यूनस आयर्स:** इक्वाडोर के प्रांत सैंटो डोमिंगो डी लॉस त्साचिलास में एक गिरोह की गोलीबारी में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। इक्वाविसा टीवी ने कहा कि यह घटना रविवार को हुई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए और अन्य आठ की मौत हो गई। प्रारंभिक पुलिस रिपोर्टों के अनुसार गोलीबारी स्थानीय आपराधिक गिरोहों के बीच आपसी संघर्ष का परिणाम है मामले की जांच की जा रही है।

### घर पर हमले में एक की मौत, ग्यारह घायल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में एक घर पर रविवार को हुए हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि घटना जिले के मेरा खेल इलाके में सुबह-सुबह हुई, जब अज्ञात लोगों ने एक स्थानीय नागरिक के आवास पर कुछ हथगोले से हमला किया, उसके बाद गोलीबारी की और भाग गए। पुलिस ने कहा कि विस्फोट में पुरुष, महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोट्र्स के मुताबिक पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है जबकि शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## आज का इतिहास

- 1693 : लंदन में महिलाओं की पहली पत्रिका लेडीज मरकरी का प्रकाशन शुरू हुआ।
- 1838 : बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म हुआ था, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ही राष्ट्रगीत के रचयिता हैं।
- 1867 : बैंक ऑफ कैलिफार्निया का संचालन शुरू।
- 1893 : पंजाब के महाराज रणजीत सिंह का निधन। महाराज रणजीत सिख साम्राज्य के संस्थापक थे।
- 1914 : अमेरिका ने इथियोपिया के साथ वाणिज्य संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
- 1940 : रोमानिया पर सोवियत सेना ने हमला किया।
- 1957 : ब्रिटेन की मेडिकल रिसर्च काउंसिल ने 25 वर्ष के रिसर्च के आधार पर एक रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि धूम्रपान के कारण फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा रहता है।
- 1964 : भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का संग्रहालय तीन मूर्ति भवन को बनाया गया।
- 1967 : विश्व का पहला एटीएम लंदन के एनफील्ड में स्थापित किया गया।
- 1967 : भारत में निर्मित प्रथम यात्री विमान एसएच 748 को इंडियन एयरलाइंस को सौंपा गया।
- 1991 : युगोस्लाविया की सेना ने स्लोवेनिया पर हमला किया था। इस देश को मात्र स्वतंत्र हुए 48 घंटे ही हुए थे
- 2002 : जी-8 देश परमाणु हथियार नष्ट करने की रूसी योजना पर सहमत हुआ।

## टीबी मरीजों का बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड

रांची: राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तहत राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा अभियान निदेशक डॉ भुवनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में इलाजरत सभी टीबी मरीजों का आयुष्मान कार्ड बनाने, परिवार के सभी सदस्यों की जांच करने का निर्देश दिया गया। वहीं जिलों में काम करने वाले सभी पीपीएम कोऑर्डिनेटर को अपने जिलों के सरकारी एवं प्राइवेट अस्पताल के साथ समन्वय स्थापित कर टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

**भुगतान** उत्पादक कंपनियों को समय पर हो सकता है भुगतान

# जुलाई से जेबीवीएनएल को राजस्व में होगी 880 करोड़ की वृद्धि

राष्ट्रीय खबर



**राची:** झारखंड बिजली वितरण निगम को इस साल से राजस्व घाटा कम होने की संभावना है। विद्युत नियामक आयोग की ओर से नयी बिजली दरें लागू हो गयी है। इसके साथ ही जुलाई से बिलिंग में असर देखा जायेगा। जहां उपभोक्ताओं को बिल में बोझ का एहसास होगा। वहीं, जेबीवीएनएल को इससे राजस्व में बढ़ोतरी होगी। जेबीवीएनएल ने नियामक आयोग के दरों पर उपभोक्ताओं की संख्या के अनुसार आंकलन किया है। जिसके अनुसार निगम को हर महीने लगभग 73 करोड़ रुपए राजस्व में लाभ होगा। जबकि सालाना ये आंकड़ा 880 करोड़ रुपए का होगा। नयी दरें घोषित होने के पहले तक निगम को हर महीने लगभग 450 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्ति थी। ऐसे में इस राशि में जुलाई से वृद्धि दर्ज की जायेगी। बता दें निगम के राजस्व वसूली का मुख्य स्त्रोत बिजली बिल से वसूली गयी राशि है। जिससे निगम डीवीसी, एनटीपीसी, इंलैंड पावर, आधुनिक पावर, सेंट्रल पावर एक्सचेंज समेत अन्य बिजली उत्पादक कंपनियों को बिजली खरीद के लिये भुगतान करती है। निगम के पास अलग-अलग कनेक्शन के लगभग 49 लाख उपभोक्ता है।

जेबीवीएनएल को सबसे अधिक बढ़ोतरी फिक्स चार्जेस से हुई है। आंकलन की मानें तो अलग अलग कनेक्शन के लिये फिक्स चार्जेस में 20 से 40 रुपए तक की वृद्धि की गयी है। ये वृद्धि ग्रामीण, शहरी और एचटी उपभोक्ताओं के लिये की गयी है। इससे निगम के आय में बढ़ोतरी 53 .23 करोड़ रुपए की होगी। कर्मिशयल कनेक्शन की बात करें तो, शहरी, ग्रामीण और एचटी कॉमर्शियल उपभोक्ताओं से कुल 8।40 करोड़ का लाभ निगम को मिलेगा। कृषि कनेक्शन के कुल उपभोक्ता लगभग 84 हजार है। ऐसे में सिंचाई कार्य से होने वाला लाभ लगभग 1।85 करोड़ है। एचटी उपभोक्ताओं से आय 4।45 करोड़, एचटीएसएस कनेक्शन से रुपए 0.48 करोड़ की वृद्धि, रेलवे आर्मी, स्ट्रीट लाइट समेत अन्य बिजली कनेक्शन से लगभग 0.287 करोड़ रुपए की वृद्धि होगी।पिछले तीन साल से राज्य में जेबीवीएनएल के राजस्व नुकसान की भरपाई आम जनता को करनी पड़ी है। राजस्व नुकसान के कारण निगम बिजली उत्पादक कंपनियों का बिल भुगतान नहीं कर पाती है। ऐसे में डीवीसी, आधुनिक पावर समेत सेंट्रल पुल से भी बार बार बिजली कटौती की जाती है। ऐसे में राजस्व में बढ़ोतरी होने से इस समस्या का समाधान संभव है। जिससे लोगों को भी निर्बाध बिजली मिलेगी।

## ढुल्लू महतो के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक जारी



राष्ट्रीय खबर

**राची:** भाजपा नेत्री से रेप के प्रयास मामले में डिस्चार्ज पिटिशन के खारिज होने को चुनौती देने वाली भाजपा भाजपा विधायक ढुल्लू महतो की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की कोर्ट ने ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण मामले में चल रही निचली अदालत की कार्यवाही( ट्रायल) पर अगली सुनवाई तक रोक जारी रखी है। अगली सुनवाई सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी।मामले में सूचक (पीड़िता) की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला ने पैरवी की। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अजय कुमार शाह ने पैरवी की। इस मामले में ढुल्लू महतो के खिलाफ निचली अदालत में अदालत में चार्ज फ्रेम पर सुनवाई होनी है। मामले की सूचक भाजपा नेत्री है। पूर्व में कोर्ट ने मामले में कोर्ट ने निचली अदालत से एलसीआर की मांग की थी। धनबाद की निचली अदालत ने ढुल्लू महतो के खिलाफ यौन शोषण मामले में संज्ञान लिया था। धनबाद की निचली अदालत में ढुल्लू महतो की ओर से 28 मार्च 2022 को मामले में डिस्चार्ज पिटिशन दाखिल की गई थी। जिस पर सुनवाई के पश्चात निचली अदालत ने 20 मई 2022 को ढुल्लू महतो की डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। जिसे ढुल्लू महतो ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि भाजपा नेत्री ने विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ रेप के प्रयास मामले में कतरास थाना में कांड संख्या 178/ 2019 दर्ज कराई थी।

## पूर्व एसडीओ चैनपुर सत्यप्रकाश को 13 माह का वेतन नहीं मिलेगा

राष्ट्रीय खबर

**निलंबित**

**राची:** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व तत्कालीन एसडीओ चैनपुर (गुमला) सत्यप्रकाश को निलंबन अवधि 13 माह से अधिक का वेतन भुगतान नहीं किया जायेगा। उन्हें सिर्फ निलंबन अवधि के दौरान मिलने वाले जीनव निर्वाह भत्ता ही दिया जायेगा। हालांकि, निलंबन अवधि का उनके पेंशन पर असर नहीं पड़ेगा इसे कार्यावधि में ही मानकर भुगतान किया जायेगा। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।उनके ऊपर पर मुख्यालय चैनपुर में आवासति नहीं रहने,अनाधिकृत रूप से अपने नियंत्रणाधीन क्षेत्र से बाहर जाकर वाहनों की चेकिंग एवं जुमार्ना वसूली करने संबंधित आरोप लगे थे। पूरे मामले में 1 जुलाई 2020 को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया था। इसके बाद विभागीय कार्यवाही चलायी गयी। इसमें इन्हें असंचयात्मक प्रभाव से तीन वेतन वृद्धि भी रोकी गयी। झाप्रसे अधिकारी ने सरकार से अपील अभ्यावेदन किया ओर निलंबन मुक्त करने और सेवा विनियमित करने की मांग की गयी। पूरे मामले में वे 1 जुलाई 2020 से 17 अगस्त 2021 तक निलंबित रहें। सरकार ने अभ्यावेदन पर विचार किया और स्पष्ट आदेश दिया कि निलंबन अवधि में सिर्फ जीवन निर्वाह भत्ता दिया जायेगा, इसके अलावा कुछ भी नहीं दिया जायेगा। परंतु निलंबन अवधि की गणना पेंशन प्रयोजनार्थ कर्तव्य पर बितायी गयी अवधि के रूप में मान्य होगी।

## उषा मार्टिन के जीएम प्रमोद फत्तेपुरिया के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

राष्ट्रीय खबर



**राची:** उषा मार्टिन कंपनी के जीएम प्रमोद कुमार फत्तेपुरिया के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में प्रमोद कुमार द्वारा दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी के कोर्ट में प्रमोद कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। उनकी ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने बहस की। आयरन ओर की माइनिंग से जुड़े केस में बड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले महीने उषा मार्टिन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उषा मार्टिन के खिलाफ 190 करोड़ रुपये से जुड़े आयरन ओर के केस में रांची ईडी कोर्ट में चार्जशीट दायर की गयी थी।

## झारखंड में अवैध हथियार के सहारे एटीएम, बैंक और कैश वैन की सुरक्षा

राष्ट्रीय खबर



**राची:** झारखंड के अलग-अलग जिलों में अवैध हथियार के सहारे एटीएम बैंक और कैश वैन की सुरक्षा की जा रही है। गुमला जिले की पुलिस ने इस मामले का खुलासा किया है। गुमला जिले की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी आर्म्स लाइसेंस बनाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 बंदूक (सात डीबीबीएल, पांच एसबीबीएल) और 63 गोली के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए लोगों में धनबाद जिले के रेशम बहादुर श्रेष्ठ उर्फ थापा और बिहार के भोजपुर जिला निवासी वर्तमान में शास्त्री नगर गुमला में रहने वाले धीरज कुमार सिंह के नाम शामिल हैं।फर्जी आर्म्स लाइसेंस देने वाले गिरोह झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों में फर्जी आर्म्स लाइसेंस देकर विभिन्न बैंकों में सुरक्षा गार्ड और अन्य स्थानों पर लोगों को नौकरी कराते थे। जांच में फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस फजीर्वाड़ा का खुलासा करते हुए विभिन्न जिलों के डीसी को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। पुलिस ने गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, रांची और धनबाद जिले में सत्यापन कर इस मामले का उद्भेदन किया है। इस गिरोह के द्वारा दी गई लाइसेंस की जांच की गई, जांच में सभी लाइसेंस फर्जी पाए गए।

# चारो तरह छाया मॉनसून, सिमडेगा में सबसे अधिक बारिश



### झारखंड में पिछले 10 वर्षों में कितनी बारिश हुई

वर्ष2013-844.9मिमी
वर्ष2014--930.3मिमी
वर्ष2015- 941.9मिमी
वर्ष2016-मिमी1101.8मिमी
वर्ष2017-मिमी 988.1मिमी
वर्ष2018-मिमी 785मिमी
वर्ष2019-मिमी 858.9मिमी
वर्ष2020- मिमी 902.4मिमी
वर्ष2021 - 1041.5मिमी
वर्ष2022- 817.6मिमी

राष्ट्रीय खबर







**राची:**झारखंड में मॉनसून पूरी तरह छा चुका है। रांची समेत दिन साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा, दुमका और देवघर में बारिश हुई, लेकिन रांची सहित आसपास के है।पिछले 24 घंटे में झारखंड में लगभग सभी स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की ज्यादातर जिलों में रूक-रूककर बारिश हो रही है। रविवार सुबह से राजधानी रांची समेत आसपास के जिलों में जमकर बारिश हुई है। सोमवार सुबह से ही रांची में बादल छाए रहे और थोड़ी-थोड़ी देर पर बारिश होती रही। बता दें कि 18 जून तक लोगों का गर्मी और लू से बुरा हाल था। मौसम विभाग ने कहा था कि 25 से 27 जून के बीच मॉनसून पूरे झारखंड में छा जाएगा और अच्छी बारिश होगी। इस वर्ष मॉनसून एक सप्ताह देरी से झारखंड में प्रवेश किया। आमतौर पर 12-14 जून के बीच झारखंड में दस्तक देने वाला मॉनूसन इस बार संताल परगना के रास्ते 19 जून को झारखंड में प्रवेश किया। पहले जिलों में कम बारिश हुई। बीते दो दिनों से रांची समेत पास के जिलों में अच्छी बारिश हो रही वर्षा हुई। जबकि कहीं-कहीं भारी बारिश भी दर्ज की गई। राज्य में मॉनसून की सक्रियता सामान्य रही। सबसे अधिक वर्षा 122।6 मिमी सिमडेगा में दर्ज की गई। वहीं सबसे अधिक तापमान 37.0डीग्री डालटनगंज का रहा। जबकि सबसे कम कम तापमान 20.4डीग्री रांची में दर्ज किया गया।

